# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-03-2023

# गीडा थाना पर पीस कमेटी की बैठक

पिपरौली (एसएनबी)। गीडा थाना मुख्यालय पर एसडीएम सहजनवा सुरेश राय, गीडा एसएचओ मदन मोहन मिश्र की अध्यक्षता में आने वाले त्योहारों के मद्देनजर एक पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसडीएम सहजनवां सुरेश राय ने कहा कि शबेबारात और होली के पर्व को हमें शांतिपूर्ण और उल्लास के माहौल में मनाना है। अराजकता की किसी भी स्थिति में प्रशासन सदैव आप लोगों के साथ है। एसएचओ मदन मोहन मिश्र ने बताया कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में अगर अराजकता की स्थिति व्याप्त होती है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें पुलिस सदैव तत्पर रहेगी। इस अवसर पर पिपरौली चौकी इंचार्ज आलोक कुमार राय, धनंजय सिंह, अब्दुल खालिक, लक्ष्मी सिंह, गंगा पांडेय, श्रीराम शर्मा उर्फ मोनू शर्मा, डॉ. रामचंद्र, चंद्र कुमार सिंह, सुनील निगम, देवी शरण लाल सहित दर्जनों कि संख्या में दोनों धर्म के धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

# होली व शबेबारात को लेकर कप्तान ने मातहतों को किया अलर्ट

**गोरखपुर (एसएनबी)।** होली और शब्बा-ए- बारात त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने को लेकर बुधवार को पुलिस लाइन में एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने समीक्षा बैठक की है। उन्होंने मातहतों को निर्देश दिया है कि होली व होलिका दहन और शब्बा-ए-बारात त्योहारों को देखते हुए सभी थानेदार अपने-अपने इलाके में चौकसी बरतें साथ ही खलन डालने वालों पर कड़ा एक्शन लेने का निर्देश दिया है।

**त्योहारों को देखते हुए पुलिस लाइन में बैठक**

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि सभी थाना क्षेत्रों मे जितने भी स्थानों पर होलिका दहन होता है उसकी सूची तैयार करते हुये संबंधित बीपीओ को उसके नोडल के रूप में नियुक्त करें जिससे प्रत्येक दिवस शाम के समय वहां पर भ्रमण करके शांति व्यवस्था के संबंध मे सूचना एकत्रित की जा सके।

होली के त्योहार के संबंध में जितने भी जुलूस, शोभायात्रा पारंपरिक रूप से निकलती है उनके रूट का भ्रमण संबंधित एसडीएम, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी थानाध्यक्ष व आयोजकों के साथ संयुक्त रूप से पैदल अथवा दो पहिया वाहन के माध्यम से किया जाय ।

सभी थाना क्षेत्र में पीस कमेटी के अलावा सभी होलिका दहन आयोजकों जुलूस व अन्य बड़े आयोजनों के आयोजकों के साथ भी एक विशेष मीटिंग करके उचित दिशा निर्देश दिये जाये।

विगत वर्षो मे जहां जहां पर होली के त्योहार के समय पर जो भी घटनाएं दुर्घटनाएं हुई है वहां पर थाना प्रभारी मौका



मुआयना कर संबंधित लोगो से वार्ता करें व उन घटनाओं में सम्मिलित व्यक्तियों को भारी मुचलके से पाबन्द करवायें ।

होलिका दहन व जुलूस इत्यादि के संबंध मे जो भी प्रचलित विवाद हों उनको समय से मजिस्ट्रेट के सहयोग से स्थानीय लोगो से वार्ता कर हल कराया जाये ।

विगत एक वर्ष मे जहां जहां पर भी जातिगत, सांप्रदायिक व अन्य विवाद प्रकाश मे आये हैं वहां पर विशेष सतर्कता बरतते हुए अराजक तत्वों को भारी मुचलके से पाबंद कराया जाये व पर्याप्त मात्रा मे फोर्स की ड्यूटी लगायी जाये जिससे कि घटना की पुनरावृत्ति न हो सके ।

थाने पर उपलब्ध दंगा नियंत्रण उपकरणों का परीक्षण कर लिया जाये व सभी पुलिस कर्मियों को उनके नाम से आवंटित कर दिया जाये ।

आगामी दिनों मे पैदल गस्त व बैरियर लगा कर चेकिंग हेतु विशेष अभियान चलाया जाये और अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके ऊपर कठोर कार्यवाही की जाये ।

सभी थाना प्रभारी प्रत्येक दिवस थाने पर पुलिस कर्मियों के साथ गोष्ठी का आयोजन करें जिसमें विगत 24 घण्टों मे होली के त्यौहार के संबंध मे की गयी तैयारियों की समीक्षा व आने वाले 24 घण्टों मे की जाने वाली गतिविधियों के के बारे में जानकारी मिल सके।

पुलिस अधीक्षक यातायात व मुख्य अग्नि शमन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने अपने स्तर से त्यौहार पर विशेष ड्यूटी चार्ट जारी करते हुये अपने अधीनस्थ कर्मियों को भी होली के त्यौहार को देखते हुए तैयार किया जाए ।

# एमकेसी हॉस्पिटल उर्फ शिया मेटरनिटी सेंटर सील

**गोरखपुर (एसएनबी)।** स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम अब धीरे-धीरे 'सेटिंग' के तहत चलने वाले नर्सिंग होमों के खिलाफ कार्यवाही तेज कर दी है। मोगलहा स्थित एमकेसी हास्पिटल उर्फ शिया मेटरनिटी सेंटर को अपर नगर मजिस्ट्रेट व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एके सिंह की टीम ने सील कर दिया। आश्चर्य की बात तो यह है कि उक्त नर्सिंग होम का पंजीकरण ही नहीं था। पिछले दो-ढाई साल से यह हास्पिटल बेखौफ चल रहा था।

**26 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया था मोगलहा स्थित हास्पिटल का ओटी सील, दी गयी पुलिस को तहरीर**

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गत 25 फरवरी को जब मोगलहा स्थित हास्पिटल का निरीक्षण किया था तब वहां चार मरीज भर्ती मिले थे। हास्पिटल प्रबंधक को तीन दिन के भीतर भर्ती मरीजों को डिस्चार्ज कर हास्पिटल खाली करने का नोटिस दिया गया था। इसके बाद अगले ही दिन एमकेसी हास्पिटल उर्फ शिया मेटरनिटी सेंटर का ओटी सील कर दिया गया था। इसके बाद आज एक मार्च को अपर नगर मजिस्ट्रेट एवं नोडल अधिकारी डा. एके सिंह की टीम मोगलहा पहुंची और एमकेसी हास्पिटल का फिर से निरीक्षण किया और हास्पिटल को सील कर दिया। हास्पिटल का पंजीकरण ही नहीं था फिर भी पिछले दो-ढाई साल से चल रहा था। सूत्रों की मानें तो इस मामले में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुकामी पुलिस को हास्पिटल संचालक के खिलाफ तहरीर दे दी है।



**पंजीकृत ही नहीं था हॉस्पिटल, पिछले ढाई साल से चल रहा था बेखौफ**

**भटहट तक में दिखा असर :** मोगलहा में एमकेसी हास्पिटल सील हुआ और यह मैसेज भटहट तक जा पहुंचा। आनन-फानन में कई नर्सिंग होम संचालक हरकत में आ गए। जिनके यहां मरीज भर्ती नहीं थे वे बंद करके चलता बनें। वहीं जिनके यहां मरीज भर्ती हैं उनके हाथ-पैर कांप रहे थे कि अब क्या होगा। पर टीम आगे नहीं बढ़ी और मोगलहा से ही वापस लौट गई तब कहीं जाकर नर्सिंग होम संचालकों ने राहत की सांस ली।

# नौकरी का झांसा देकर रेप, आरोपी गिरफ्तार

झंगहा (एसएनबी)। झंगहा क्षेत्र के जयरामकोल गांव निवासी सुमेर चौहान को दुष्कर्म के आरोप में झंगहा पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र के मोतीराम अड्डा से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उसके ऊ पर आरोप है कि क्षेत्र की एक युवती व बीएससी की छात्रा को नौकरी का झांसा देकर बाहर ले गया और दुष्कर्म करता रहा।

**बीएससी की छात्रा को सूरत, पूना आदि जगहों पर ले जाकर किया दुष्कर्म पुलिस ने भेजा जेल**

युवती के आरोप पर पुलिस ने सुमेर चौहान के विरुद्ध झंगहा पुलिस ने 20 फरवरी को धारा 323, 376 तथा 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। युवती का आरोप कि सुमेर चौहान उसे बहला फुसलाकर पढ़ाई लिखाई तथा नौकरी का झांसा देकर 19 सितंबर 2022 को सूरत ले गया। वहां शारीरिक संबंध बनाने के बाद एक अक्टूबर को धर्मशाला बाजार गोरखपुर में छोड़कर फरार हो गया। युवती किसी तरह अपने घर पहुंची। क्षेत्र के तीन लोगों के सहयोग से किशोरी को सुमेर चौहान पुनः 10 अक्टूबर 2022 की रात करीब 12 बजे लेकर पूना (महाराष्ट्र) लेकर चला गया। वहां वह युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा और कमरे से निकलने व किसी से बातचीत करने पर हत्या करने की धमकी देता था। पैसों के लिए युवती से लक्स कंपनी में काम करवाने लगा। 10 जनवरी 2023 को दिल्ली रेलवे स्टेशन पर युवती को छोड़कर सुमेर चौहान फरार हो गया।

# महिला होमगार्ड का झुमका लूटकर भागने वाला बदमाश गिरफ्तार

**सहजनवां (एसएनबी)।** सहजनवा थाना क्षेत्र के रमाशंकर लाल श्रीवास्तव निवासी भरवल भैंसला अपनी पत्नी महिला होमगार्ड रेनू श्रीवास्तव को बाइक पर बैठाकर गोरखपुर से गोविंदपुर शादी में जा रहे थे। सहजनवां कस्बे स्थित लुचुई ओवरब्रिज पर जैसे पहुँचे बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश पीछे से महिला होमगार्ड के कान से झुमका झपट्टा मारकर छीनकर कर फरार हो गये।

महिला का कान कट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ छिनैती का मुकदमा दर्जकर जांच कर रही थी। बुधवार को दिन 10.25 बजे थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस गश्त पर निकली हुई थी। तभी सूचना मिली कि महिला होमगार्ड का झुमका छीन कर फरार चल रहा बदमाश अंगद निषाद पुत्र दिलीप निषाद निवासी लक्ष्छीपुर, थाना गोरखपुर अपने साथी रंजीत चौहान पुत्र वीरेंद्र चौहान निवासी बनकटा, थाना गोरखनाथ के साथ मुड़कटिया बाग तिराहे पर खड़ा है।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच कर एक बदमाश अंगद निषाद को पकड़ लिया। जबकि मौके देख दूसरा बदमाश रंजीत चौहान फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश के पास से छिनैती किया गया सोने का झुमका तथा एक काली पल्सर बाइक बरामद कर जेल भेज दिया।

**दूसरा साथी गोरखनाथ इलाके के रहने वाले की तलाश तेज**

# नर्सिंग होम मिला अपंजीकृत तो दर्ज होगा केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शहर में जब अपंजीकृत हास्पिटल एक-दो माह नहीं बल्कि पिछले ढाई साल से संचालित हो रहा था तो ग्रामीण क्षेत्रों का हाल क्या होगा? यह सब स्वास्थ्य महकमा के ही धुरंधरों की मिलीभगत से चल रहा था और जिम्मेदारों को इसकी भनक तो लगी लेकिन विलंब से। इस तरह के हास्पिटल-नर्सिंग होम के संचालकों के खिलाफ अब कार्यवाही के साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार मुकदमा भी दर्ज कराएंगे। इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। सीधे-सीधे यह साफ होता जा रहा है कि अपंजीकृत हास्पिटल आखिर किसकी शह पर संचालित हो रहे थे। कहीं ना कहीं विभाग के किसी कर्मचारी-अधिकारी का शह जरूर रहा होगा।

मेडिकल कालेज के पहले मोगलहा है जहां एक नर्सिंग होम जो पिछले दो-ढाई साल से चल रहा था लेकिन इसके संचालक ने पंजीकरण तक नहीं कराया था। सवाल यहां यह उठता है कि जिम्मेदार क्या कर रहे थे? बगैर सेटिंग के तो हास्पिटल का संचलन संभव नहीं है। कहीं ना कहीं स्वास्थ्य विभाग के ही किसी अधिकारी-कर्मचारी का हाथ रहा होगा। एवज में यह हर माह या एक साल में पैसा लेता होगा। फिलहाल अब इसपर भी पड़ा धूल जल्द ही साफ हो जाएगा क्योंकि यह प्रकरण अब पुलिस के हाथ में पहुंचने वाला है? स्वास्थ्य विभाग की टीम अब हास्पिटल-नर्सिंग होम के निरीक्षण के दौरान अगर वह पंजीकृत नहीं मिला तो मुकामी पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर भी दे रही है। माना जा रहा है कि पुलिस यह पता जरूर लगा लेगी कि किस कर्मचारी-अधिकारी की शह पर वह हास्पिटल चला रहा था। वैसे सूत्रों की मानें तो स्वास्थ्य विभाग के पास तो पंजीकृत हास्पिटल-नर्सिंग होमों की लिस्ट है लेकिन अपंजीकृत की नहीं। ऐसे में कोई ना कोई इसकी शिकायत करता है तब स्वास्थ्य महाकमा हरकत में आता है।

> शहर में जब अपंजीकृत नर्सिंग होम चल रहे हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों का क्या होगा हाल
>
> स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत का है नतीजा जिसकी कलई धीरे-धीरे खुल रही है
>
> मोगलहा में हास्पिटल के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद मुकदमा दर्ज कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मुकामी पुलिस को दी तहरीर

चर्चा तो यह भी है कि शहर में ही दर्जनों हास्पिटल-नर्सिंग होम ऐसे हैं जिनका पंजीकरण नहीं है फिर भी चल रहे हैं। यहां मरीजों की भर्ती भी होती है और आपरेशन भी। पोल उस वक्त खुलती है जब कोई ना कोई घटना हो जाती है। इस तरह के हास्पिटल को चलाने वाला सेटिंग के तहत डाक्टरों को भी पैसा देकर उनको बुला लेता है और मरीज को दिखा देता है।

**सूत्रों को करना होगा तेज :** स्वास्थ्य विभाग को अब अपने सूत्रों को तेज करना होगा। तब कहीं जाकर उनको अपंजीकृत हास्पिटलों के बारे में जानकारी मिल सकेगी। शहर और शहर के इर्द-गिर्द के ग्रामीण क्षेत्रों में तमाम हास्पिटल संचालित हैं लेकिन ज्यादातर के पास पंजीकरण संबंधी कागजात नहीं है। फिर भी वे बेखौफ संचालित हो रहे हैं। चर्चा तो इस बात को लेकर भी है कि इस तरह के हास्पिटल संचालक हर माह स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को अच्छी रकम देते रहे हैं, तभी तो विभाग मेहरबान था।

# लिफ्ट देकर महिला से जंगल में जेवरात लूटने वाला शातिर अरेस्ट

**GORAKHPUR (1 March):** खोराबार पुलिस ने लूट के आरोपी रामपुर पड़ाव निवासी चंद्रशेखर चौधरी को अरेस्ट कर लिया. उसके पास से लूट के जेवरात बरामद हुए है. पुलिस ने उसे मंगलवार को बुढ़िया माता मंदिर रोड से पकड़ा. एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई के अनुसार जंगल चवरी निवासी सन्तराजी देवी मंगलवार की दोपहर जंगल के रास्ते पैदल ही अपनी बहन के दामाद रामप्रीत के घर जा रही थी. तभी एक युवक बाइक से आया और खुद को उसका परिचित चंद्रशेखर बताया, साथ ही उसे लिफ्ट देने की बात कह गाड़ी पर बैठा लिया. कुस्मही जंगल क्रॉसिंग के पास डरा धमका कर युवक में महिला के कान का टॉप्स व सोने की जिउतिया लूट लिया. महिला की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज से उसकी पहचान की. जिसके बाद उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.

# साहेबान... ये जगमगाते भवन गोरखपुर के अट्रैक्टिव थाने हैं

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

**मॉल जैसे लुक में नजर आ रहा गोरखनाथ थाना**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (1 March):** थाना ऐसी जगह है, जहां पर कोई जाना नहीं चाहता है. एक तरफ खाकी का डर तो दूसरी तरफ खंडहर टाइप थाने पहले लोगों का डराते थे. लेकिन गोरखपुर में इस समय ऐसे अट्रैक्टिव थानों को निर्माण हो रहा है, जिसे देखकर हर किसी का अंदर जाने को जी करेगा. जिले को सबसे हाइटेक गोरखनाथ थाना बनकर तैयार है. इसका मॉल जैसा लुक हर किसी को देखने को मजबूर कर देता है. इसी तरह गोरखपुर में कोतवाली, शाहपुर, राजघाट थाने की तस्वीर बदल चुकी है. साथ ही तारामंडल में पैडलेगंज चौकी भी लोगों को अट्रैक्ट कर रही है.

## 17 करोड़ से हाइटेक बना गोरखनाथ थाना

जिले का सबसे आधुनिक गोरखनाथ थाना भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड डिवीजन ने कराया है. 10 हजार स्क्वेयर फिट में बने इस भवन का निर्माण कार्य मार्च 2021 में शुरू किया गया था. इस भवन को बेसमेंट से लेकर पांच मंजिला बनाया गया है. 17.10 करोड़ रुपए की लागत से बना यह भवन जिले का सबसे हाइटेक थाना है.

**i SPECIAL**



मॉल लुक में नजर आने लगा है गोरखनाथ थाना.



"गोरखपुर में थानों को अत्याधुनिक बनाया जा रहा है. इसमें सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी. इसी क्रम में कैंट थाने का भी रेनोवेशन किया जा रहा है. जल्द ही उसका भी स्वरूप बदल जाएगा.

**कृष्ण कुमार बिश्नोई,**
एसपी सिटी




रोशनी-हरियाली से शाहपुर थाना गुलजार.

## हाइटेक थाने की सुविधा

थाने में महिला-पुरुष लॉकअप के साथ मीटिंग हॉल बनाया गया है. इसके अलावा कांस्टेबलों के लिए बैरक का भी निर्माण कराया गया है. बताया जा रहा कि इस तरह का थाना भवन पूर्वांचल में कहीं नहीं है. इस भवन के निर्माण में इस बात का ध्यान रखा गया है कि पुलिस के लिए भवन में जिस प्रकार की सुविधाएं जरूरी हैं, वह मिलें.



कॉरपोरेट लुक में कोतवाली थाना.

## लाइट से जगमगा रहा थाना

गोरखपुर के गोरखनाथ, कोतवाली, राजघाट और शाहपुर थाने रात की लाइट में जगमगाते हैं. दूर से ही इन थानों की चमक दिखाई देती है. इसी तरह कैंट थाने की पीछे नया भवन बन रहा है. बहुत जल्द कैंट भी हाइटेक थाने के रूप में दिखाई देगा.




झालरों से जगमग राजघाट थाना.

**मीटिंग** एडीएम सिटी की अध्यक्षता में हुई जिला शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक

# 'त्योहार में शांति व्यवस्था भंग की तो जाएंगे हवालात'

होली व शब-ए-बारात के पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



बैठक में मौजूद पुलिस-प्रशासन के अधिकारी.

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (1 March): एडीएम विनीत कुमार सिंह ने कहा कि होली व शब-ए-बारात को सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तत्पर है. त्योहारों में शांति व्यवस्था को भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. वह बुधवार को एनेक्सी भवन सभागार में होली व शब-ए-बारात पर्व को लेकर आयोजित जिला शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक को बतौर अध्यक्ष संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि त्योहारों के अवसर पर बिजली एवं जल आपूर्ति बाधित न होने पाए.

### चलाएं विशेष अभियान

विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए. नाला सफाई के दौरान निकले मलबे को बिना देर किए हटा दिया जाए. इसके लिए नगर निगम समुचित व्यवस्था करे. बिजली विभाग जर्जर तारों को समय से सही करा ले. बैठक में शांति एवं सद्भावना समिति के सदस्यों की ओर से सुझाव प्रस्तुत किए गए, उन्होंने सुझावों को अमल में लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया.

### ड्रोन से हो रही है निगरानी

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए रूटमार्च किया जा रहा है. ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है. उन्होंने मस्जिदों, मजारों के व्यवस्थापकों से अपील की कि मुख्य मार्ग पर सीसी कैमरा जरूर लगवाएं. थानावार शांति समिति की बैठकें आयोजित की जाएं. सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिसबल की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी.

## 'साफ-सफाई का हो इंतजाम'



GORAKHPUR (1 March): इमामबाड़ा मुतवल्लियान कमेटी के जिला सदर सैयद इरशाद अहमद की अध्यक्षता में एक बैठक हुई. मोहल्ला रसूलपुर सैयद वसीम इकबाल के आवास पर हुई इस बैठक में 7 मार्च को मनाई जाने वाली शब-ए-बरात पर चर्चा की गई. संचालन कमेटी के महासचिव हाजी सोहराब खान ने किया. बैठक की शुरुआत मौलाना तमीर अहमद अजीजी के तिलावते कलाम पाक से हुई. इरशाद ने जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन से मस्जिद, दरगाह और कब्रिस्तान पर साफ-सफाई के साथ पथ प्रकाश का मुकम्मल इंतजाम करने की मांग की. उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस रात पटाखों को त्योहार का हिस्सा ना बनने दें. आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव के साथ त्योहार मनाया जाए. बैठक में यह तय हुआ कि इस संबंध में कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त नगर निगम से मिलेगा और उन्हें ज्ञापन भी सौंपेगा. बैठक में सोहराब खान, सैयद वसीम इकबाल, हाजी नौशाद खान, शकील शाही, मिन्नत गोरखपुरी, मोहम्मद अनीस, महफूज आलम आदि मौजूद रहे.

# प्रशासन और हेल्थ डिपार्टमेंट की छापेमारी में हॉस्पिटल सील

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (1 March): अवैध रूप से चल रहे अस्पताल संचालक बेखौफ हो चुके हैं. लगातार कार्रवाई के बाद भी बिना किसी डर के अवैध अस्पताल चलाए जा रहे हैं. बुधवार को सीएमओ के निर्देश पर एडीएम सिटी और एसीएमओ मुगलहा पेट्रोल पंप स्थित एमकेसी हॉस्पिटल उर्फ शिया मेटरनिटी सेंटर को सील कर दिया.

### 25 को किया था निरीक्षण

हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम ने 25 फरवरी को एमकेसी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया. इस दौरान हॉस्पिटल में चार पेशेंट एडमिट थे. हॉस्पिटल

**i UPDATE**



मैनेजर को तीन दिन के अंदर एडमिट पेशेंट्स को डिस्चार्ज कर हॉस्पिटल खाली करने का नोटिस दिया गया था. 26 फरवरी को पुलिस की मौजूदगी में उक्त हॉस्पिटल का ओटी सील कर दिया गया था. बुधवार को टीम ने एमकेसी हॉस्पिटल उर्फ शिया मेटरनिटी सेंटर का दोबारा जायजा लिया. सभी पेशेंट डिस्चार्ज हो गए थे. एडीएम सिटी और डिप्टी सीएमओ की संयुक्त टीम ने हॉस्पिटल को सील कर दिया. डिप्टी सीएमओ डॉ. एके सिंह ने बताया कि अवैध हॉस्पिटल के खिलाफ लगातार छापेमारी की जाएगी. ऐसे हॉस्पिटल को संचालित करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# दो साल से फरार 15000 का इनामी बदमाश 41 हजार रुपए संग अरेस्ट

## पशु तस्करों को गाड़ी अवेलबल कराता है तस्कर, खोराबार पुलिस ने किया अरेस्ट

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (1 March):** खोराबार पुलिस ने एक शातिर पशु तस्कर को अरेस्ट किया है. वह दो साल से फरार चल रहा था. उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उसपर 15 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था. लेकिन, तलाशी के दौरान उसके पास से 41 हजार रुपए कैश भी पुलिस ने बरामद किए हैं. पुलिस को काफी समय से तस्कर की तलाश थी. बुधवार को खोराबार पुलिस ने उसे खोराबार फोरलेन के किनारे जितेन्द्र ढाबा के पास से दबोच लिया.

### पुलिस देता रहा चकमा

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया, पकड़े गए आरोपी की पहचान कुशीनगर परसौनी थाना पटहेरवा के



पुलिस गिरफ्त में आरोपित.

रहने वाले संतोष सिंह के रूप में हुई. जांच के दौरान पता चला कि साल 2020 में खोराबार थाने में संतोष के खिलाफ गोवध अधिनियम के तहत केस दर्ज है. उसपर पुलिस ने इनाम भी रखा था. लेकिन, वह हर बार पुलिस को चकमा देकर बच जाने में सफल हो जाता था.

### तस्करी के लिए गाड़ी मुहैया करता था संतोष

पूछताछ में आरोपी ने बताया, वह गोरखपुर शहर के विभिन्न इलाकों से छुट्टा पशुओं की चोरी करता है. इसके बाद इन पशुओं को कुशीनगर के रास्ते बंगाल और बंगलादेश भेज देता है. जहां जानवरों का वध करने के लिए उसकी अच्छी कीमत मिलती है. तस्कर ने पुलिस को यह भी बताया, इस काम में वह अकेला नहीं है, बल्कि इसके पीछे कुशीनगर के कई बड़े गैंग काम कर रहे हैं. संतोष का काम इस गैंग में पशुओं की चोरी करने के लिए गाड़ी मुहैया कराना था. वह तस्कर गैंग को गाड़ी उपलब्ध कराता था.

### पुलिस को देखते ही हमला कर देते तस्कर

बीते दिनों कई तस्कर पकड़े जा चुके हैं. जबकि, कई अभी भी पशु तस्करी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. इस गैंग की खास बात यह है कि पशुओं को चोरी करते वक्त अगर इनका कोई विरोध करता है तो तस्कर उसपर जानलेवा हमला कर देते हैं. कई बार तस्करों ने पुलिस की गाड़ी में टक्कर मारी है तो कई बार ईंट- पत्थर से पुलिस जवानों पर हमला भी किया है. एसपी सिटी ने बताया, जल्द ही इस गैंग के अन्य सदस्यों को भी पकड़ लिया जाएगा.

**लगन** गोरखपुर जेल के बंदियों के हुनर को निखार रहा जेल प्रशासन


# हुनरमंद बंदियों ने उकेरे मोदी-योगी और बोस

**INSPIRE**

### कंप्यूटर ट्रेनिंग और खेलकूद के भी दावपेंच सीख रहे बंदी

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (1 March): अपने गुनाहों की वजह से जेल गए बंदी अब सुधरना चाहते हैं. उनके अंदर कुछ और भी हुनर है, उसे समाज को दिखाना चाहते हैं. ऐसे बंदियों के हुनर को जेल प्रशासन भी निखार रहा है. जेल के अंदर ही बंदियों को सुबह कंप्युटर चलाने की ट्रेनिंग और शाम को खेल के दाव-पेंच सिखाने कोच आ रहे हैं. यही नहीं कुछ बंदी गोरखपुर ओडीओपी टेराकोटा को देश में अलग पहचान दिलाने के लिए भी काम कर रहे हैं. इन बंदियों ने मोदी-योगी की टेराकोटा की प्रतिमा बनाई है. जिसे देखकर लोग हैरत में पड़ जा रहे हैं.



बंदियों से मिट्टी से गढ़ी मोदी-योगी और बोस की प्रतिमा.

### एग्जीबिशन में रखी जाएंगी प्रतिमा

जेल में बंदियों द्वारा महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. भीमराव अंबेडकर समेत कई महापुरुषों की प्रतिमा को बनाया गया है. इन प्रतिमाओं को गोरखपुर महोत्सव में भी लगाया गया था. प्रतिमाओं को देखकर लोगों ने खूब सराहना भी की थी. अब इन प्रतिमाओं को प्रदर्शनी में भी लगाने की तैयारी जेल प्रशासन कर रहा है. इन प्रतिमाओं को आम जनता के लिए भी बाजार में अवेलबल कराया जाएगा, ताकि बिक्री से जो पैसे मिलें. वो बंदियों के काम आ सकें.

### दूसरे बंदियों को भी ट्रेनिंग

ओडीओपी में चयनित टेराकोटा का काम करने के लिए ऐसे बंदियों को सेलेक्ट किया गया है, जो कुम्हार का काम जानते हैं. महापुरुषों की प्रतिमा बनाने का काम जानने के साथ ही ये अन्य बंदियों को भी इसकी ट्रेनिंग दे रहे हैं. इस काम में एक दर्जन से अधिक बंदी लगे हैं. बंदी मिथुन कुमार की देखरेख में यह कार्य हो रहा है.

### शाम को होता है खेलकूद

इसी तरह इंडियन ऑयल की तरफ से ही खेलकूद भी बंदियों को सिखाया जा रहा है. इस समय वालीबॉल के ट्रेनर डेली जेल में जाकर बंदियों को खेल की बारिकियां सीखा रहे हैं.

### इंडियन ऑयल दे रहा ट्रेनिंग

इंडियन ऑयल ने भारत सरकार से टाइअप किया है, जिसके तहत प्रदेश के जेलों में बंदियों के हुनर को बढ़ावा देने के लिए इंडियन ऑयल काम कर रहा है. गोरखपुर जेल में एक फरवरी से बंदियों की कंप्यूटर की क्लास चलाई जा रही है. इसके लिए बाकायदा इंडियन ऑयल की तरफ से ट्रेनर जाते हैं. जो कंप्यूटर की बेसिक जानकारी बंदियों को दे रहे हैं. इस समय कुल 25 बंदी कंप्यूटर चलाने की ट्रेनिंग ले रहे हैं.



**"बंदी बाहर जाकर अच्छा काम कर सकें. इसके लिए उनके हुनर को चमकाया जा रहा है. कंप्यूटर और टेराकोटा से प्रतिमा बनाने की कला सीखकर बंदी बाहर जाकर खुद से कुछ कर सकेंगे. अधिक से अधिक बंदियों को ट्रेनिंग देने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वह अपराध छोड़कर अच्छे काम कर समाज में अपनी अलग पहचान बना सकें.**

**ओमप्रकाश कटियार,**
जेल अधीक्षक

# तिहरे हत्याकांड में हत्यारोपित की बेटी से पुलिस ने की पूछताछ

### हत्यारोपित नीलम की पुत्री मोंटी उर्फ शिवांगी नाना के साथ थाने पहुंची

gorakhpur@inext.co.in

SAHJANWA (1 March): सहजनवां थाना क्षेत्र के सहबाजगंज में तिहरा हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने बुधवार को घंटों मोंटी उर्फ शिवांगी से पूछताछ की. यद्यपि घटना की मुख्य गवाह मोंटी ने पहले वाली बातों को ही दोहराया. सहजनवां पुलिस हत्याकांड में मोंटी व सुभावती देवी को मुख्य गवाह बनाया है. दोनों घटना के समय वहीं मौजूद थीं.



### बंद कमरे में की पूछताछ

संत कबीर नगर के महुली थाना क्षेत्र के करीं धर्मशाला निवासी अपने नाना हरचू गुप्ता के साथ पहुंची शिवांगी से पुलिस ने बंद कमरे में घंटों पूछताछ की, मगर शिवांगी ने पुरानी बातों को दोहराते हुए कुछ नया नहीं बताया. पुलिस का कहना है कि वह अभी कुछ नया नहीं बता रही है. आगे अभी जांच व पूछताछ चलेगी. पुलिस ने शिवांगी को लेकर पहुंचे नाना के साथ भी बंद कमरे में पूछताछ की.

### 25 फरवरी को की थी हत्या

सहजनवां नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच सहबाजगंज के अवधेश गुप्ता और उसके दो बच्चों की दूसरी पत्नी नीलम ने 25 फरवरी की रात चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी थी. तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हत्यारोपित को चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. स्वजन व आमजन ने सवाल खड़ा किया कि तीन लोगों की हत्या अकेली महिला कैसे कर सकती है. घटना में कोई और भी शामिल होगा. साथ ही यह भी सवाल उठे कि घटना के समय हत्यारोपित की बेटी और हत्याकांड की मुख्य गवाह शिवांगी उर्फ मोंटी को पुलिस ने क्यों छोड़ दिया. इन सवालों का पटाक्षेप करने के लिए बुधवार को सहजनवां पुलिस ने हत्यारोपित नीलम की पुत्री शिवांगी को थाने बुलाया.

**25** फरवरी की रात पत्नी ने पति व दो सौतेले बेटो की कर दी थी हत्या




### पति-पत्नी और दूसरे की तलाश कर रही पुलिस

पुलिस अपनी जांच में पति-पत्नी और दूसरे की तलाश करने में जुटी है. इसके लिए आरोपित की पुत्री के साथ ही मृतक के स्वजन से भी जानकारी ले रही है, जिससे हकीकत सामने लाई जा सके. मृतक के घर के आसपास व रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है.

### गैर जिले के दो संदिग्ध पर पुलिस की निगाह

हत्यारोपित नीलम के पास से बरामद मोबाइल नंबर के सीडीआर से कई संदिग्ध नंबर मिले हैं. यद्यपि कोई ऐसा नंबर नहीं है, जिस पर घटना के दिन कई बार बात की गई हो. पुलिस ने दो ऐसे संदिग्धों की शिनाख्त की है जो गैर जनपद के रहने वाले हैं. वे नीलम से मिलने भी आते रहते थे.

# नौकरी का झांसा देकर रेप, आरोपित अरेस्ट

**JHANGHA:** झंगहा क्षेत्र के जयरामकोल गांव निवासी सुमेर चौहान को दुष्कर्म के आरोप में झंगहा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने उसे मोतीराम अड्डा से पकड़ा. उसके ऊपर आरोप है कि वह क्षेत्र की एक बीएससी छात्रा को नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा. युवती के आरोप है पुलिस ने सुमेर पर 20 फरवरी को मुकदमा दर्ज किया था.

# जानलेवा हमले के आरोप में छह गिरफ्तार, गांव में पीएसी तैनात

## गुलरिहा थाना क्षेत्र के बनरहा में दो पक्षों में हुआ था विवाद

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (1 March):** गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी गांव के बनरहा टोले में दो पक्षों में हुए विवाद में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने इस मामले में आठ नामजद व अन्य के विरुद्ध जानलेवा हमला, बलवा, मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. गांव में एहतियातन पीएसी तैनात कर दी गई है.




### वीडियो बनाने पर विवाद

बनकटवा टोले मे सोमवार को बरात आई थी. इसमें बगल के बनरहां टोले के भी युवक गए थे. शादी समारोह के दौरान बनरहां का सुहेल वीडियो बनाया था. इसे लेकर मंगलवार की शाम को गांव के पास स्थित बंधे पर सुहेल व गांव के ही बृजेश के बीच कहासुनी हो गई थी. कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर दिया था.

इसके बाद सुहेल ने घर पहुंच कर जानकारी दी तो स्वजन लाठी डंडा लेकर बृजेश के घर पहुंच गए और बृजेश, भाई ईतेश व पिता उमाशंकर को मारपीट कर घायल कर दिया. घटना की सूचना पर सरहरी चौकी पुलिस के साथ थाना प्रभारी गुलरिहा मनोज पांडेय ने पुलिस बल के साथ पहुंच कर घायलों को अस्पताल भिजवाया. दूसरे पक्ष के छह आरोपितो को हिरासत में ले लिया था.

### छह को भेजा जेल

एएसपी/सीओ चौरीचौरा मानुष पारिख ने भी पहुंचकर घटना की जानकारी ली थी. बुधवार को घायल बृजेश के पिता उमाशंकर की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने सुहेल, सैयद, मेहताब, पारले, बानो, खुड़बुड़, आलम, अशाब समेत कुछ अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लिए गए छह आरोपितों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया. थाना प्रभारी ने बताया कि गांव में पीएसी के जवान तैनात हैं. अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है.

# महिला होमगार्ड का बदमाशों ने लूटा झुमका

**GORAKHPUR (1 March):** बाइक सवार बदमाशों ने मंगलवार की रात नौ बजे पति के साथ जा रही महिला होमगार्ड का झुमका लूट लिया और फरार हो गए. छीनाझपटी में महिला का कान भी कट गया. तहरीर मिलने पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुट गई. बुधवार को सीसीटीवी फुटेज से पहचान करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपित गोरखनाथ थाना क्षेत्र के लच्छीपुर निवासी अंगद निषाद को बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया. साथी की तलाश चल रही है.

## पति के साथ जा रही थी

भरवल भैंसला निवासी रमा शंकर श्रीवास्तव की पत्नी रेनू श्रीवास्तव होमगार्ड हैं और गोरखपुर में तैनात हैं. मंगलवार को सहजनवां के गोविनापुर गांव में भांजे की शादी में शामिल होने पति के साथ बाइक से जा रही थीं. रात नौ बजे के करीब लुचुई ओवरब्रिज पर पहुंची थीं कि बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके दाहिने कान का झुमका छीन लिया और फरार हो गए. तेजी से खींचने के कारण कान का निचला हिस्सा कटकर निकल गया. पति ने पुलिस को सूचना दी और पत्नी को अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज किया गया. थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि मुड़कटिया बाग से बुधवार सुबह मुख्य आरोपित गिरफ्तार किया गया. दूसरा आरोपित बनकटवा निवासी रंजीत चौहान की तलाश की जा रही है.

# आग से जलकर खाक हुआ आशियाना

**CHAURICHAURA:** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डुमरी खास में सड़क किनारे झोपड़ी डालकर गुजर बसर करने वाले परिवार के आशियाने में बुधवार दोपहर आग लग गई- इससे झोपड़ी सहित सारा सामान जलकर खाक हो गया- डुमरी खास गांव के डीघवापार टोला निवासी अनिता मौर्या पति और दो बच्चों 7 वर्षीय सत्यम और 2 वर्षीय सुरभि के साथ डुमरी खास स्थित संत फ्रांसिस स्कूल के सामने सड़क किनारे झोपड़ी डालकर रहती है- बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई- आग के कारणों का पता नही चल सका है.

# गीडा थाना में पीस कमेटी की हुई बैठक



**GIDA:** गीडा थाना मुख्यालय पर एसडीएम सहजनवां सुरेश राय, गीडा एसएचओ मदन मोहन मिश्र की अध्यक्षता में आने वाले त्योहारों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई- इसमें एसडीएम ने कहा कि त्योहार शांतिपूर्ण और उल्लास के माहौल में मनाना है- इसमें सभी का सहयोग जरूरी है- एसएचओ मदन मोहन मिश्र ने कहा कि त्योहार में खलल डालने वालों के बारे में तत्काल सूचना दी जाए.

# विसरा रिपोर्ट में जहर देने की पुष्टि, गिरफ्तार

**सख्ती**

- कोतवाली पुलिस ने वर्ष 2021 में दर्ज किया था गैर इरादतन हत्या का केस
- पोस्टमार्टम में मौत होने के कारण की पुष्टि नहीं होने पर विसरा हुआ था प्रिजर्व

गोरखपुर, निज संवाददाता। बैंक से कर्ज दिलाने का झांसा देकर 2.60 लाख रुपये हड़पने और बाद में जहर देकर मारने की पुष्टि विसरा रिपोर्ट में होने के बाद कोतवाली पुलिस ने बुधवार को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। मामला 28 फरवरी 2021 का है। पुलिस ने आरोपित राजेश गौड़ को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

कोतवाली रणधीर मिश्र ने बताया कि गोरखनाथ क्षेत्र के लच्छीपुर, यादव टोला निवासी राहुल यादव ने 20 फरवरी 2021 को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हजारीपुर, निकट शीतलामाता मंदिर निवासी राजेश गौड़ ने उसके पिता दीनानाथ यादव से डेयरी का बैंक से ऋण पास कराने के लिए कमीशन के रूप में 2.60 लाख रुपये ले लिया। बाद में वह न तो ऋण पास कराया और न ही रुपये वापस कर रहा था। आरोप लगाया कि उसने रुपये वापस करने के बहाने उनके पिता को बुलाकर जहरीला पदार्थ खिला दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, लेकिन मौत के कारण की पुष्टि नहीं होने पर विसरा प्रिजर्व कर विधि विज्ञान प्रयोगशाला वाराणसी भेज दिया गया। परीक्षण रिपोर्ट में विष की पुष्टि हुई। जहर से मौत की पुष्टि होने के बाद आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसके खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी।

# मोगलहां स्थित एमकेसी हॉस्पिटल सील

**कार्रवाई**



बुधवार को मोगलहां स्थित एमकेसी अस्पताल सील करते अधिकारी।

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जिले में अपंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ प्रशासन का अभियान जारी है। बुधवार को अपर नगर मजिस्ट्रेट एवं नोडल अधिकारी डॉ. एके सिंह की टीम द्वारा मोगलहा पेट्रोल पंप के पास स्थित एमकेसी हॉस्पिटल उर्फ शिया मेटरनिटी सेंटर को पूरी तरह से सील कर दिया गया।

बीते 25 फरवरी को एमकेसी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। उस दिन चार मरीज भर्ती थे। हॉस्पिटल प्रबंधक को तीन दिन के अन्दर भर्ती मरीजों को डिस्चार्ज कर हॉस्पिटल खाली करने का नोटिस दिया गया था। अगले दिन पुलिस की उपस्थिति में हॉस्पिटल का ऑपरेशन थिएटर सील कर दिया गया था। आज एमकेसी हॉस्पिटल उर्फ शिया मेटरनिटी सेंटर का पुनः निरीक्षण किया गया। सभी मरीज डिस्चार्ज हो गए। अपर नगर मजिस्ट्रेट एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा हॉस्पिटल को सील कर दिया गया।

# पशु तस्करों का मददगार इनामी गिरफ्तार

गोरखपुर। पशु तस्करों को वाहन उपलब्ध कराने वाला कुशीनगर जिले के पटहेरवा क्षेत्र के परसौनी निवासी संतोष कुमार सिंह बुधवार को खोराबार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। वह तीन साल से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। वह एक चक्कर के लिए पिकअप पशु तस्करों से 25 हजार रुपये वसूलता था। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# महिला से रेप व लूट करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**04** लोगों पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

- पीड़िता ने दुष्कर्म और लूट की दी थी तहरीर

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा क्षेत्र में चाकू के बल पर महिला से रेप व लूटपाट करने वाले चार लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आगे की विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

पीड़िता ने मंगलवार की सुबह मुख्यमंत्री के जनता दरबार में पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई थी। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद गुलरिहा पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धारा 376, 392, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोप है कि वह 26 फरवरी की रात में घर में सोई हुई थी। मध्य रात में चार लोग पहुंचे और उसे भाभी-भाभी कह कर दरवाजा खोलने के लिए कहने लगे। वह हड़बड़ाहट में उठी और दरवाजा खोल दी। आरोप है कि चारों व्यक्ति उसका हाथ मुंह पकड़कर जबरदस्ती उठाकर बगल के खेत में लेकर चले गए और चाकू दिखाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किए। बाद में वे उसका मोबाइल व जेवर छीन कर फरार हो गए।



एनेक्सी भवन में त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एडीएम सिटी विनीत सिंह ने संबोधित किया। • हिन्दुस्तान

# शांति व्यवस्था में खलल डालना पड़ेगा भारी

- पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने दी चेतावनी, अवाम से सहयोग मांगा
- होली और शब-ए-बरात को लेकर हुई शांति एवं सदभावना समिति की बैठक हुई

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। होली और शब-ए-बरात शांतिपूर्ण और सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सख्त और सतर्क है। शांति समितियों के पदाधिकारी और सदस्य पूरी तरह मदद करेंगे। शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।

ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। होली और शब-ए-बरात शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को एनेक्सी भवन स्थित सभागार में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने महानगर शांति एवं सद्भावना समिति के पदाधिकारियों तथा सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी विनीत कुमार सिंह ने कहा है कि होली एवं शब-ए-बरात का पर्व मनाए जाने के दौरान बिजली एवं पानी की आपूर्ति अनवरत जारी रखी जाए। सफाई व्यवस्था बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराई जाए। इसके लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। नाले और नालियों से निकाला गया मलबा अविलम्ब हटा लिया जाए। इसके लिए नगर निगम तथा बिजली निगम कर्मचारी-अधिकारी सतर्क रहें। जर्जर तारों को अविलम्ब सही करा दिया जाए। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से सुझाव मांगे। शांति एवं सद्भावना समिति के पदाधिकारियों द्वारा दिए गए सुझावों को उन्होंने ध्यान पूर्वक सुना और सम्बंधित अधिकारियों को कार्यवाही के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसपी सिटी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रूटमार्च किया जाए। बैठक में सभी एडीएम, एसडीएम, पुलिस अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के सम्बंधित अधिकारियों आदि उपस्थित रहे।

# कूटरचित दस्तावेज से बदमाश को छुड़वाने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर। फर्जी चरित्र सत्यापन का कागज तैयार कर जेल से बदमाश के छूटने में मददगार बने जमानतदार को बुधवार को रामगढ़ताल पुलिस ने दबोच लिया।

आरोपी के खिलाफ मुख्य आरक्षी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान रामगढ़ताल के रसूलपुर निवासी राजीव कुमार के रूप में हुई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मुख्य आरक्षी अखिलेश कुमार ने केस दर्ज कराया है। आरोप है कि अभियुक्त साजिद अली ने जमानत पाने के लिए पुलिस के फर्जी मुहर व दस्तावेज का इस्तेमाल कर अपना फर्जी चरित्र प्रमाण पत्र बना लिया था। इसकी मदद से उसने जमानत हासिल कर ली। मामला संज्ञान में आने पर सात फरवरी को पुलिस ने केस दर्ज किया। जांच में सामने आया कि जमानतदार ने ही फर्जी दस्तावेज तैयार किया था। आरोपी को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया।

# मायके में चढ़कर ससुरालियों ने की मारपीट

झंगहा। क्षेत्र के भैरो पिपरा निवासिनी सारिका का आरोप है कि दहेज के लिए उसके ससुरालियों ने उसे मारपीट कर भगा दिया। आरोप है कि 12 फरवरी को उसके ससुराल के लोग मायके में पहुंच कर मारपीट किए। उसने झंगहा पुलिस को घटना की तहरीर दी है। एसएसपी के निर्देश पर खोराबार के चौरी लाला टोला निवासी गुड्डू विश्वकर्मा, चंद्रावती, जवाहिर सहित 16 अज्ञात पर केस दर्ज किया।

# तिहरे हत्याकांड की आरोपी महिला की बेटी से पुलिस ने की पूछताछ

**फॉलोअप**

- सहजनवा के सहबाजगंज में पति व दो बच्चों की हत्या का मामला
- तिहरे हत्याकांड में महिला की बेटी की भूमिका की हो रही जांच

**गोरखपुर, निज संवाददाता।** सहजनवा क्षेत्र के सहबाजगंज में तिहरा हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने को पुलिस ने बुधवार को घंटों मोंटी उर्फ शिवांगी से पूछताछ की।

हालांकि घटना की मुख्य गवाह मोंटी ने पहले वाली बातों को ही दोहराया। सहजनवा पुलिस हत्याकांड में मोंटी व सुभावती देवी को मुख्य गवाह बनाया है। ये दोनों घटना के समय वहीं मौजूद थे।

सहजनवा कस्बे के वार्ड नंबर पांच सहबाजगंज निवासी अवधेश गुप्ता और उसके दो बच्चों को दूसरी पत्नी नीलम ने चाकू से गला रेतकर शनिवार की रात हत्या कर दी थी। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हत्यारोपिता को चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

स्वजन व आमजन के सवाल खड़े करने पर कि तीन लोगों की हत्या अकेली महिला कैसे कर सकती है, इसकी गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुटी हुई है। परिजनों का आरोप है कि घटना में कोई और भी शामिल होगा। साथ ही यह भी सवाल उठे कि घटना के समय हत्यारोपित की बेटी और हत्याकांड की मुख्य गवाह शिवांगी उर्फ मोंटी को पुलिस ने क्यों छोड़ दिया। इन सवालों का पटाक्षेप करने के लिए बुधवार को सहजनवां पुलिस ने हत्यारोपित नीलम की पुत्री शिवांगी को थाने बुलाया और उससे पूछताछ कर घटना की जानकारी हासिल की।

# गैर इरादतन हत्या का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। कोतवाली पुलिस ने बुधवार को गैर इरादतन हत्या के आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान क्षेत्र के हजारीपुर, शीतलामाता मंदिर के पास रहने वाले राजेश गौड़ के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ धारा 406, 304 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

# जंगल मे जेवरात लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर। महिला को लिफ्ट देकर जंगल में ले जाकर उसका जेवरात लूटने वाला बदमाश बुधवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसके पास से लूट कर जेवरात बरामद कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज से उसकी पहचान की। जिसके बाद उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान क्षेत्र के रामपुर पड़ाव निवासी चंद्रशेखर चौधरी के रूप में हुई।

# कार्य में लापरवाही पर दो आरक्षी निलंबित

गोरखपुर। कार्य में उदासिनता बरतने पर एसएसपी ने खजनी थाने के दो आरक्षियों को बुधवार को निलंबित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार खजनी थाने के आरक्षी रमन कुमार वर्मा और जावेद अहमद को जनसुनवाई में लापरवाही, उदासीनता, अनुशासनहीनता, गैरजिम्मेदाराना, अकर्मण्यता तथा स्वेच्छाचारिता बरतने के आरोप में एसएसपी ने निलंबित किया है।

# मारपीट में छह गिरफ्तार गांव में पीएसी तैनात

- गुलरिहा क्षेत्र के सरहरी गांव के बंदरहा टोले में विवाद का मामला
- आठ लोगों पर केस दर्ज कर मामले की पुलिस कर रही जांच

सरहरी, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा क्षेत्र के सरहरी गांव के बंदरहा टोले में दो पक्षों में विवाद हो गया। इस घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले की कोशिश समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गांव में एहतियातन पीएसी तैनात की गई है।

सरहरी गांव के बंदरहा टोला निवासी उमाशंकर ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि 20 फरवरी की शाम को मोबाइल पर वीडियो भेजने की बात को लेकर विवाद होगया। आरोप है कि मंगलवार की शाम को सुहेल, सैयद, मेहताब, पारले, बानो, बुडबुड, अशाब और अन्य अज्ञात उसके घर पर लाठी लेकर चढ़ आए और बेटे बृजेश की पिटाई शुरू कर दी। पत्नी रम्भा और बेटा इतेश बचाव करने पहुंचे तो उनको भी पीटने लगे। हमले में दोनों बेटे बृजेश और इतेश को गंभीर चोटें आई हैं, उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। पुलिस सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

# 20 हजार के इनामी डॉक्टर को दिल्ली से ला रही पुलिस

गोरखपुर, निसं। दिल्ली में गिरफ्तार 20 हजार रुपये के इनामी डॉ. सुनील कुमार सरोज को पुलिस ने मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। बुधवार को ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद पुलिस डॉक्टर को लेकर गोरखपुर के लिए रवाना हो गई है। उम्मीद है कि गुरुवार की सुबह तक पुलिस लेकर पहुंच जाएगी।

छह जनवरी को जैनपुर निवासी रामदवन की पत्नी सोनावत की इलाज के दौरान सत्यम अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। रामदवन ने अस्पताल संचालक के विरुद्ध गुलरिहा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद सहायक पुलिस अधीक्षक मानुष पारीख ने डिप्टी सीएमओ डॉ. अनिल सिंह के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया था। अस्पताल में पंजीकृत चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार सरोज मौके पर अनुपस्थित मिले थे।

- डॉ. सुनील कुमार सरोज के नाम से पंजीकृत था सत्यम अस्पताल
- मंगलवार को गुलरिहा पुलिस ने डॉक्टर को दिल्ली में किया गिरफ्तार

## आरोपितों पर बढ़ाई गईं धाराएं

भटहट। सील किए गए सत्यम हॉस्पिटल के दोषियों पर शिकंजा कसने लगा है। एएनएम के न्यायालय में बयान देने के बाद पुलिस कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और उसके आधार पर फर्जीवाड़ा कर अस्पताल का पंजीकरण कराने समेत अन्य धाराएं बढ़ाने की तैयारी कर रही है। खोराबार में संविदाकर्मी के रूप में तैनात एक महिला एएनएम के डिग्री का इस्तेमाल कर सत्यम हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन कराया गया था। मामला तब खुला जब संविदा पर तैनात एएनएम के पैतृक आवास बस्ती जनपद के लालगंज में उसके घर गुलरिहा पुलिस का नोटिस पहुंचा।

# धोखाधड़ी करने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज के सहारे धोखाधड़ी करने के आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। रामगढ़ताल पुलिस के अनुसार क्षेत्र के रसूलपुर निवासी राजीव कुमार फर्जी मोहर, फर्जी हस्ताक्षर तथा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करता था। रामगढ़ताल पुलिस उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# महिला से दुष्कर्म और लूट के दो आरोपित गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर** : गुलरिहा थाना क्षेत्र में चाकू से आतंकित कर महिला से दुष्कर्म करने व लूटपाट के दो आरोपितों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया जबकि दो अभी भी पकड़ से दूर हैं।

पीड़ित महिला ने स्वजन के साथ मंगलवार की सुबह मुख्यमंत्री जनता दर्शन में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई थी। इसके बाद गुलरिहा पुलिस महिला की तहरीर पर चार आरोपितों के विरुद्ध दुष्कर्म व लूट का मुकदमा दर्ज कर दो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। दोनों आरोपित सुजीत व धीरज ने आरोप स्वीकार किया। थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि फरार चल रहे दो आरोपितों की तलाश में पुलिस टीम लगी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म में एक को सात साल कठोर कारावास

**जासं, गोरखपुर :** नाबालिग को बहला-फुसलाकर कर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो रोहित सिंह ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रामपुर नयागांव निवासी अभियुक्त गोलू को सात साल के कठोर कारावास व 80 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम व विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना आठ अगस्त, 2016 की है। वादिनी की नाबालिग बेटी को अभियुक्त गोलू बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। (जासं)

# विसरा रिपोर्ट में जहर देने की हुई पुष्टि

**जासं, गोरखपुर:** कोतवाली पुलिस ने विसरा रिपोर्ट में जहर देकर मारने की पुष्टि के बाद आरोपित राजेश गौंड को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने पहले पीड़ित के पिता को बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर 2.60 लाख रुपये हड़प लिया था। इसके बाद जहर देकर मार दिया। मामला 28 फरवरी, 2021 का है। पुलिस ने आरोपित न्यायालय में पेश कर बुधवार को जेल भेज दिया।

कोतवाली रणधीर मिश्रा ने बताया कि गोरखनाथ क्षेत्र के लच्छीपुर, यादव टोला निवासी राहुल यादव ने 20 फरवरी, 2021 को तहरीर दी थी। बताया था कि हजारीपुर, निकट शीतलामाता मंदिर निवासी राजेश गौड़ ने उसके पिता दीनानाथ यादव से डेयरी के लिए बैंक से लोन दिलाने के नाम पर 2.60 लाख रुपये लिया। बाद में वह न तो लोन पास कराया और न ही रुपये वापस कर रहा था। पीड़ित ने आरोप लगाया था कि आरोपित रुपये वापस करने के बहाने उसके पिता को बुलाकर जहरीला पदार्थ खिला दिया। इससे उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृत्यु के कारण की पुष्टि नहीं होने पर विसरा सुरक्षित कर विधि विज्ञान प्रयोगशाला वाराणसी भेजा गया था।

# जानलेवा हमले के आरोप में छह गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, सरहरी** : गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी गांव के बनरहां टोले में दो पक्षों में हुए विवाद में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में आठ नामजद व अन्य के विरुद्ध जानलेवा हमला, बलवा, मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गांव में एहतियातन पीएसी तैनात कर दी गई है।

बनकटवा टोले मे सोमवार को बरात आई थी। इसमें बगल के बनरहां टोले के भी युवक गए थे। शादी समारोह के दौरान बनरहां का सुहेल वीडियो बनाया था। इसे लेकर मंगलवार की शाम को गांव के पास स्थित बंधे पर सुहेल व गांव के ही बृजेश के बीच कहासुनी हो गई थी। कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर दिया था। इसके बाद सुहेल ने घर पहुंच कर जानकारी दी तो स्वजन लाठी डंडा लेकर बृजेश के घर पहुंच गए और बृजेश, भाई ईतेश व पिता उमाशंकर को मारपीट कर घायल कर दिए। घटना की सूचना पर सरहरी चौकी पुलिस के साथ थाना प्रभारी गुलरिहा मनोज पांडेय ने पुलिस बल के साथ पहुंच कर घायलों को अस्पताल भिजवाया। दूसरे पक्ष के छह आरोपितो को हिरासत में ले लिया था।



दो पक्षों में मारपीट को लेकर सरहरी के बनरहां गांव में तैनात पीएसी के जवान ● जागरण

## छेड़खानी के आरोप में पिता गिरफ्तार

सहजनवां : गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छेड़खानी के आरोपित सतीश को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। आरोपित अपनी बेटी के साथ छेड़खानी करता था।



**गुलरिहा थाना क्षेत्र के बनरहां में दो पक्षों में हुआ था विवाद, पुलिस ने आठ नामजद व अन्य के विरुद्ध दर्ज किया है मुकदमा**

एएसपी/सीओ चौरीचौरा मानुष पारिख ने भी पहुंचकर घटना की जानकारी ली थी। बुधवार को घायल बृजेश के पिता उमाशंकर की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने सुहेल, सैयद, मेहताब, पारले, बानो, खुड़बुड़, आलम, अशाब समेत कुछ अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लिए गए छह आरोपितों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गांव में पीएसी के जवान तैनात हैं। अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है।

# तिहरे हत्याकांड में आरोपित की बेटी से पुलिस ने की पूछताछ

**जासं, सहजनवां** : थाना क्षेत्र के सहबाजगंज में तिहरा हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने बुधवार को घंटों मोंटी उर्फ शिवांगी से पूछताछ की। यद्यपि घटना की मुख्य गवाह मोंटी ने पहले वाली बातों को ही दोहराया। सहजनवां पुलिस हत्याकांड में मोंटी व सुभावती देवी को मुख्य गवाह बनाया है। दोनों घटना के समय वहीं मौजूद थीं।

सहजनवां नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच सहबाजगंज के अवधेश गुप्ता और उसके दो बच्चों की दूसरी पत्नी नीलम ने 25 फरवरी की रात चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी थी। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हत्यारोपित को चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। स्वजन व आमजन ने सवाल खड़ा किया कि तीन लोगों की हत्या अकेली महिला कैसे कर सकती है। घटना में कोई और भी शामिल होगा। साथ ही यह भी सवाल उठे कि घटना के समय हत्यारोपित की बेटी और हत्याकांड की मुख्य गवाह शिवांगी उर्फ मोंटी को पुलिस ने क्यों छोड़ दिया। इन सवालों का पटाक्षेप करने के लिए बुधवार को सहजनवां पुलिस ने हत्यारोपित नीलम की पुत्री शिवांगी को थाने बुलाया। संत कबीर नगर के महुली थाना क्षेत्र के करीं धर्मशाला निवासी अपने नाना हरचु गुप्ता के साथ पहुंची शिवांगी से पुलिस ने बंद कमरे में घंटों पूछताछ की, मगर शिवांगी ने पुरानी बातों को दोहराते हुए कुछ नया नहीं बताया। पुलिस का कहना है कि अभी जांच व पूछताछ चलेगी।

## पति-पत्नी और दूसरे की तलाश कर रही पुलिस

पुलिस अपनी जांच में पति-पत्नी और दूसरे की तलाश करने में जुटी है। इसके लिए आरोपित की पुत्री के साथ ही मृतक के स्वजन से भी जानकारी ले रही है, जिससे हकीकत सामने लाई जा सके। मृतक के घर के आसपास व रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है।

## गैर जिले के दो संदिग्ध पर पुलिस की निगाह

हत्यारोपित नीलम के पास से बरामद मोबाइल नंबर के सीडीआर से कई संदिग्ध नंबर मिले हैं। यद्यपि कोई ऐसा नंबर नहीं है, जिस पर घटना के दिन कई बार बात की गई हो। पुलिस ने दो ऐसे संदिग्धों की शिनाख्त की है जो गैर जनपद के रहने वाले हैं। वे नीलम से मिलने भी आते रहते थे।

# तीन वर्ष से फरार 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** खोराबार पुलिस ने 15 हजार के इनामी पशु तस्कर को गिरफ्तार किया। वह तीन वर्ष से फरार चल रहा था। बुधवार को आरोपित खोराबार फोरलेन पर स्थित एक ढाबे पर भागने के फिराक में खड़ा था। तलाशी में उसके पास से 41 हजार रुपये बरामद हुए।

पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बुधवार को अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनामी तस्कर संतोष सिंह कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना के परसौनी का रहने वाला है। खोराबार पुलिस ने तीन वर्ष पहले वर्ष 2020 में पिकअप जब्त करते हुए कुछ तस्करों को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला था कि पिकअप आरोपित संतोष की है। वह तस्करों को 25 हजार रुपये प्रति चक्कर अपनी गाड़ी उपलब्ध कराता था और तस्करों को कुशीनगर के रास्ते भगाने में मदद करता था। पुलिस तस्करी का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

**लिफ्ट देकर महिला का जेवर लूटने वाला आरोपित गिरफ्तार:** महिला को लिफ्ट देकर उसके जेवर लूटने वाले आरोपित को खोराबार पुलिस ने मंगलवार की सुबह बुढ़िया माता मंदिर मार्ग से गिरफ्तार किया। आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के रामपुर पड़ाव के चंद्रशेखर चौधरी के रूप में हुई। उसके पास से लूट के जेवरात बरामद हुए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर व एसपी नगर कृष्ण कुमार बिश्नोई के अनुसार जंगल चवरी की सन्तराजी देवी मंगलवार की दोपहर जंगल के रास्ते पैदल ही अपनी बहन के दामाद रामप्रीत के घर जा रही थी। तभी आरोपित बाइक से आया और खुद को उसका परिचित चंद्रशेखर बता बैठा लिया। इसके बाद कुसम्ही जंगल क्रासिंग के पास महिला का आभूषण लूट लिया।



पुलिस की गिरफ्त में 15 हजार का इनामी पशु तस्कर ● जागरण

# गिरफ्तार इनामी डाक्टर को लेकर आज लौटेगी पुलिस

## आरोपित को लेकर गोरखपुर के लिए पुलिस रवाना, छह जनवरी को पीड़िता की सत्यम अस्पताल में गई थी जान

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** दिल्ली में गिरफ्तार 20 हजार रुपये के इनामी डा. सुनील कुमार सरोज को पुलिस ने मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। बुधवार को ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद पुलिस उन्हें लेकर गोरखपुर के लिए रवाना हो गई है। उम्मीद है कि गुरुवार की सुबह तक पुलिस यहां पहुंच जाएगी।

छह जनवरी को जैनपुर के रामदवन की पत्नी सोनावत की इलाज के दौरान सत्यम अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। रामदवन ने अस्पताल संचालक के विरुद्ध गुलरिहा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद सहायक पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक ने डिप्टी सीएमओ डा. अनिल सिंह के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया था। अस्पताल में पंजीकृत चिकित्सक डा. सुनील कुमार सरोज मौके पर नहीं मिले थे। डिप्टी सीएमओ की रिपोर्ट पर स्वास्थ्य विभाग व पुलिस ने अस्पताल को सील कर दिया था। साथ ही संचालक और एक नर्स को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।



- बुधवार को दिल्ली में गिरफ्तार किया था गोरखपुर पुलिस ने
- मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने के बाद मिली ट्रांजिट रिमांड

डा. सुनील को नोटिस भेजकर थाने में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने को कहा था। दो बार नोटिस के बाद उपस्थित नहीं होने पर पुलिस उनके ऊपर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

पता चला कि डा. सुनील दिल्ली में रह रहे हैं। पुलिस उन पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित करते हुए गिरफ्तारी के लिए दिल्ली रवाना हुई। मंगलवार को गुलरिहा पुलिस ने डाक्टर को दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

## एएनएम के बयान के बाद आरोपितों पर बढ़ीं धाराएं

**जासं, भटहट :** न्यायालय में एएनएम के बयान देने के बाद पुलिस ने सत्यम अस्पताल कांड के आरोपितों पर और धाराएं बढ़ा दी हैं। पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और उसके आधार पर फर्जीवाड़ा कर अस्पताल का पंजीकरण कराने का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस सीएमओ कार्यालय के जिम्मेदारों की जवाबदेही भी तय करने की तैयारी में है।

खोराबार ब्लाक में संविदा कर्मी के रूप में तैनात एएनएम प्रिया अग्रहरि की डिग्री का भी प्रयोग कर सत्यम हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन कराया गया था। यह मामला तब खुला, जब एएनएम के बस्ती जिले के लालगंज स्थित घर पर गुलरिहा पुलिस का नोटिस पहुंचा। एएनएम ने थाने पर पहुंचकर पुलिस को बताया कि एक अप्रैल 2019

- मजिस्ट्रेट के सामने झरवां में तैनात एएनएम प्रिया ने दिया बयान
- कूटरचित दस्तावेज तैयार करने व फर्जीवाड़ा का मुकदमा दर्ज

को सीएमओ कार्यालय से उसे खोराबार ब्लाक के झरवां स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात किया गया।

उसकी डिग्री का प्रयोग सत्यम अस्पताल के रजिस्ट्रेशन के लिए कब किया गया, इसकी जानकारी उसको नहीं है। थाना प्रभारी मनोज पाण्डेय ने बताया कि बयान के बाद जांच में पाया गया कि रजिस्ट्रेशन से संबंधित कागजात व शपथ पत्र पर किए गए हस्ताक्षर प्रिया अग्रहरि के मूल हस्ताक्षर से भिन्न मिले हैं। इसके बाद हस्ताक्षर की जांच के लिए अभिलेख प्रयोगशाला में भेजा गया है। साथ ही एएनएम द्वारा मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान व अब तक की जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध धाराएं बढ़ाई गई हैं।

### सीएमओ कार्यालय के जिम्मेदारों की जांच शुरू

शासन के नियमानुसार अस्पताल के रजिस्ट्रेशन में अपनी डिग्री लगाने वाले चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी को सीएमओ कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी सहमति देने के साथ ही शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कर नोडल अधिकारी के सामने बयान देना होता है। ऐसे में एएनएम के गैर–मौजूदगी में उसकी डिग्री की फोटोकापी लगाकर फर्जी हलफनामा के आधार पर अस्पताल का रजिस्ट्रेशन कर दिया गया। इसी को आधार मानते हुए पुलिस सीएमओ कार्यालय के जिम्मेदारों की भूमिका की जांच शुरू कर दी है।

# शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** अपर जिलाधिकारी विनीत कुमार सिंह ने कहा कि होली व शब-ए-बारात को सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तत्पर है। त्योहारों में शांति व्यवस्था को भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी बुधवार को एनेक्सी भवन सभागार में होली व शब-ए-बारात पर्व को लेकर आयोजित जिला शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक को बतौर अध्यक्ष संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि त्योहारों के अवसर पर बिजली एवं जल आपूर्ति बाधित न होने पाए। विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। नाला सफाई के दौरान निकले मलबे को बिना देर किए हटा दिया जाए। इसके लिए नगर निगम समुचित व्यवस्था करे। बिजली विभाग जर्जर तारों को समय से सही करा ले। बैठक में शांति एवं सद्भावना समिति के सदस्यों की ओर से सुझाव प्रस्तुत किए गए। उन्होंने सुझावों को अमल में लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए रूटमार्च किया जा रहा है। ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने मस्जिदों, मजारों के व्यवस्थापकों से अपील की कि मुख्य मार्ग पर सीसी कैमरा जरूर लगवाएं। थानावार शांति समिति की बैठकें आयोजित की जाएं। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिसबल की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। होली के दृष्टिगत उन्होंने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, पुलिस अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी व शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## गोरखपुर के रास्ते बलरामपुर से रांची के बीच चलेगी एसी होली स्पेशल

**जासं, गोरखपुर :** गोरखपुर के रास्ते बलरामपुर से रांची के बीच एक जोड़ी एसी होली स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन चलेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार 08183/08184 रांची-बलरामपुर-रांची होली स्पेशल एक फेरा में चलाई जाएगी। 08183 रांची-बलरामपुर होली छह मार्च को रांची से रात साढ़े आठ बजे रवाना होकर वाराणसी के रास्ते दूसरे दिन शाम छह बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इसी तरह 08184 बलरामपुर-रांची होली स्पेशल आठ मार्च को बलरामपुर से रात साढ़े नौ बजे छूटकर गोरखपुर से रात 02:20 बजे रवाना होकर वाराणसी के रास्ते दूसरे दिन रात सवा ग्यारह बजे रांची पहुंचेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 18 व वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के दो सहित कुल 22 कोच लगाए जाएंगे।

**होली स्पेशल बसों के लिए रूट निर्धारित** : तीन से 12 मार्च तक चलने वाली रोडवेज की होली स्पेशल बसों के लिए भी रूट निर्धारित हो गया है। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक पीके तिवारी के अनुसार गोरखपुर डिपो से दिल्ली, लखनऊ व कानपुर, राप्तीनगर डिपो से दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज व वाराणसी, देवरिया डिपो से दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज व वाराणसी रूट पर बसें चलाई जाएंगी। गोरखपुर, राप्तीनगर, देवरिया, पडरौना, महराजगंज, सोनौली, बस्ती और सिद्धार्थनगर डिपो से कुल 350 स्पेशल बसें चलाई जाएंगी। लंबी दूरी के अलावा लोकल रूटों पर भी नियमित के अलावा अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। इस दौरान चालकों, परिचालकों व संबंधित कर्मियों की छुट्टियां रद रहेंगी। लगातार कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन राशि का भी प्रविधान किया गया है।

## कंडों से सजेगी, धूमधाम से जलेगी होलिका

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : होलिका समितियां पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता जता रही हैं। पेड़ों व लकड़ियों को बचाने के लिए वह लगातार आगे आ रही हैं। उनका कहना है कि इस बार भी होलिका धूमधाम से जलाई जाएगी। लकड़ियों का कम और कंडों (उपलों) का ज्यादा प्रयोग किया जाएगा ताकि पेड़ कटने से बच जाएं। 'दैनिक जागरण' के 'एक मुहल्ला एक होलिका' अभियान से प्रेरित होकर मोहम्मद बरवां की समिति ने निर्णय लिया है कि वह होलिका कंडों से सजाने के साथ आसपास की समितियों को भी इसके लिए जागरूक करेगी। समितियों का कहना है कि पर्यावरण बचेगा तो हम बचेंगे। इसलिए लकड़ियां कम जलाने से पेड़ों को काटना नहीं पड़ेगा। यह पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद जरूरी है। हम दैनिक जागरण के साथ इस अभियान को गति देंगे।




"पर्यावरण ही मानव जीवन का आधार है। पेड़ों को बचाए बिना पर्यावरण नहीं बच सकता है, इसलिए होलिका में लकड़ियों का नाममात्र और कंडों का प्रयोग ज्यादा किया जाएगा। ताकि अनावश्यक रूप से पेड़ को न काटना पड़े।



**बालकिशुन गुप्ता, होलिका समिति, मोहम्मद बरवां**

**यह और अन्य खबरें देखें**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# दो लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**सरदारनगर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के विशुनपुरा खुर्द निवासी सनेही यादव से मारपीट व धमकी देने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को सनेही अपने नए मकान के दीवाल पर तरी कर रहे थे, तभी अचानक प्रहलाद पुत्र जोखन, कौशल्या पत्नी प्रहलाद ने मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रहलाद और कौशल्या देवी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

# पिलर उखाड़ने के आरोपियों पर केस

**सहजनवां।** इलाके के पाली में तहसील की राजस्व टीम की ओर से पैमाइश के बाद लगाए गए पत्थर को उखाड़ने के आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, सहजनवां थाना क्षेत्र के पाली निवासी सुरेश प्रसाद सिंह की जमीन की पैमाइश कर पत्थर लगाए गए थे। आरोप है कि बाबूराम,चन्नी, सुनील, अनिल, शैलेश, रामहीत, प्रकाश ने उसे उखाड़ दिया। ब्यूरो

## दुष्कर्म के अभियुक्त को सात साल की कैद

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रामपुर नयागांव निवासी अभियुक्त गोलू को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्त पर 80 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 8 अगस्त 2016 की करीब 6.30 बजे की है। ब्यूरो

## महिला होमगार्ड से झुमका छीनने का आरोपी गिरफ्तार

सहजनवां (गोरखपुर)। इलाके के लुचुई ओवरब्रिज के पास मंगलवार रात महिला होमगार्ड रेनू श्रीवास्तव से झुमका छीनने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस ने पकड़कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। उसके साथी की तलाश में पुलिस जुटी है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गोरखनाथ के लच्छीपुर निवासी अंगद निषाद के रूप में हुई है। फरार आरोपी रंजीत चौहान है। भरवल भैसला गांव निवासी रमाशंकर लाल श्रीवास्तव की पत्नी रेनू श्रीवास्तव होमगार्ड हैं। मंगलवार को रेनू अपने पति के साथ बाइक से जा रही थीं। लुचुई के पास पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर कान से झुमका छीन लिया था। ब्यूरो

# जहर खिलाने से हुई थी दीनानाथ यादव की मौत

## आरोपी गिरफ्तार, फॉरेंसिक रिपोर्ट में जहर की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कोतवाली इलाके में लच्छीपुर निवासी दीनानाथ यादव की मौत जहर खिलाने से हुई थी।फॉरेंसिक रिपोर्ट में पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी राजेश गौड़ निवासी हजारीपुर को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है। आरोप है कि राजेश ने हड़पे गए रुपये को वापस करने के बहाने बुलाकर वारदात को अंजाम दिया था।

आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने बीते 28 फरवरी को केस दर्ज किया था। पुलिस के मुताबिक, लच्छीपुर निवासी दीनानाथ यादव से राजेश की पुरानी जान-पहचान थी। सरकार की डेयरी ऋण योजना के तहत उसको लाभ दिलाने का वायदा करके राजेश ने खर्च के नाम पर छह महीने पहले 2.60 लाख रुपये वसूल लिए। वह न ऋण ही स्वीकृत करा पाया और न ही लिए गए रुपये वापस कर रहा था।

दीनानाथ के बेटे राहुल ने बताया कि 28 फरवरी को राजेश ने अपने घर पर पिता दीनानाथ को रुपये वापस करने के लिए बुलाया था। वहां पर खाने-पीने के सामान में धोखे से जहर मिला दिया था, जिससे उनकी तबीयत खराब हो गई। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

पोस्टमार्टम के बाद विसरा को विधि विज्ञान प्रयोगशाला रामनगर वाराणसी भेजा गया था, जहां पर जहर की पुष्टि हुई। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि प्रयोगशाला की जांच में जहर की पुष्टि के बाद प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रणधीर मिश्रा की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# पर्व में खलल डालने वालों से सख्ती से निपटेगा प्रशासन



बैठक में शामिल एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह व अन्य। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। एडीएम (सिटी) विनीत सिंह ने चेतावनी दी कि होली और शबेबारात के दौरान किसी भी अराजकतत्व ने शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की तो पुलिस और प्रशासन, उससे सख्ती से निपटेगा। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एडीएम, बुधवार को एनेक्सी भवन सभागार में जिला शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक कर रहे थे। उन्होंने नगर निगम, विद्युत विभाग व जलकल को सफाई, विद्युत, पानी और शोभा यात्रा मार्ग दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।

शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी (सिटी) कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रूटमार्च व ड्रोन के द्वारा निगरानी रखी जाएगी। बैठक में एडीएम, एसडीएम, पुलिस अफसर मौजूद रहे।

# फर्जी चरित्र सत्यापन से छूटे आरोपी का जमानतदार गिरफ्तार

**गोरखपुर।** फर्जी चरित्र सत्यापन का कागज तैयार कर जेल से आरोपी के छूटने में मददगार बने जमानतदार को बुधवार को रामगढ़ताल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ मुख्य आरक्षी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान रामगढ़ताल इलाके के रसूलपुर निवासी राजीव कुमार के रूप में हुई है। एसपी सिटी ने बताया कि मुख्य आरक्षी अखिलेश कुमार ने केस दर्ज कराया है। आरोप है कि अभियुक्त साजिद अली ने जमानत पाने के लिए पुलिस के फर्जी मुहर व दस्तावेज का इस्तेमाल कर अपना फर्जी चरित्र प्रमाण पत्र बना लिया था।

इसकी मदद से उसने जमानत हासिल कर ली। मामला संज्ञान में आने पर सात फरवरी को पुलिस ने केस दर्ज किया। जांच में सामने आया कि जमानतदार ने ही फर्जी दस्तावेज तैयार किया था। ब्यूरो

# कूटरचित दस्तावेज तैयार करने की धारा बढ़ी

## सत्यम हॉस्पिटल प्रकरण: एएनएम के बयान के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** सत्यम हॉस्पिटल में गर्भवती की मौत के मामले में आरोपियों पर कूटरचित दस्तावेज तैयार करने की धारा बढ़ा दी गई है। ऐसा एएनएम के बयान के बाद किया गया है।

दरअसल, सत्यम हॉस्पिटल के अवैध तरीके से पंजीकरण कराने में एएनएम के फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल किया गया था। उधर, दिल्ली में गिरफ्तार डॉ. सुनील सरोज को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर पुलिस गोरखपुर ला रही है। वह इस मामले का मुख्य आरोपी है।

### डॉ. सुनील सरोज को दिल्ली से गोरखपुर ला रही पुलिस

जानकारी के मुताबिक, खोराबार में संविदा कर्मी के रूप में तैनात एएनएम प्रिया अग्रहरी की डिग्री का इस्तेमाल कर सत्यम हॉस्पिटल का पंजीकरण कराया गया था। मामला तब खुला, जब संविदा पर तैनात एएनएम प्रिया अग्रहरी के बस्ती जनपद के लालगंज में स्थित पैतृक आवास पर गुलरिहा पुलिस का नोटिस पहुंचा।

एएनएम ने गुलरिहा पुलिस को बताया कि एक अप्रैल 2019 को सीएमओ कार्यालय की ओर से उसको खोराबार ब्लॉक में झरवां स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज पांडेय ने बताया कि उसकी डिग्री का इस्तेमाल भटहट में स्थित सत्यम हास्पिटल के रजिस्ट्रेशन के लिए किया गया था। हॉस्पिटल के रजिस्ट्रेशन से संबंधित कागजात व शपथपत्र पर किए गए प्रिया अग्रहरि के हस्ताक्षर मूल हस्ताक्षर से भिन्न हैं। हस्ताक्षर की जांच के लिए अभिलेख प्रयोगशाला में भेज दिए गए हैं।

**यह है मामला :** सत्यम हॉस्पिटल में तीन जनवरी 2023 को रामवदन की गर्भवती पत्नी सोनावत की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने रामवदन की तहरीर पर रंजीत निषाद के खिलाफ केस दर्ज किया था। मामले में रंजीत, कथित नर्स गीता को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है। पुलिस ने मामले में दूसरा केस डॉ. सुनील सरोज व संचालक सुभाष निषाद के खिलाफ दर्ज किया है।

# मारपीट के छह आरोपी गिरफ्तार, पीएसी तैनात

अमर उजाला ब्यूरो

**सरहरी (गुलरिहा)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी गांव के बंदरहा टोले में मंगलवार रात दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण गांव में एहतियातन पीएसी तैनात कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, सरहरी गांव के बंदरहा टोला निवासी उमाशंकर ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि 20 फरवरी की शाम को मोबाइल फोन पर वीडियो भेजने की बात को लेकर विवाद शुरू हुआ था। आरोप है कि शाम को सुहेल, सैयद, मेहताब, पारले, बानो, बुडबुड, अशाब एवं अन्य अज्ञात उनके घर पर लाठी-डंडा लेकर चढ़ आए। उनके बेटे बृजेश की पिटाई शुरू कर दी।

### मोबाइल फोन पर वीडियो भेजने की बात के लिए शुरू हुआ था विवाद

उन्होंने बताया कि वह, उनकी पत्नी रंभा और बेटा इतेश बीचबचाव करने पहुंचे तो उनकी भी पिटाई की गई। हमले में दोनों बेटों बृजेश व इतेश को गंभीर चोटें आई हैं। उनका उपचार मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि केस दर्ज कर पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गांव में एहतियातन पीएसी तैनात की गई है।

# लापरवाही में दो सिपाही निलंबित

गोरखपुर। कार्य में लापरवाही सामने आने पर खजनी थाने में तैनात दो सिपाहियों को एसएसपी ने निलंबित कर दिया है। एक महिला, बेटी से छेड़खानी की शिकायत लेकर थाने आई थी, लेकिन केस दर्ज नहीं किया गया, न ही सिपाहियों ने थानेदार को इसकी जानकारी दी। मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी ने खजनी थाने के आरक्षी रमन कुमार वर्मा और जावेद अहमद को जनसुनवाई में लापरवाही, अनुशासनहीनता आदि के आरोप में निलंबित कर दिया। ब्यूरो

# बीआरडी में तीमारदार और जूनियर डॉक्टरों में हाथापाई

## मेडिसिन वार्ड की घटना, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद शांत हुआ मामला

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन वार्ड में बुधवार को मरीज के तीमारदार और जूनियर डॉक्टर भिड़ गए। स्थिति हाथापाई तक पहुंच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।

इस बीच परिजन, मरीज को बीआरडी से लेकर चले गए। उधर, जूनियर डॉक्टरों ने पुलिस से लिखित शिकायत की है।

बताया जा रहा है कि महराजगंज जिले के नौतनवां निवासी पंकज सिंह को पेट की समस्या है। परिजन इलाज के लिए मंगलवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज लेकर आए थे, जहां पर उन्हें



### जूनियर डॉक्टरों ने की पुलिस से लिखित शिकायत

मेडिसिन वार्ड में भर्ती कराया गया। इसके बाद ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा था। इस बीच ड्रिप बंद हो गई। इस पर साथ आए तीमारदार ने जूनियर डॉक्टर से ड्रिप सेट बंद करने को कहा।

आरोप है कि जूनियर डॉक्टर ने यह कहकर मना कर दिया कि उनके पास कोई स्टाफ नहीं है। जब स्टाफ आएगा तो देखेगा। इस पर मरीज के परिजनों ने डिस्चार्ज करने की बात कही। जूनियर डॉक्टर ने कहा कि सीनियर डॉक्टर के आने के बाद ही डिस्चार्ज स्लिप बन पाएगी। इसी बात को लेकर जूनियर डॉक्टर और तीमारदारों में बहस हो गई। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इस पर जूनियर डॉक्टरों ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि तीमारदार ने बदसलूकी की है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राचार्य डॉ. गणेश कुमार ने बताया कि तीमारदार और डॉक्टरों के बीच विवाद की जानकारी मिली है। डॉक्टरों ने लिखित शिकायत की है। मामले की जांच कराई जाएगी।

# गो-तस्करों को किराये पर गाड़ी देने वाला गिरफ्तार



15 हजार के इनामी तस्कर की जानकारी देते एसएसपी, एसपी सिटी। संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** खोराबार पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामी गो-तस्कर संतोष को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दो साल से फरार था। वह तस्करों से प्रति चक्कर के लिए 25 हजार रुपये लेकर पिकअप उपलब्ध कराता था। पुलिस के मुताबिक, वह खुद भी गो-तस्करी करता था।

आरोपी के पिकअप को पुलिस ने जब्त किया था, तभी से वह फरार था। पुलिस ने आरोपी के पास से 41 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पकड़ा गया आरोपी कुशीनगर के पटहेरवा का निवासी है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पुलिस ऑफिस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए आरोपी के बारे में जानकारी दी। एसपी सिटी ने बताया कि साल 2020 में खोराबार थाने में संतोष के खिलाफ गोवध अधिनियम के तहत केस दर्ज है। उसपर पुलिस ने इनाम भी रखा था। लेकिन, वह हर बार पुलिस को चकमा देन में सफल हो जाता था।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गोरखपुर के विभिन्न इलाकों से छुट्टा पशुओं की चोरी करता है। इसके बाद पशुओं को कुशीनगर के रास्ते पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश भेज देता है। तस्कर ने पुलिस को यह भी बताया कि इस काम में कुशीनगर के कई बड़े गैंग काम कर रहे हैं। संतोष का काम इस गैंग में पशुओं की चोरी करने के लिए गाड़ी मुहैया कराना था।

## पुलिस को देखते ही हमला कर देता है गैंग

एसपी सिटी ने बताया कि इस गैंग की खास बात यह है कि पशुओं की चोरी करते वक्त अगर इनका कोई विरोध करता है तो तस्कर उसपर जानलेवा हमला कर देते हैं। कई बार तस्करों ने पुलिस की गाड़ी में टक्कर मारी है तो कई बार ईंट-पत्थर से पुलिस जवानों पर हमला भी किया है।

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 02-03-2023

# संक्षिप्त खबरें

राष्ट्रीय सहारा दि०-25.3.23

## कच्ची शराब के साथ एक धराया

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** रुद्रपुर तहसील क्षेत्र के सुरौली थाना पुलिस ने फुफईपुरा कोईलगढ़हा के पास से रामप्रीत प्रसाद पुत्र घूरा प्रसाद निवासी तिवई टोला छोटकी चखनी को 9 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट धारा 60 के तहत जेल भेज दिया।

## तीन के विरूद्ध मारपीट का केस

**बरहज (एसएनबी)।** नगर के पटेल नगर डीह स्थान निवासी सीता देवी ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया है कि पट्टीदार भोला व उसकी पत्नी राधिका तथा जेठानी बुच्ची देवी के बीच घर में आपसी बंटवारा का विवाद चल रहा है। मैं 1/3 की हिस्सेदार हूं लेकिन मेरे हिस्से की भी जमीन को इन लोगों द्वारा हड़पा जा रहा है। रविवार के दिन भोला ने जबरदस्ती घर में रखे सामान को निकालकर बाहर फेंक दिया जिस पर मैंने डायल 112 पर फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने थाने पर बुलाया। थाने पर जाकर मैंने तहरीर दिया। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर तीन लोगों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

रा० सहारा दि०-21.3.23

## अज्ञात ट्रैक्टर चालक पर मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के सुरौली थानान्तर्गत ग्राम जोकहा खास निवासी जंतीरा देवी पत्नी धर्मेन्द्र प्रजापति ने दिये गये तहरीर में कहा कि 27 फरवरी को करीब 9 बजे मेरी लड़की निशा (15 वर्ष) स्कूल जा रही थी, कि झिरूआ चौराहे पर जैसे ही पहुंची ट्रैक्टर ट्राली अज्ञात चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए ठोकर मार दिया। जिससे मेरी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसका ईलाज गोरखपुर मेडिकल कालेज में चल रहा है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली स्वराज व अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० : 2/3/23

# जांच टीम देखते ही झोला छाप क्लीनिकों के शटर हुए डाउन

**लार (एसएनबी)**। अपंजीकृत निजी अस्पतालों, पैथालजी सेंटरों, क्लीनिकों की जांच के लिए सीएचसी लार से बुधवार को जांच टीम निकली। सीएचसी लार के अधीक्षक ड बीवी सिंह स्वास्थ्यकर्मियों के साथ अवैध अस्पतालों की जांच में निकले। जांच टीम को देखते हुए नगर लार के कई झोला छाप डक्टरों के क्लिनिक के शटर धड़ाधड़ बन्द हो गए। गत दिनों 21 फरवरी को लार क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे फर्जी अस्पताल व नर्सिंग होम को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नोटिस दी गई थी। इसके पूर्व 8 फरवरी को सीएचसी लार की जांच टीम चिकित्सा अधीक्षक बी वी सिंह के निर्देशन में उन्हें चेतावनी दी थी। ततपश्चात अवैध नर्सिंग होम व अस्पताल संचालको की नोटिस दिंया चुका था। लेकिन अब टीम इसकी जांच पड़ताल करके धड़ पकड़ भी शुरू कर दी है। इसी अभियान में निकले टीम को देखते हुए कई संचालको ने अपने शटर डाउन कर लिए। इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक ड बीवी सिंह ने बताया कि कुछ लोग नोटिस मिलने के उपरांत अपना रजिस्ट्रेशन करा लिये हैं। कुछ ने आज अपने क्लिनिक ही नहीं खोले थे।

राष्ट्रीय सहारा दि० - 02/3/23

# बोर्ड परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देता एक धराया

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर पोखरापार स्थित बापू इंटर कालेज में बोर्ड परीक्षा के प्रथम पाली में अंग्रेजी विषय के पेपर में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे एक युवक पर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। बताया गया है कि रामपुर पोखरापार स्थित बापू इंटरमीडिएट कालेज में प्रथम पाली में हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा चल रही थी। कक्ष संख्या 4 में जांच के दौरान यह पाया गया कि परीक्षार्थी वीरबहादुर यादव पुत्र रामानंद यादव की जगह पियुष शर्मा पुत्र संतोष विश्वकर्मा निवासी रायबारी थाना भटनी परीक्षा दे रहा था। केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध धारा 419, 420 व 6ध10 उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० - 2/3/23

## अज्ञात युवक का शव बरामद

**देवरिया(एसएनबी)।** सदर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के गोरखपुर रोड स्थित ओवरब्रिज के पास बुधवार की शाम एक अज्ञात युवक का शव मिला। शव सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिंनाख्त कराने की कोशिश की, किन्तु इसमें पुलिस को कामयाबी नहीं मिली। अन्ततः पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

# सिद्धार्थनगर को पराजित कर बलरामपुर ने जीता उद्घाटन मैच

देवरिया(एसएनबी)। बुधवार को स्थानीय स्व. रविन्द्र किशोर शाही स्टेडियम में 71वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता 2023 का शुभारम्भ हुआ। उद्घाटन मैच सिद्धार्थनगर व बलरामपुर की पुलिस टीमों के बीच खेला गया, जिसमें बलरामपुर की टीम 2-0 विजयी रही।

इसी क्रम में जनपद महराजगंज व गोण्डा पुलिस टीम के मध्य खेले गये मैच में महराजगंज पुलिस टीम 3-0 से विजयी रही। जनपद बहराइच व श्रावस्ती के मध्य खेले गये मैच में जनपद श्रावस्ती 4-0 से विजयी रही। इसी प्रकार महिला पुलिस टीम जनपद बस्ती व कुशीनगर के मध्य खेले गये मैच में जनपद बस्ती 2-0 से विजयी रही। महिला पुलिस टीम जनपद बहराइच व सिद्धार्थनगर के मध्य खेले गये मैच में जनपद बहराइच 1-0 से विजयी रही।



मैच का दृश्य।

इसके पूर्व मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर द्वारा गोरखपुर जोन के जनपद गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती, बलरामपुर से आयी पुरूष व महिला पुलिस फुटबाल टीम के खिलाड़ियों एवं कोच से उनका परिचय प्राप्त करते हुए फुटबाल को किक मारकर उद्घाटन मैच का शुभारम्भ किया गया। प्रतियोगिता का समापन 4 मार्च 2023 को होना है। अगले दिवस मैच प्रातः 7:30 बजे एवं सायं 15:30 बजे से प्रारम्भ होंगे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स जिलाजीत, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह आदि उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान दि० 2/3/23



नगर पंचायत रामपुर कारखाना में मेडिकल स्टोर की जांच करते पीएचसी प्रभारी और पुलिस की टीम।

# रामपुर कारखाना में अवैध क्लीनिक पर छापेमारी

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। नगर पंचायत रामपुर कारखाना समेत क्षेत्र के विभिन्न चौराहे पर अवैध क्लीनिक के खिलाफ छापेमारी की गई। छापेमारी के डर से कस्बे समेत ग्रामीण क्षेत्रों के मेडिकल स्टोर धड़ाधड़ बंद हो गए। सीएमओ के निर्देश पर पीएचसी प्रभारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने छानबीन किया।

झोलाछाप क्लीनिक और अवैध मेडिकल स्टोर संचालित होने की लगातार मिल रही शिकायतों पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रामपुर कारखाना कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में जांच का निर्देश दिया था। शनिवार को पीएचसी रामपुर कारखाना प्रभारी डॉक्टर शंभू प्रसाद, अखिलेश कुमार सिंह और एसआई मिथिलेश कुमार की टीम ने झोलाछाप क्लीनिक और अवैध मेडिकल स्टोर की जांच शुरू की। कस्बे के मुख्य चौराहा, बहरामपुर मोड़, गुदरी बाजार, मन्नू लाल-पन्ना लाल चौराहा, ठाकुर मंदिर वार्ड और शिव मंदिर वार्ड समेत कुशहरी, लंगड़ा, सिधुवा, गौरकोठी चौराहों पर जांच की गई। जांच के डर से अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद पाए गए। डॉक्टर शंभू प्रसाद ने बताया कि रामपुर कारखाना में दो मेडिकल स्टोर संचालकों ने लाइसेंस दिखाया। जबकि दो झोलाछाप क्लीनिक भी इलाज करते पाए गए। आगे भी छापेमारी की जाती रहेगी।

हिन्दुस्तान दि०- 2/03/23

### बापू राष्ट्रीय इंटर कॉलेज पोखरापार भटने में किया गया गिरफ्तार

# हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा में सॉल्वर दबोचा




भटनी/देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। यूपी बोर्ड परीक्षा में बुधवार को सुबह की पाली में दूसरे की जगह परीक्षा देते एक युवक पकड़ा गया। केंद्र व्यवस्थापक ने उसे पुलिस बुलाकर सौंप दिया। पुलिस ने सॉल्वर और परीक्षार्थी पर परीक्षा अधिनियम समेत आईपीसी की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

भटनी क्षेत्र के बापू राष्ट्रीय इंटरमीडिएट कॉलेज पोखरापार में सुबह हाईस्कूल अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी। कक्ष संख्या चार में केंद्र व्यवस्थापक संदेह होने पर परीक्षा दे रहे एक युवक से पूछताछ करने लगे। फंसता हुआ देख युवक परीक्षा कक्ष से भागने लगा। केंद्र व्यवस्थापक ने कक्ष निरीक्षकों के सहयोग से दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ करने करने पर युवक ने अपना नाम पीयूष शर्मा पुत्र संतोष विश्वकर्मा बताया। उसने अपना पता भटनी क्षेत्र के रायबारी पोस्ट घांटी बताया। केंद्र व्यवस्थापक राघवेंद्र कुमार यादव ने भटनी थाने में फोन कर पुलिस बुला लिया और पकड़े गए युवक को सौंप दिया। केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर आईपीसी की धारा 419, 420 और परीक्षा अधिनियम की धारा 6/10 में भटनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। केंद्र व्यवस्थापक ने बताया कि पकड़े गए युवक और परीक्षार्थी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो गया है। इसके अलावा परीक्षार्थी को रस्टीकेट कर दिया गया है।



पीयूष शर्मा।

### 16056 रहे अनुपस्थित

यूपी बोर्ड की बुधवार की परीक्षा में कुल 118879 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें से 102763 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 16056 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल अंग्रेजी विषय की परीक्षा में सुबह 69102 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें से 59746 ने परीक्षा दी।

### गणित की परीक्षा में भी पकड़ा गया था एक युवक

हाईस्कूल गणित की परीक्षा में बीते 21 फरवरी को भी एक युवक दूसरे की जगह परीक्षा देने की कोशिश के आरोप में पकड़ा गया था। उसे सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कालेज भरहे चौरा परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट विवेक कुमार ने परीक्षा के लिए प्रवेश के दौरान संदेह होने पर पकड़ लिया था। उसके प्रवेश पत्र पर अलग से फोटो चिपकाकर सत्यापित किया गया था। केंद्र व्यवस्थापक अभय कुमार पटेल की तहरीर पर केसदर्ज करते हुए युवक को जेल भेज दिया था।

## संदिग्ध हालात में युवती की मौत

देवरिया। जिला अस्पताल में मंगलवार की शाम को एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गौरीबाजार थाना क्षेत्र के पथरहट गांव निवासी शकीना खातुन (22) पुत्री जामीन अली अंसारी की मंगलवार की सुबह अचानक से तबियत खराब हो गई। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की जानकारी होने पर मां मजबून खातुन सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था।

## जमीन खाली कराने को मिली धमकी

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के युवक को फोन पर मंगलवार को जमीन खाली करने की धमकी एक व्यक्ति ने दिया है। कोतवाली क्षेत्र को औरंगाबाद गांव निवासी गोरख प्रसाद पुत्र पलटू के फोन पर मंगलवार को 3 एवं 4 बजे के करीब एक व्यक्ति का फोन आया। फोन पर उस व्यक्ति ने गोरख प्रसाद को धमकी देकर कस्बा सलेमपुर के एक व्यक्ति की भूमि को छोड़ने की धमकी दिया और अपने को जेल से बोलने की बात कही।

हिन्दुस्तान दि०- 02/03/23

# खुलेंगे तीन नए थाने, तैयार किया जा रहा प्रस्ताव

### वर्तमान में कुल 23 थाने हैं जिले में, आबादी व क्षेत्रफल को देखते हुए एसपी ने डीएम को लिखा पत्र

जासं, देवरिया: जिले के क्षेत्रफल व आबादी को देखते हुए तीन नए थाने खोलने के लिए जल्द ही प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। घांटी बाजार, बैतालपुर व भागलपुर में भूमि की तलाश की जा रही है। इस संबंध में एसपी की तरफ से डीएम को पत्र भेजकर अनुरोध किया गया था। भूमि उपलब्ध होने के बाद गांवों व कस्बों को शामिल करने की कवायद की जाएगी। नए थानों की स्थापना से जिले में कानून व्यवस्था और मजबूत होगी।

जिले में वर्तमान में कुल थानों की संख्या 23 है। इसके अलावा तीन नए थाने खोलने की कवायद चल रही है। भटनी थाने से जुड़े घांटी बाजार में पुलिस चौकी है। बिहार सीमा से जुड़े होने के कारण आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए थाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। भटनी थाने की सीमा केरवनिया पुल तक है, जिसकी दूरी करीब 12 किलोमीटर है। गौरीबाजार थानाक्षेत्र के बैतालपुर में भी थाना खोलने का प्रस्ताव है। यह फोरलेन किनारे स्थित है। देवरिया व गौरीबाजार के बीच में पड़ता है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि यदि बैतालपुर में थाने की स्थापना होती है तो कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखना आसान होगा। मईल थाने से जुड़े भागलपुर कस्बे में भी थाना की स्थापना की पहल की जा रही है। यहां थाना की स्थापना से बलिया जिले की सीमा पर चौकसी आसान हो जाएगी।

#### कोतवाली देहात थाना की स्वीकृति का इंतजार

कोतवाली देहात थाना की स्वीकृति का इंतजार है। पुलिस मुख्यालय से अनुमोदन के बाद शासन को भेजा गया है। इसके खुल जाने से सदर कोतवाली थाने का बोझ कम हो जाएगा।

जिले में तीन स्थानों पर थाना खोलने के लिए विचार किया जा रहा है। भूमि की तलाश करने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया है। भूमि मिलने पर प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय भेजा जाएगा।
संकल्प शर्मा, एसपी देवरिया

दैनिक जागरण दि०-02/03/23

# बलरामपुर, महराजगंज, श्रावस्ती, बस्ती व बहराइच ने जीते मैच

जासं, देवरिया : स्व.रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में चार दिनों तक चलने वाले 71वीं अंतरजनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता के पहले दिन पांच मैच खेले गए। पुरुष वर्ग में बलरामपुर, महराजगंज, श्रावस्ती व महिला वर्ग में बस्ती व बहराइच जिले की पुलिस टीमों ने अपने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, बलरामपुर की पुरुष व महिला पुलिस फुटबाल टीम प्रतिभाग कर रही हैं। एएसपी डा.राजेश सोनकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबाल को किक मारकर मैच का उद्घाटन किया। पुरुष वर्ग में पहला मैच बलरामपुर व सिद्धार्थनगर पुलिस टीमों के बीच खेला गया।

बलरामपुर पुलिस टीम ने 2-0 से जीत हासिल की। दूसरा मैच महराजगंज व गोंडा पुलिस टीम के बीच खेला गया। महराजगंज पुलिस टीम 3-0 से विजयी रही। तीसरा मैच बहराइच व श्रावस्ती के बीच खेला गया। श्रावस्ती की टीम 4-0 से विजयी रही। महिला वर्ग में बस्ती व कुशीनगर जिले की पुलिस टीमों के बीच पहला मैच खेला गया, जिसमें बस्ती जिले की टीम 2-0 से विजयी रही। दूसरा मैच बहराइच व सिद्धार्थनगर की टीम के बीच खेला गया। बहराइच जिले की टीम 1-0 से विजयी रही। प्रतियोगिता का फाइनल मैच चार मार्च को खेला जाएगा। इस अवसर पर सीओ लाइन जिलाजीत, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह आदि उपस्थित रहे।



स्टेडियम में फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती खिलाड़ी • जागरण

- 71वीं अंतरजनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता
- स्व.रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में चार दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

## प्रशिक्षण शिविर को लेकर जुटे खिलाड़ी, चयन चार को

जासं, देवरिया : आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों एवं केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के चयनित होने के लिए खिलाड़ी जुट गए हैं। क्रीड़ा अधिकारी राज नारायण प्रसाद ने बताया कि केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए 12 वर्ष से कम एवं 15 वर्ष से कम आयु के बालक, बालिकाओं के लिए जिला व मंडल स्तर पर चयन किया जाएगा, जिसमें भाग लेने के लिए खिलाड़ी कार्य दिवस में चार मार्च से दिन में 11 बजे से चार बजे तक जिला खेल कार्यालय से 10 रुपये जमा कर फार्म प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हाकी, वालीबाल, फुटबाल, बैडमिंटन, टेबुल टेनिस, क्रिकेट, कबड्डी, तीरंदाजी, बाक्सिंग, जूडो, हैंडबाल खेलों के जिला स्तरीय व मंडलीय चयन होगा। जिला स्तरीय चयन 13 मार्च से शुरू होकर 18 मार्च तक चलेगा जबकि मंडलीय चयन 15 मार्च से 20 मार्च तक विभिन्न खेलों में अलग-अलग निर्धारित तिथियों में होगा।

हिन्दुस्तान दि० 2/3/23

# एक किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

सुरौली। क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस ने बुधवार की सुबह एक युवक को एक किलो गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसका पुलिस ने चालान कर युवक को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सुरौली थाना क्षेत्र की पुलिस सुबह में क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी बीच गोलौथा गांव की ओर से एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक किलो गांजा मिला। जिसे पुलिस ने गिरफ्वार कर एनडीपीएस एक्ट में चालान कर दिया। युवक की पहचान क्षेत्र के भरौली गांव निवासी नितेश यादव उर्फ रफ्तार यादव पुत्र नागेन्द्र यादव के रुप में हुई।

# चार के विरुद्ध छेड़खानी और मारपीट का केस दर्ज

- सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है घटना
- दुष्कर्म की कोशिश का महिला ने लगाई आरोप

देवरिया, निज संवाददाता। घर में अकेली महिला को देख कर कुछ लोग घर में घुस कर छेड़खानी करने लगे। महिला ने विरोध किया तो मनबढ़ों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार के विरुद्ध छेड़खानी और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाई है कि 25 फरवरी 2023 की भोर में अपने कमरे में सो रही थी। इसी बीच गांव के कुछ लोग घर में घुस गए। उन लोगों ने मेरे के साथ रेप करने की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर हमलावरों ने उसके साथ मारपीट किया।

पीड़िता की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने लक्ष्मन पुत्र राम अवतार, उपेन्द्र पुत्र प्रहलाद, तीजीया देवी पत्नी स्वर्गीय पहलाद व सोनम देवी पत्नी उपेन्दर के विरुद्ध धारा 323, 354, 452, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया।

हिन्दुस्तान दि०-2/03/23

फुटबॉल | जोन के 11 जिलों की पुलिस टीम कर रही है अंतरजनपदीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग, रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही है प्रतियोगिता

# उद्घाटन मैच में बलरामपुर ने सिद्धार्थनगर की टीम को हराया

देवरिया, निज संवाददाता। 71 वीं अन्तर्जनपदीय तीन दिवसीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता स्व.रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्टर्स स्टेडियम में बुधवार को शुरू हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन एएसपी राजेश सोनकर ने किया। पहला मैच सिद्धार्थनगर और बलरामपुर के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन की 11 जिलों की पुलिस की महिला और पुरुष टीमें इसमें प्रतिभाग कर रही है।

71 वीं अन्तर्जनपदीय तीन दिवसीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के जनपद गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती,





बलरामपुर व सिद्धार्थनगर की पुलिस टीम से हाथ मिला कर अंतरजनपदीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए एएसपी राजेश सोनकर (बाएं)। खेल के दौरान एक दूसरे से जूझते हुए बलरामपुर व सिद्धार्थनगर के खिलाड़ी। • हिन्दुस्तान

बलरामपुर जिले से आई पुरूष व महिला पुलिस की फुटबाल टीम प्रतिभाग कर रही है। एएसपी राजेश कुमार सोनकर ने खिलाड़ियों एवं कोच से उनका परिचय प्राप्त करते हुए फुटबाल को किक मारकर उद्घाटन मैच का शुभारम्भ किया गया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि पुलिस की सेवा में काफी स्ट्रेस होता है। जिससे मानसिक दबाव होता है। शारीरिक और मानसिक उत्थान को लेकर चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने को लेकर इस तरह की प्रतियोगिताएं होती रहती हैं। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी खेल के साथ अपने फिट रखते हैं और अपना मनोरंजन भी कर सकते हैं। उद्घाटन मैच पुरुष वर्ग में बलरामपुर व सिद्धार्थनगर पुलिस टीम के मध्य खेला गया। जिसमें बलरामपुर पुलिस टीम 2-0 से विजयी रही। दूसरा मैच महराजगंज व गोण्डा पुलिस टीम के मध्य हुआ। जिसमें महराजगंज की टीम ने 3-0 से विजयी रही। बहराइच व श्रावस्ती के मध्य खेले गये मैच में जनपद श्रावस्ती 4-0 से विजयी रही।

इसी प्रकार महिला पुलिस टीम जनपद बस्ती व कुशीनगर के मध्य खेले गये मैच में बस्ती 2-0 से विजयी रही। महिला पुलिस टीम जनपद बहराइच व सिद्धार्थनगर के मध्य खेले गये मैच में बहराइच 1-0 से विजयी रही। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स जिलाजीत, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह आदि मौजूद रहे।

---

दैनिक जागरण दि०-02/03/23

# चोर समझकर युवक की पिटाई

## पुलिस को सौंपा, ब्लेड और चाकू किया बरामद

- देर शाम युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए दिया था दिखाई
- नारायणपुर व सझवलिया गांव में कुछ दिनों से चोरी की बढ़ गई है घटनाएं

**जासं, खुखुंदू, देवरिया:** ग्रामीणों ने चोर समझकर बुधवार को युवक की पिटाई कर दी। युवक के पास से ब्लेड व चाकू मिला। पुलिस ने युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया।

नारायणपुर व सझवलिया गांव के बीच सड़क किनारे अरहर व गन्ने के खेत के पास देर शाम युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते दिखाई दिया। ग्रामीणों को देखकर युवक अरहर के खेत में घुस गया। बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद युवक को बाहर निकाला। उसकी तलाशी ली तो पैर में बंधा हुआ ब्लेड व चाकू मिला। ग्रामीणों ने कुछ दिन पूर्व गांव में चोरी की कई घटनाओं को देखते हुए युवक पर शक जाहिर किया और पिटाई कर दी। युवक के पास से आधार कार्ड मिला। वह बिहार का रहने वाला बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि युवक नशेड़ी लग रहा है। ग्रामीणों की पिटाई से घायल है। इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

**यह और अन्य खबरें देखें–**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

## एक नजर में

### महिला की पिटाई के मामले में दंपती के विरुद्ध मुकदमा

**देवरिया :** महिला की पिटाई मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने 11 दिन बाद दंपती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। शहर के रामनाथ देवरिया वार्ड नंबर दो की रहने वाली किरन देवी पत्नी कन्हैया कुशवाहा का आरोप है कि 17 फरवरी की सुबह करीब 7.15 बजे पड़ोसी संजय विश्वकर्मा व उसकी पत्नी सरिता देवी से पानी बहाव को विवाद हो गया। दोनों गेट का लाक तोड़कर भीतर घुस आए। लाठी-डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया। महिला किरन के पति शिक्षक हैं, जो घटना के समय कुशीनगर में थे। (जासं)

### छेड़खानी व मारपीट मामले में चार के विरुद्ध केस दर्ज

**देवरिया :** क्षेत्र के एक गांव में 25 फरवरी की भोर में महिला से छेड़खानी करने व मारपीट के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि गांव के लक्ष्मण, उपेंद्र महिला के घर में जबरदस्ती घुस गए। अश्लील हरकत करने लगे। विरोध करने पर पिटाई की। शोर मचाने पर तीजिया देवी पत्नी स्व.पहलाद व सोनम देवी पत्नी उपेंद्र भी आ गईं। चारों से मिलकर बाल पकड़ लिया और मारपीट कर लहुलूहान कर दिया। (जासं)

दैनिक जागरण दि- 02/03/2023

# झोलाझाप की क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग कर छापा

- नौ झोलाछाप किए गए चिह्नित सीएमओ को भेजी गई रिपोर्ट
- जांच के चलते क्षेत्र में कई झोलाछाप परेशान रहे

जासं, रामपुर कारखानाः सीएमओ डा.राजेश कुमार झा के निर्देश पर रामपुर कारखाना विकास खंड क्षेत्र में चलने वाले झोलाछाप क्लीनिकों की स्वास्थ्य टीम ने बुधवार को जांच की, इस दौरान नौ झोलाछाप चिह्नित किए गए। उनके विरुद्ध कार्रवाई को टीम ने रिपोर्ट सीएमओ को भेज दी है। इस अभियान से झोलाछाप में खलबली मची रही।

डुमरी स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.शंभू प्रसाद पुलिस के सहयोग से रामपुर कारखाना उपनगर के अलावा विभिन्न जगहों पर जांच की। कुशहरी चौराहा, बरियारपुर चौराहा, लंगड़ा चौराहा, गौरकोठी, गुदरी बाजार, सिधुआ, रामपुर कारखाना उपनगर में कुल नौ झोलाछाप चिह्नित किए गए। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने इनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए अपनी रिपोर्ट भेजी है। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि अभियान चलाकर झोलाछाप की जांच की गई है। जल्द ही चिह्नितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



रामपुर कारखाना कस्बा में छापेमारी करती स्वास्थ्य विभाग की टीम व पुलिस ● जागरण

### जांच टीम को देख क्लीनिक का गिरा शटर

लार : उपनगर के अपंजीकृत निजी अस्पताल, पैथालाजी व झोलाछाप क्लीनिक की जांच बुधवार अभियान चलाकर की गई। टीम के पहुंचने से पहले ही झोलाछाप क्लीनिक बंद कर फरार हो गए। सीएचसी अधीक्षक डा.बीवी सिंह ने बताया कि नोटिस के बाद कुछ लोगों ने पंजीकरण कराया है। अभियान चलाया गया है, कोई झोलाछाप नहीं मिला।

दैनिक जागरण दि- 2/03/23

# शासन ने दिखाई सख्ती, 16056 ने छोड़ी परीक्षा

## डीआइओएस समेत अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण



राजकीय इंटर कालेज परिसर से परीक्षा देकर बाहर आती छात्राएं ● जागरण

जासं, देवरियाः उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल व इंटर बोर्ड की परीक्षा में बुधवार को सख्ती का असर दिखा। 16056 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। डीआइओएस डा.विनोद कुमार राय समेत अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

सुबह की पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी, जिसमें पंजीकृत 69102 परीक्षार्थियों की जगह 59746 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। 9356 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। भटनी के रामपुर पोखरापर में एक परीक्षार्थी की जगह परीक्षा दे रहे फर्जी परीक्षार्थी को पकड़ा गया, जबकि द्वितीय पाली में इंटर अर्थशास्त्र व भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षा रही, जिसमें पंजीकृत

> परीक्षार्थी के स्थान पर दूसरा युवक पकड़ा देते पकड़ा गया है। आरोपित को पुलिस के हवाले किया गया है। भटनी थाने में केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।
>
> डा.विनोद कुमार राय, डीआइओएस

49717 परीक्षार्थियों की जगह 43017 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। यहां 6700 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

**1035 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा** : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के संस्कृत बोर्ड की चल रही परीक्षा में बुधवार को 1035 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। प्रथम पाली में पूर्व मध्यमा द्वितीय सामाजिक विषय की परीक्षा में पंजीकृत 672 की जगह 446, उत्तर मध्यमा प्रथम गृह विज्ञान में पंजीकृत 633 की जगह 349 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया, जबकि द्वितीय पाली में पूर्व मध्यमा प्रथम सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा में पंजीकृत 1054 की जगह 544, उत्तर मध्यमा द्वितीय अर्थ शास्त्र विषय की परीक्षा में पंजीकृत नौ की जगह छह, उत्तर मध्यमा द्वितीय भौतिक विज्ञान में पंजीकृत 47 की जगह 35 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया।

### दूसरे के नाम पर परीक्षा दे रहा युवक गिरफ्तार, मुकदमा

जासं, देवरिया: बोर्ड परीक्षा में सख्ती के बावजूद सेंध लगाने में नकल माफिया पीछे नहीं हट रहे हैं। भटनी विकास खंड के रामपुर पोखरापर स्थित बापू राष्ट्रीय इंटर कालेज में प्रथम पाली में दूसरे के नाम पर परीक्षा दे रहे युवक को केंद्र व्यवस्थापक ने पकड़ लिया और पुलिस बुलाकर सौंप दिया। केंद्र व्यवस्थापक ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। यशोदा देवी इंटर कालेज घांटी के छात्रों का परीक्षा केंद्र बापू राष्ट्रीय इंटर कालेज रामपुर पोखरापार बनाया गया है। बुधवार की सुबह प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी विषय की परीक्षा चल रही थी। यशोदा देवी इंटर कालेज के परीक्षार्थी वीर बहादुर यादव पुत्र रामानंद यादव की जगह रायबारी गांव का रहने वाला पियुष शर्मा परीक्षा दे रहा था। कक्ष संख्या चार में केंद्र व्यवस्थापक राघवेंद्र यादव ने जांच शुरू की। पूछताछ में उसने वीर बहादुर की जगह परीक्षा देने की बात कबूल की।



दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा पियुष।

**10 दिन में दूसरी बार भटनी में पकड़ा गया फर्जी परीक्षार्थी**: यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर भले ही सख्ती बरती जा रही है, लेकिन नकल कराने वाले नई तरकीब अपना रहे हैं। सीसी कैमरे से निगरानी के बीच नकल कराने के लिए दूसरे युवक को परीक्षा में बैठाया जा रहा है। भटनी के सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटर कालेज भरहेचौरा में 21 फरवरी को भी दूसरे के नाम पर परीक्षा दे रहे एक युवक को गिरफ्तार किया गया था। 10 दिन में दूसरी बार किसी और के नाम पर परीक्षा देते हुए फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा गया है।

दैनिक जागरण 02/03/23

# मुरासो गांव पहुंचे रामसुमेर, देखकर रो पड़ा अंगेश

जासं, भागलपुर, देवरिया: जयपुर से मुरासो गांव अपने घर पहुंचे रामसुमेर यादव को देखकर मौत के 15 वर्ष बाद जिंदा लौटे कथित पुत्र अंगेश ने उनके पैरों पर अपना सिर रख दिया। अंगेश की आंखों से आंसुओं की धारा बहने लगी। यह देखकर रामसुमेर यादव की आंखें भी डबडबा गईं। उन्होंने अंगेश को उठाकर गले लगा दिया। यह दृश्य देखकर सभी लोग भावुक हो गए। उधर एसपी संकल्प शर्मा ने पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

मईल क्षेत्र के मुरासो गांव के रहने वाले रामसुमेर यादव जयपुर में स्टील फैक्ट्री में कार्य करते हैं। स्वजन के अनुसार 15 वर्ष पूर्व सर्प दंश से उनके पुत्र अंगेश यादव की मृत्यु हो गई थी। जिसे उन्होंने केले के तने पर लिटाकर भागलपुर के सामने सरयू नदी में बहा दिया था। रविवार को अंगेश के जिंदा घर आने की सूचना उन्हें मिली। सोमवार की सुबह वह जयपुर से घर मुरासो के लिए रवाना हुए। बुधवार के शाम वह अपने घर मुरासो पहुंचे। उनके आने की खबर पाकर दरवाजे पर गांव के तमाम लोग इकट्ठे थे। कथित पुत्र अंगेश ने पिता को देखा तो भावुक हो गया। उनके पैरों पर गिर पड़ा। यह देखकर रामसुमेर ने उसे उठाकर गले लगा लिया। निकट खड़े गांव के छोटू यादव ने बताया कि अंगेश उनका बचपन का मित्र है। बचपन की बातें उसे याद है। यह अंगेश ही है। उधर, 27 फरवरी को अंगेश की तस्वीरें जब अखबारों



मुरासो गांव में रामसुमेर के साथ कथित पुत्र अंगेश (मध्य में) ● जागरण

में छपी तो भटनी के पिपरा देवराज गांव के लोग अवाक रह गए। यह युवक पिपरा देवराज गांव में स्व. देवनंदन यादव का पुत्र बृजेश उर्फ पतरू बनकर पांच माह से गांव में रहा था व अचानक 24 फरवरी को घर से लापता हो गया। 26 फरवरी को बलिया के बेल्थरा रोड पहुंचकर खुद को मुरासो गांव का अंगेश यादव पुत्र राम सुमेर यादव बताया, जिसकी सर्पदंश से 15 वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी व जिंदा होने की कहानी सुनाई। इसी बीच 28 फरवरी को बृजेश के रूप में पिपरा देवराज गांव पहुंचने का पांच माह पुराना वीडियो बुधवार को वायरल हुआ, जिसकी पुष्टि दैनिक जागरण नहीं करता है। इसके बाद वह सवालों के घेरे में आ गया। पुलिस की जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी। फिलहाल मुरासो के रामसुमेर यादव के परिवार ने उसे पुत्र के रूप स्वीकार कर लिया है।

**थानाध्यक्ष मईल ने की पूछताछ:** मईल थानाध्यक्ष संदीप सिंह ने मुरासो गांव पहुंचकर कथित अंगेश व घरवालों से जानकारी जुटाई। उनके बाद मईल थाने के सिपाही संतोष यादव ने पिता रामसुमेर यादव से पूछताछ की। भागलपुर चौकी प्रभारी मान सिंह ने बताया कि घर के सभी सदस्यों ने अंगेश को पुत्र के रूप में स्वीकार लिया है। भटनी के पिपरा देवराज गांव के रहने वाले लापता बृजेश यादव के स्वजन को गुरुवार को मईल थाने में बुलाया गया है।

- एसपी बोले, सीओ करेंगे पूरे प्रकरण की जांच, सच्चाई जल्द आएगी सामने
- अंगेश को स्वजन ने स्वीकारा, बृजेश होने से किया इन्कार

युवक की वास्तविकता का पता लगाया जा रहा है। इसके लिए सीओ बरहज अंशुमन श्रीवास्तव व सीओ भाटपाररानी विनय यादव को निर्देश दिए गए हैं। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

संकल्प शर्मा, एसपी, देवरिया

अमर उजाला 2/3/23

# रामपुर कारखाना में अवैध मेडिकल स्टोर पर छापेमारी

**रामपुर कारखाना।** स्थानीय नगर पंचायत समेत क्षेत्र रामपुर कारखाना क्षेत्र के विभिन्न चौराहे पर अवैध क्लीनिक और मेडिकल स्टोर खिलाफ बुधवार की दोपहर छापेमारी की गई।

जिला अधिकारी के निर्देश पर पीएचसी प्रभारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने छानबीन की।

अवैध मेडिकल और झोलाछाप डॉक्टरों स्टोर संचालित होने की लगातार मिल रही शिकायतों पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रामपुर कारखाना कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में जांच का निर्देश दिया था। पीएचसी रामपुर कारखाना प्रभारी डॉक्टर शंभू प्रसाद, अखिलेश कुमार सिंह और एसआई मिथिलेश कुमार की टीम ने मेडिकल स्टोर की जांच शुरू की।

कस्बे के मुख्य चौराहा, बहरामपुर मोड़, टाउन एरिया गेट गुदरी बाजार, मन्नू लाल-पन्ना लाल चौराहा, ठाकुर मंदिर वार्ड और शिव मंदिर वार्ड समेत कुशहरी, लंगड़ा, सिधुवा, गौरकोठी चौराहों पर जांच की गई। संवाद

अमर उजाला दि० 2/3/23

# दूसरे की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया युवक

## बापू राष्ट्रीय इंटरमीडिएट कॉलेज पोखरापार का मामला, मुकदमा हुआ दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**भटनी।** यूपी बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली में बुधवार को दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे युवक को सचल दल ने पकड़ लिया। प्रश्नपत्र व उत्तरपुस्तिका जमा कराने के बाद केंद्राध्यक्ष ने युवक को पुलिस को सौंप दिया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी से शिकायत के बाद की गई है।

यूपी बोर्ड की प्रथम पाली में बुधवार सुबह हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा चल रही थी। भटनी के बापू राष्ट्रीय इंटरमीडिएट कॉलेज पोखरापार में एक युवक दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। निरीक्षण के दौरान आंतरिक सचल दल ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम पीयूष शर्मा, निवासी रायबारी, घांटी बताया। वह परीक्षार्थी वीरबहादुर यादव के स्थान पर परीक्षा दे रहा था।

सचल दल की कार्रवाई के बाद केंद्राध्यक्ष ने युवक से प्रश्नपत्र व



राजकीय इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर निकलतीं छात्राएं। संवाद

उत्तरपुस्तिका जमा करा ली। उधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध केस दर्ज किया है। पूछताछ के बाद आरोपी परीक्षार्थी पर भी करवाई हो सकती है।

केंद्र व्यवस्थापक राघवेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जिलाधिकारी से किसी ने इसकी शिकायत की थी। उनके निर्देश पर हुई जांच में युवक दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया है। प्रश्नपत्र व उत्तर पुस्तिका जमा करने के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया गया है। एसओ श्यामानंद राय ने बताया कि दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते एक युवक को हिरासत में लिया गया।

केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच में दोषी पाए जाने पर परीक्षार्थी पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### हाईस्कूल में 9,356, इंटर में 6,700 ने छोड़ी परीक्षा

**देवरिया।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर परीक्षा में बुधवार को दोनों पालियों में 16,056 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। बुधवार को सुबह की पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा थी। इसमें जनपद में 69,102 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें 59,746 उपस्थित एवं 9356 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटर के भौतिक विज्ञान प्रश्नपत्र में पंजीकृत 49,717 परीक्षार्थियों में 43,017 उपस्थित और 6,700 अनुपस्थित रहे।

महत्वपूर्ण विषयों की परीक्षा होने से बुधवार को सभी 193 केंद्रों पर सेक्टर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा सचल दल की टीमों ने अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक केंद्रों का निरीक्षण किया। दोनों प्रश्नपत्रों में सकुशल परीक्षा हो, इसके लिए मंगलवार की देर रात में ही डीआईओएस ने कई स्कूलों का निरीक्षण कर केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा में सख्ती बरतने के निर्देश दिए थे। संवाद

# सड़क पर रात गुजार रहा परिवार

**खामपार।** श्रीरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम बनकटा जगदीश की महिला पूजा देवी पत्नी सुनील की नामजद तहरीर पर पुलिस ने बुधवार को गांव के 11 लोगों पर मारपीट, बलवा व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पूजा देवी ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि जब वह घर से अपने बच्चे को लेकर निकल रही थीं, उसी समय गांव के एक व्यक्ति ने उसके पैर पर बाइक चढ़ा दी। जब विरोध किया तो उन्होंने मुझसे छेड़खानी करते हुए मुझे तथा मेरे परिजनों को पीटकर घायल कर दिया ।

महिला की तहरीर पर पुलिस ने घटना में सम्मिलित विशाल राजभर, गोपी राजभर, तारकेश्वर राजभर, अमरनाथ राय, राजेंद्र राय, संदीप राय,जय राम, गोविंद, शंकर राजभर, राहुल एवं अजय निवासी बनकटा जगदीश के विरुद्ध मारपीट करने व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष श्रीरामपुर में बताया कि 11 पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

अमर उजाला दि-04/03/23

अमर उजाला दि० 02/03/23

# पुलिस ने मृत शिक्षक पर दर्ज कराया मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

## हादसे में घायल शिक्षक अरविंद राय की सोमवार की रात हो चुकी है मौत

घांटी बाजार/भटनी। सड़क हादसे में घायल शिक्षक की इलाज के दौरान सोमवार की रात मौत हो गई। शिक्षक की मौत की जानकारी पर परिवार, गांव व शिक्षक समाज शोकाकुल है। अभी पीड़ित परिवार दुख मना ही रहा था कि तभी बुधवार को पुलिस ने मृत शिक्षक पर केस दर्ज करा दिया। परिवारीजनों ने जिलाधिकारी से इसकी शिकायत करने की बात कही है।

बांसघांटी गांव निवासी अरविंद राय गांव के प्राथमिक विद्यालय पर प्रधानाध्यापक थे। वह परिवार के साथ देवरिया रहते थे। 22 फरवरी को वह देवरिया से बांस घांटी विद्यालय पर ड्यूटी जा रहे थे। भटनी के अमवा तिवारी गांव के सामने शिक्षक और धर्मखोर बाबू निवासी राम तपेश्वर की बाइक की टक्कर हो गई। इसमें दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज गोरखपुर निजी अस्पताल में चल रहा था कि सोमवार की रात शिक्षक अरविंद राय की मौत हो गई।

गमगीन पूरा परिवार इसका शोक मना रहा था कि बुधवार शाम राम तपेश्वर के बेटे के तहरीर पर पुलिस ने मृतक शिक्षक पर केस दर्ज करा दिया।

पीड़ित परिवार ने कहा कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की जबकि घायल व्यक्ति की तहरीर पर मृतक पर केस दर्ज कर लिया। उन्होंने इसकी शिकायत जिलाधिकारी व एसपी से करने की बात कही है।

एसओ श्यामानंद राय ने बताया कि दो लोगों के बीच बाइक की टक्कर हुई थी। उसी में केस दर्ज हुआ है। शिक्षक की मौत हो गई है। इसकी जानकारी नहीं थी।

अमर उजाला दि० 2/3/23

# जेल से बदमाश ने भाजपा नेता को जमीन खाली करने की दी धमकी

## हंडुवा गांव का मामला, पुलिस जांच में जुटी

संवाद न्यूज एजेंसी

**सलेमपुर।** भाजपा के एक बूथ अध्यक्ष ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जेल में बंद एक बदमाश उन्हें फोनकर घर की बगल की जमीन खाली करने की धमकी दे रहा है। फोन कटने के बाद आनन-फानन बूथ अध्यक्ष कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के हंडुआ उर्फ औरंगाबाद गांव निवासी गोरख प्रसाद भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। बुधवार को उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की रात करीब नौ बजे उनके मोबाइल फोन पर जेल में बंद एक बदमाश का फोन आया। बदमाश ने अपना नाम बताते हुए

### भाजपा नेता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

उनसे कहा कि प्रदीप गुप्ता नामक व्यक्ति की जमीन अब उसकी कस्टडी में है, उसे खाली कर दो।

बदमाश ने चेताया कि अब उसकी सजा का समय पूरा हो गया है। अगर जमीन खाली नहीं हुई तो जेल से रिहा होने के बाद तुम अपने बारे में समझ लेना। फोन कटने के बाद पीड़ित ने इसकी जानकारी अपने शुभचिंतकों को दी।

कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि जमीन खाली करने के लिए जेल में बंद एक बदमाश का फोन आने की बात कही जा रही है। इसकी तहरीर मिली है। दोनों मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लगाकर ट्रेस किया जा रहा है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पांच चोरियों में अन्य जिले के गिरोह की आशंका

**खुखुंदू।** थाना क्षेत्र के तीन गांवों में तकरीबन दो सप्ताह पूर्व एक ही रात हुई ताबड़तोड़ पांच चोरियों ने जहां पुलिस की नींद उड़ा दी, वहीं, गांव के लोग दहशत में आ गए हैं।

सझवलिया गांव निवासी राजेश पासवान के घर में तकरीबन दो सप्ताह पूर्व चोरी हुई। चोरों ने पीछे से छत के रास्ते घर में घुसकर कमरे में रखा सूटकेस तोड़कर सोने का एक अदद चेन, दो अदद झुमका, दो अदद अंगूठी एवं चांदी के दो अदद पायल सहित अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। चोरों ने दरवाजे पर रखी गुमटी का ताला तोड़कर उसमें रखा 1,100 नकद चुरा लिया था।

चोरों ने इसी गांव में फिर से दूसरी चोरी की घटना को अंजाम दिया। हरेंद्र यादव के घर को खंगाला और बॉक्स तोड़कर आभूषण, नकदी सहित कीमती कपड़े चुरा ले गए। इसके बाद महज तीन सौ मीटर दूरी पर स्थित नारायनपुर गांव में दिनेश प्रसाद के घर में चोर घुस गए और जिन कमरों में घरवाले सोए थे, उनमें बाहर से कुंडी बंद कर ताले की जगह कपड़े फंसा दिए। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सुराग मिलने पर पुलिस कुशीनगर गई थी। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 02-03-2023

# एसडीएम ने पकड़े बालू लदे दो ट्रक

रामकोला। कप्तानगंज एसडीएम ने मंगलवार की रात बालू लदा दो ट्रक पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। कागजात ठीक न होने रामकोला थाने की पुलिस ने दोनों ट्रक को सीज कर जांच शुरू कर दिया है।

नायब तहसीलदार कप्तानगंज ने मंगलवार को दिन में एक सफेद बालू लदे ट्रक को पकड़ा था और कूटरचित कागजात के कारण सीज करवा दिया था। एसडीएम ने ट्रकों को रोककर कागजात की मांग की। कागजात सही नहीं मिलने पर उन्होंने दोनों ट्रकों को रामकोला पुलिस को सौंप दिया।

# 12 दिन में 12 हजार ने बदला नम्बर प्लेट, साढ़े पांच लाख का जुर्माना

■ संदीप त्रिपाठी

पडरौना। जिले के 12 हजार वाहन स्वामियों ने पिछले 12 दिन में अपने वाहनों का हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाया है। एआरटीओ लगातार अभियान चलाकर नौ दर्जन वाहनों का चालान काटकर साढे पांच लाख रूपये का जुर्माना लगाया है। विभाग के लाख प्रयास व सखती के बावजूद 1.93 लाख वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगा है। इसके लिए विभाग ऐसे वाहनों पर किसी प्रकार की कागजी कार्रवाई पर रोक



एआरटीओ कार्यालय, कुशीनगर

लगाते हुये वाहन स्वामियों पर कार्रवाई करने में जुटा हुआ है। केंद्र सरकार ने वाहनों की सुरक्षा तथा एकरूपता लाने के लिए जनवरी 2021 से सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट यानि

- दूसरी बार दस हजार तथा तीसरी पर सीज करने का आदेश
- जिले के 5.27 लाख वाहनों में 3.34 लाख वाहनों में लगा एचएसआरपी

एचएसआरपी को लागू किया था। एआरटीओ कार्यालय के आरआई आरडी प्रसाद वर्मा ने बताया कि इसके लिए वाहन स्वामियों की सुविधानुसार तिथि निर्धारित की गई थी। जिन वाहनों के नम्बर प्लेट के अंत में 0 या 1 है, उन्हें 15 फरवरी 2022 तक की छूट दी गई थी। जिनके अंत में 2 या 3 है, उन्हें 15 मई 2022 तक, जिनके अंत में 4 या 5 है, उन्हें 15 अगस्त 2022 तक, जिनके अंत में 6 या 7 है, उन्हें 15 नवंबर 2022 तथा जिन वाहनों के नंबर के अंत में 8 या 9 है, उन्हें 15 फरवरी 2023 तक की छूट दी गई थी। पिछले 15 फरवरी तक जिले में कुल पंजीकृत 527703 वाहनों में 322058 वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगा था। लाख प्रयास के बावजूद 205645 वाहन स्वामियों ने एचएसआरपी नहीं लगवाया था। इसके बाद 16 फरवरी से लगातार एआरटीओ ने अभियान चलाकर पिछले 12 दिनों में बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट वाले 110 वाहनों का चालान कर साढे पांच लाख रूपये का चालान काटा है। इस संबंध में एआरटीओ मुहम्मद अजीम ने बताया कि छूट की तिथि पिछले 15 फरवरी को समाप्त हो गई है। अभियान चलाकर वाहनों की जांचकर जुर्माना वसूला जाएगा।

### तीसरी बार होगी सीज की कार्रवाई

सड़कों पर बिना हाई सिक्योरिटी दौड़ने वाली वाहनों की जांच के दौरान पहली बार पांच हजार रूपये का जुर्माना लग रहा है। इसके बावजूद एचएसआरपी नही लगवाने वाले को दूसरी बार में दस हजार जुर्माना लगेगा। तीसरी बार पकड़े जाने पर गाड़ी को सीज कर जब्ती की कार्रवाई की जायेगी। जनपद ट्रांसपोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरिजेश मिश्र व महामंत्री उदयप्रताप सिंह ने बताया कि एजेंसी संचालकों द्वारा हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट पर लगे बार कोड को स्कैन नही कर रहे हैं।

# तीन प्रतिबंधित पशुओं के साथ दो तस्कर पकड़े गए

- आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को भेजा जेल

हाटा, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की देर रात भड़कुलवा चौराहे के पास फोरलेन पर तीन प्रतिबंधित पशु लगे पिकप को पकड़ा। पिकप में चालक सहित दो तस्कर मौजूद थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर पशुओं को मुक्त करा लिया है। पिकअप सीज कर दी गयी है।

कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक अभय कुमार, कांस्टेबल रमेश यादव, हरिकेश चौधरी, अजीत कुमार, हरिअनुग्रह सिंह मंगलवार की रात भड़कुलवा चौराहे के निकट फोरलेन पर गश्त पर थे। उसी दौरान हाटा से कसया के तरफ जा रही एक संदिग्ध पिकअप दिखाई दी। पुलिस टीम ने उसे रोककर जांच की तो उसमें तीन प्रतिबंधित पशु क्रूरतापूर्व बंधे हुए मिले। पुलिस ने पशुओं को मुक्त कराते हुए दोनों पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। तस्करों की पहचान तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के इंकवल गांव निवासी खुश मोहम्मद अंसारी व कसया थाना क्षेत्र के सपहा निवासी बरकत के रूप में हुई है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर दोनों को जेल भेज दिया है।



जटहा बजार थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक करते एसओ। • हिन्दुस्तान

# अराजकता फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**जटहा बजार।** त्योहारों को लेकर स्थानीय थाना में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें त्योहारों को आपसी भाई चारे व शान्ति पूर्वक मानाने का अपील करते हुये साईबर अपराध से बचाव की जानकारी दिया गया। पीस कमेटी में पहुंचे लोगों से एसओ राजकुमार बरवार ने अगामी होली त्यौहार लेकर कहा कि 7 मार्च को शब ए बरात व 8 को होली का त्योहार है।

# भूमि विवाद में पिता-पुत्र के खिलाफ केस

**पटहेरवा।** क्षेत्र के बभनौली गांव निवासी एक व्यक्ति ने भूमि विवाद को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों पर केस में पैरवी न करने की धमकी देने और गाली गलौज करने के साथ ही जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ धमकी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के बभनौली गांव निवासी जितेंद्र यादव ने पटहेरवा पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि गांव के ही रुदल यादव से भूमि विवाद चलता है। 12 फरवरी की शाम को रुदल यादव का पुत्र परशुराम यादव अचानक मुझे व मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी ने कहा कि बचने का एक ही रास्ता है कि विवाद को खत्म करके जमीन उसे बेच दो।

# अंग्रेजी की परीक्षा में छात्रा हुई बेहोश

**यूपी बोर्ड परीक्षा**



पीएचपी हायर सेकेंड्री स्कूल चौरिया कठकुइया में बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण करते एसडीएम पडरौना महात्मा सिंह।

**पडरौना, निज संवाददाता।** जिले के 178 परीक्षा केंद्रों पर बुधवार से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा संपन्न हुई। दोनों पालियों में आयोजित परीक्षा की मॉनीटरिंग वाइस रिकार्डिंग युक्त सीसीटीवी कैमरा तथा मजिस्ट्रेटों की जांच के माध्यम से की गई। हाईस्कूल अंग्रेजी में 5066 तथा इंटर के दो विषयों में 2278 परीक्षार्थियों ने सख्ती चलते परीक्षा छोड़ दी। अंग्रेजी के पेपर में एक छात्र बेहोश हो गई।

माध्यमिक शिक्षा परिषद से जिले में 20 राजकीय, 55 एडेड समेत 328 विद्यालय संचालित हैं। इन स्कूलों के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में नामांकित 1 लाख 19 हजार 370 की परीक्षा पिछले 16 अप्रैल से जिले के 178 परीक्षा केंद्रों पर चल रही है। इसमें हाईस्कूल में कुल 67674 छात्र पंजीकृत हैं, जिसमें छात्र 35359 और छात्राएं 32315 हैं। इंटर परीक्षा में कुल 51696 छात्र पंजीकृत हैं। इसमें छात्र 26359 व छात्राएं 25337 शामिल हैं। सुबह 8 बजे से आयोजित परीक्षा में गेट पर प्रवेश में दौरान छात्र-छात्रों की महिला व पुरूष शिक्षकों द्वारा चेकिंग की गई। प्रथम पाली हाईस्कूल अंग्रेजी का पेपर सभी केंद्रों पर आयोजित हुई। इसमें पंजीकृत 64901 में 5066 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली की इंटरमीडिएट की परीक्षा 121 केंद्रों पर दो बजे से आयोजित हुई। इसमें इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान के पेपर में कुल पंजीकृत 29260 परीक्षार्थियों में 2143 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अर्थशास्त्र की परीक्षा में पंजीकृत 3284 में 136 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल पंजीकृत 32544 में 2278 अनुपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा में आज

**हाईस्कूल- प्रथम पाली-** गुजराती, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल आदि विषय, समय 8 से 11.15 बजे तक।

**इंटर- प्रथम पाली-** काष्ठ शिल्प, ग्रंथ, सिलाई शिल्प आदि व्यवसायिक शिक्षा विषय, समय 8 से 11.15 बजे तक

**इंटरमीडिएट- दूसरी पाली-** इतिहास, कृषि भौतिकी एवं जलवायु विज्ञान, कृषि जन्तु विज्ञान, समय 2 से 5.15 बजे तक

# बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**जासं, पटहेरवाः** क्षेत्र के कस्बा फाजिलनगर में पुलिस चौकी के पास घर के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात चोर चुरा ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर ली है। घटना 27 फरवरी की शाम करीब सात बजे की बताई जा रही है। पीड़ित नवीन कुमार ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि वह अपनी नई बाइक को दरवाजे पर खड़ी कर कपड़ा बदलने लगा, जब बाहर आया तो बाइक गायब थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# जबरिया भूमि पर कब्जा करने का आरोप, मुकदमा

**पटहेरवा :** क्षेत्र के गांव बभनौली निवासी जितेंद्र यादव ने पुलिस को दिए गए तहरीर में लिखा है कि पट्टीदार रुदल यादव के बीच लंबे समय से भूमि विवाद चल रहा है, जिसका मामला न्यायालय में लंबित है। इसी विवाद को लेकर पिता व पुत्र परशुराम यादव जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# महिला से छेड़खानी का आरोप, मुकदमा

**पटहेरवा :** चौराखास के एक गांव की महिला ने आरोप लगाई है कि उसके मायके के एक युवक अक्सर उसके घर आता था। एक दिन वह रात करीब रात आठ बजे घर आया और अकेला देखकर अश्लील हरकत व छेड़खानी करने लगा। उसके पति मुंबई नौकरी करते हैं। उसके मायके का सुधाकर कुमार शर्मा अक्सर उसके घर आता जाता था। घटना की रात ससुर व बच्चे सो गए थे। अकेले देखकर अश्लील हरकत व छेड़खानी करने लगा। जब वह शोर मचाई तो आरोपित फरार हो गया। (जासं)

# बालू लदे दो ट्रक सीज किए गए

रामकोला। कप्तानगंज के एसडीएम ने मंगलवार की देर रात अवैध बालू लदे दो ट्रकों को रामकोला कस्बे में पकड़ा। उन्हें सीज कर रामकोला पुलिस को सुपुर्द कर दिया। एसडीएम मोहम्मद जफर ने बताया कि बिहार से अवैध बालू ट्रक से लेकर आने की सूचना मिली थी। रामकोला कस्बे में उन्हें पकड़कर सीज कर दिया गया। एक ट्रक कुसम्हा स्थित पेट्रोल पंप के पास और दूसरे को बलुआ चौराहे पर पकड़ा गया। दोनों ट्रकों को रामकोला पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। संवाद

# तीन पशु मुक्त, तस्करी के दो आरोपी गिरफ्तार

पडरौना। हाटा कोतवाली की पुलिस ने भड़कुलवा बाजार के पास पिकअप से तीन पशुओं को मुक्त कराया। उन्हें वध के लिए ले जाया जा रहा था। पशु तस्करी के आरोप में दो व्यक्ति गिरफ्तार किए गए। दोनों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी खुश मोहम्मद तुर्कपट्टी और बरकत कसया थाना क्षेत्र के सपहां का निवासी है। संवाद

# जबरदस्ती भूमि लेने का दबाव, मुकदमा दर्ज

उजारनाथ। पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव बभनौली निवासी एक व्यक्ति ने अपने पट्टीदार पर जबरदस्ती भूमि लेने और उस पर कब्जे के लिए वह जानमाल की धमकी दे रहा है। तहरीर के मुताबिक, दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पुलिस जांच में जुटी है। बभनौली निवासी जितेंद्र यादव ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि उसके तथा रुदल यादव के बीच लंबे समय से भूमि के लिए विवाद है। इसका मुकदमा न्यायालय में लंबित है। इसी विवाद में रुदल यादव व उनके बेटे परशुराम यादव उन्हें गालियां और धमकी दी। पुलिस ने रूदल व उसके बेटे परशुराम के केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा

रामकोला।थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से दुष्कर्म के आरोपी के घर बुधवार को पुलिस ने नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी अगर न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई होगी। रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से दुष्कर्म के आरोप में महराजगंज जिले के कोठीभार थाना क्षेत्र के खेशरारी गांव के युवक पर मुकदमा दर्ज है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा न्यायालय में चल रहा है, लेकिन आरोपी हाजिर नहीं हो रहा है। संवाद

# पुलिस के हत्थे चढ़ा गो-तस्करों को किराये पर वाहन देने का आरोपी

अमर उजाला ब्यूरो

## खोराबार थाने के वांछित संतोष पर घोषित किया गया था 15 हजार रुपये का इनाम

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामी गो-तस्कर संतोष को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दो साल से फरार था। वह तस्करों से प्रति चक्कर के लिए 25 हजार रुपये लेकर पिकअप उपलब्ध कराता था। पुलिस के मुताबिक, वह खुद भी गो-तस्करी करता था।

आरोपी के पिकअप को पुलिस ने जब्त किया था, तभी से वह फरार था। पुलिस ने आरोपी के पास से 41 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पकड़ा गया आरोपी कुशीनगर के पटहेरवा का निवासी है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने प्रेस कांफ्रेंस बताया कि साल 2020 में खोराबार थाने में संतोष के खिलाफ गोवध अधिनियम के तहत केस दर्ज है। उसपर पुलिस ने इनाम भी रखा था। लेकिन, वह हर बार पुलिस को चकमा देकर बच जाने में सफल हो जाता था।

# फोन करके आवास के नाम पर मांग रहे रुपये

संवाद न्यूज एजेंसी

**मथौली बाजार।** नगर पंचायत मथौली में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर कॉल करके लाभार्थियों से रुपये मांगे जा रहे हैं। रकम नहीं देने पर आवास के लाभ से वंचित रहने की बात कही जा रही है। जालसाजों की हरकत से लोग परेशान हो गए हैं। अधिशासी अधिकारी अंबरीश कुमार सिंह ने बताया कि जिन नंबरों से काल आई है, उनकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

मथौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11, रानी लक्ष्मीबाई नगर निवासी भीखम प्रसाद की पत्नी पार्वती के मोबाइल नंबर पर बुधवार की दोपहर 12 बजे कॉल आई। काल करने वाले ने बताया कि वह लखनऊ से बोल रहा है। उसने किसी सहज जनसेवा केंद्र पर

## जालसाजों ने शुरू किया फर्जीवाड़ा, सजग रहें लाभार्थी

## जिन नंबरों से आई कॉल उनकी कराई जाएगी जांच

जाकर बात कराने के लिए कहा। अन्जान व्यक्ति ने यह भी बताया कि एक बैंक खाता नंबर देंगे, जिसमें 2600 रुपये जमा करा देना। तभी आप का आवास बन पाएगा, नहीं तो नाम कट जाएगा।

महिला ने कहा कि वर्तमान में उनके पास इतने रुपये नहीं हैं। इसलिए महिला ने 299 रुपये भेज दिए। पार्वती ने इसकी जानकारी अपने पड़ोसी शुभनरायन राव को दी। शुभ नारायण ने जब काल की तो उसे रीसिव करने वाले व्यक्ति ने गोलमोल बात करके फोन काट दिया। दोबारा उसने कॉल नहीं स्वीकार की।

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-03-2023

# दो पक्षों में मारपीट, 26 के खिलाफ केस दर्ज

कोल्हुई, हिन्दुस्तान संवाद। कोल्हुई क्षेत्र के ग्राम पंचायत एकसड़वा टोला सोनबरसा में पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार की देर रात दो पक्ष के बीच मारपीट हुई। इसमें कई लोग घायल हो गए। विवाद की सूचना मिलने के कुछ ही देर बाद पुलिस कर्मी गांव में पहुंच गए। स्थिति को अपने नियंत्रण में लेने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी। 26 आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। 14 आरोपितों का शांतिभंग में चालान किया गया।

प्रभारी एसपी आतिश कुमार सिंह ने सीओ के साथ देर रात गांव का दौरा कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया। एहतियात के तौर पर गांव में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मारपीट की यह घटना सोमवार को गांव के एक पोखरे की जेसीबी से खुदाई को लेकर शुरू हुई। बताया जा रहा है कि पूर्व प्रधान जेसीबी मशीन से पोखरे की खुदाई करा रहे थे। आरोप है कि गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंच गए। वाद-विवाद शुरू हो गया, पर अन्य लोगों के बीच-बचाव से मामला शांत हो गया।देखते ही देखते लाठी-डंडा से मारपीट शुरू हो गई।



सोनबरसा गांव में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए बुधवार को पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया है।

## कई थानों की पुलिस पहुंची, छावनी बना गांव

एकसड़वा टोला सोनबरसा में मारपीट की सूचना मिलते ही प्रभारी एसपी आतिश कुमार सिंह के निर्देश पर कई थानों की पुलिस गांव में पहुंच गई। प्रभारी एसपी सीओ के साथ गांव में पहुंचे। मारपीट में दोनों पक्ष के आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस कर्मी उपद्रवियों की धर-पकड़ शुरू कर दिया। मारपीट की इस घटना में अर्जुन यादव की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के जावेद समेत छब्बीस आरोपितों के खिलाफ बलवा, मारपीट व कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बूथों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां, मतदान आज

**जासं, महराजगंज**: ग्राम प्रधान के रिक्त तीन पदों और सदस्य के एक पदों पर मतदान दो मार्च को होगा। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने के लिए बुधवार को पोलिंग पार्टियां बूथों पर पहुंच गईं। प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

प्रधान पद के लिए परतावल विकास खंड के बलुआ, मिठौरा ब्लाक के मोहनापुर तथा निचलौल ब्लाक गिरहियां में चुनाव होगा। सदस्य पद के लिए मिठौरा ब्लाक के बरवा राजा में चुनाव होगा। बलुआ में प्रधान पद के दो प्रत्याशी आमने सामने हैं। मोहनापुर और गिरहिया में तीन-तीन प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। बरवा राजा में सदस्य पद के दो प्रत्याशी मैदान में हैं। संबंधित ब्लाकों से सुबह पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुईं, जो शाम तक पहुंच गईं।

मतदान के लिए तीन मतदान स्थल बनाए गए हैं। जहां 6922 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि मतदान दो मार्च को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। मतगणना चार मार्च को सुबह आठ बजे से कार्य समाप्ति तक होगी। सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने के लिए निर्देशित किया गया है।



मोहनापुर गांव में मतदान केंद्र पर पहुंची पोलिंग पार्टी ● जागरण

## कस्टम व एसएसबी की टीम ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई

# मकान पर छापा, 11 टन विदेशी पॉपकार्न बरामद

चिउटहां, हिन्दुस्तान संवाद। कोठीभार थाना क्षेत्र के ग्राम सभा विन्दवलिया स्थित एक मकान में बुधवार की सुबह कस्टम व एसएसबी की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। इस कार्रवाई में करीब 11 टन विदेशी पापकार्न बरामद हुआ। पापकार्न को जब्त कर कस्टम विभाग ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

कस्टम निरीक्षक निचलौल भगवान शाह ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली ग्राम सभा विन्दवलिया स्थित एक मकान में गोदाम बनाकर उसमें भारी मात्रा में विदेशी सामान रखा गया है। इस सूचन पर कस्टम निरीक्षक हेड कांस्टेबल आरबी सिंह, प्रसाद, विश्वास व घनश्याम के साथ एसएसबी जवानों की मदद से मंगलवार की रात में ही छापेमारी कर मकान की घेराबंदी कर लिया। उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। **सर्च वारंट जारी होने के बाद तलाशी में मिले पापकार्न:** इस मामले में बुधवार की सुबह सर्च वारंट जारी होने पर कस्टम विभाग ने आरोपित मकान की तलाशी ली। इस दौरान करीब 11 टन विदेशी पापकार्न बरामद हुआ। गोदाम सबया निवासी एक व्यक्ति की बताया जा रहा है। बरामद पापकार्न के संबंध में मकान मालिक व गोदाम संचालक वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया।



कोठीभार थाना क्षेत्र के विन्दवलिया गांव में बुधवार की सुबह कस्टम विभाग व एसएसबी की टीम ने छापेमारी की।

> कोठीभार थाना क्षेत्र के विन्दवलिया गांव में संयुक्त छापेमारी में करीब 11 टन विदेशी पापकार्न बरामद कर उसे जब्त कर दिया गया है। कस्टम एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई की जा रही है।
>
> **भगवान शाह**, कस्टम निरीक्षक निचलौल

# स्क्रैप लदा पिकअप पकड़ा गया

खनुआ। एसएसबी  जवानों ने बुधवार को सोनौली कोतवाली क्षेत्र के शेष फरेंदा गांव के समीप नेपाल से भारतीय क्षेत्र में तस्करी का स्क्रैप लेकर आ रहे एक पिकअप को पकड़ लिया।

# असलहा संग पकड़े गए युवक व साथी का चालान

## कार्रवाई

- धानी ढाला पर डिवाइडर से टकराने पर घायल हुए थे बाइक चालक व सवार
- अवैध असलहा मिलने पर मुख्य आरोपित के खिलाफ कार्रवाई

फरेंदा, हिन्दुस्तान संवाद। धानी ढाला पर बीते सोमवार को डिवाइडर से टकरा कर घायल दो आरोपितों में से एक पास से अवैध पिस्टल बरामदगी के मामले में फरेंदा पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। जिस आरोपित के पास अवैध पिस्टल मिला उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है, जबकि बाइक पर बैठे उसके साथी के खिलाफ पुलिस शांतिभंग के आरोप में केवल धारा 151 के तहत चालान किया।

गोरखपुर-फरेंदा मार्ग के धानी ढाले पर 27 फरवरी सायं चार बजे एक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। इस हादसे में बाइक चालक व पीछे बैठा सवार घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान एक युवक के पास पिस्टल मिला। घायलों की पहचान योगेन्द्र मिश्र व रग्घू के रूप में हुई। दोनों कैम्पियरगंज थानाक्षेत्र के रहने वाले थे। घायलों को पुलिस इलाज के लिए फरेंदा सीएचसी भेजी। इसमें से एक युवक के पास अवैध पिस्टल मिलने के बाद पुलिस कस्टडी में इलाज व पूछताछ हुआ। दूसरे घायल को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

इस मामले में फरेंदा पुलिस दोनों के खिलाफ अलग-अलग मामले में कार्रवाई की है। एक आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेजा गया। दूसरे आरोपित के खिलाफ धारा 107,116,151 सी आर पी सी के तहत न्यायालय चालान किया। इस मामले में फरेंदा पुलिस स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बता रही है। प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार रॉय का कहना है कि एक आरोपित को आर्म्स एक्ट में जेल भेजा गया। दूसरे के खिलाफ शांतिभंग की धारा में कार्रवाई की गई है।

# नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

नौतनवा। नौतनवा पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त छापेमारी में 75 शीशी नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

थाना के मुड़िला गांव के पिपरिया घाट पर मंगलवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस एवं एसएसबी की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान मुड़िला गांव निवासी विजय को नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस एवं एसएसबी टीम की गस्त सीमा क्षेत्र में चल रही थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति नेपाल से शराब लेकर भारतीय सीमा में आ रहा है।

# झोपड़ी में आग लगने से आभूषण व नकदी जला, 14 बकरियां मरीं

**जासं, चौकवाजार:** नक्सा-बक्सा गांव के वनग्राम 28 में मंगलवार की रात अलाव से झोपड़ी में आग लग गई। जिससे बाक्स में लगे आभूषण, बीस जार नकद रुपये जलकर राख हो गए। वीरेंद्र साहनी स्वजन के साथ गांव में रामलीला देखने गए थे। झोपड़ी में एक छोटी बच्ची सो रही थी। अचानक लगी आग से घबराकर किसी तरह वह जान बचाकर निकली।

घर के अंदर बंधी 14 बकरियां जलकर मर गईं। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जब तक गाड़ी पहुंचती तब तक लोगों ने आग बुझा दी थी। पीड़ित वीरेंद्र साहनी ने बताया कि 12 मार्च को उनके साले के बेटी की शादी होने वाली है, उसी के लिए आभूषण व कपड़ा खरीदकर घर में रखे थे। इसके अलावा पत्नी के भी कुछ आभूषण व बीस हजार नकदी जलकर राख हो गए। उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। थानाध्यक्ष चौक विजय बहादुर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

# रंजिश में मारपीट, 26 पर केस

## सोनबरसा टोला में दो समुदायों के बीच हुआ बवाल, तीन घायल

**जासं, कोल्हुई (महराजगंज)** : पुरानी रंजिश को लेकर एकसड़वा गांव के टोला सोनबरसा में मंगलवार की रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि समुदाय विशेष के लोगों ने गोलबंद होकर धारदार हथियार से हमला किया। सूचना मिलते ही मौके पर कई थानों की पुलिस के साथ अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह पहुंचे तथा घायलों को अस्पताल भेजा। गंभीर रूप से घायल पूर्व प्रधान के पुत्र अर्जुन यादव की तहरीर पर पुलिस ने कुल 26 लोगों के विरुद्ध प्राणघातक हमला करने का मुकदमा दर्ज किया है। घटना में तीन लोग घायल हुए हैं।

टोला सोनबरसा निवासी पूर्व ग्राम प्रधान राजाराम यादव के पुत्र अर्जुन यादव ने बताया कि उन्होंने गांव में एक तालाब पट्टे पर लिया है। 27 फरवरी को वह अपने भाई पप्पू यादव के साथ तालाब पर बंधा का निर्माण करा रहे थे, उसी समय गांव के ही आमिर, आसिफ और तौसीफ आए तथा बंधा निर्माण में मनमानी का आरोप लगाते हुए विवाद करने लगे।

वहां पर गांव के अन्य लोगों के आने के बाद विवाद शांत हुआ। इसी बात को लेकर मंगलवार की रात जब गांव के ही हीरालाल जायसवाल के घर वैवाहिक कार्यक्रम में भाई पप्पू यादव और भांजे आशुतोष यादव के साथ शामिल होने गए तो उसी समय आरोपितों ने लाठी, डंडा और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में तीनों लोगों को चोट आई है।



विवाद के बाद सोनबरसा टोला मे पहुंची पुलिस • जागरण

### इनके विरुद्ध दर्ज हुआ है मुकदमा

अर्जुन यादव की तहरीर पर कोल्हुई पुलिस ने गांव के जावेद, तौसीफ, आसिफ, आमिर, अजमेर अली, गुफरान, कमरूलहोदा, समशुलहोदा, नुरुलहोदा, आवेश, जुबैर, फैशल, सहबाज, नदीम, जावेद, वाजिद, मशहूर, सलाउद्दीन, इलमुल होदा, शकील, वकील, नुर्रुद्दीन, आयूब, महफूज, इम्तियाज और इफ्तेखार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

> मारपीट में घायल तीनों लोग इलाज के बाद सामान्य हैं। घायल अर्जुन की तहरीर पर 26 लोगों के विरुद्ध प्राणघातक हमला और बलवा आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस तैनात है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> **आतिश कुमार सिंह**, अपर पुलिस अधीक्षक, महराजगंज

# 17 बोटा लकड़ी बरामद

**जासं, बागापार** : सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग के दक्षिणी चौक रेंज के बरसैना बीट में बुधवार को वन विभाग की टीम ने काटकर छिपाई गई कीमती लकड़ियां बरामद की। क्षेत्रीय वन अधिकारी रवि कुमार गंगवार ने बताया कि सूचना मिला कि तस्कर बरसैना बीट में लकड़ियां काटकर छिपाए हैं। उप राजिक राकेश टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा 14 बोटा साखू, तीन बोटा खैरा, 11 अदद साखू चिरान बरामद किया।

# सिसवा में विदेशी मक्का व मसाला बरामद

**जासं, सिसवा बाजार:** स्थानीय नगर पालिका के लोहिया नगर वार्ड विंदवलिया स्थित एक गोदाम में एसएसबी व कस्टम विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को छापेमारी कर बड़ी मात्रा में विदेशी मक्का व पोस्ता दाना सहित अन्य मसाले बरामद किए। सीमा शुल्क मण्डल इकाई निचलौल की सूचना पर बिंदवालिया पेट्रोल पम्प के पास गोदाम में कस्टम व 22 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एफ कंपनी एसएसबी की टीम ने छापेमारी की।

इस दौरान 25 किलो की बोरी में 222 बोरा व 50 किलो का 105 बोरा



सिसवा में बरामद मक्का के साथ पुलिस व एसएसबी टीम • जागरण

विदेशी मक्का, 20 बोरा पोस्ता का दाना बरामद हुआ। एसआइ कस्टम भगवान शाह ने बताया कि राजीव कुमार पायलट, सहायक कमांडेंट के निर्देश पर सेल्फ वारंट जारी कर छापेमारी की गई। बरामद सामान की कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। जांच पड़ताल में पुख्ता कागजात नहीं मिलने पर सारा सामान जब्त कर लिया गया। कस्टम एसआइ भगवान शाह, हेड हवलदार आर बी सिंह, दमरी प्रसाद, सन्तोष कुमार व 22 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एफ कंपनी के हेड कांस्टेबल पीयूष विस्वास, कांस्टेबल मनीष गुप्ता व घनश्याम कुमार मौजूद रहे।

# 22 लीटर कच्ची शराब नष्ट

**निचलौल।** कोठीभार थाना क्षेत्र के खेसरारी गांव में आबकारी विभाग की टीम ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के धंधेबाजों के घरों पर छापा मारा। आबकारी निरीक्षक वैभव कुमार यादव ने बताया कि खेसरारी गांव में 33 संदिग्ध घरों में छापा मारा गया। इस दौरान आठ क्विंटल लहन के साथ 22 लीटर अवैध कच्ची शराब को नष्ट किया गया। मौके से आरोपी भागने में सफल रहे। संवाद

# छापे में 327 बोरी मक्का बरामद

**सिसवा बाजार।** कस्बे के लोहिया नगर वार्ड विंदवलिया के एक गोदाम में कस्टम व एसएसबी की संयुक्त टीम ने बुधवार को छापा मारा। इस दौरान 327 बोरी मक्का बरामद किया गया। यह जानकारी उप निरीक्षक कस्टम भगवान शाह ने दी। संवाद

# दोनों पक्ष के 14 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जासं, महराजगंज**: कोल्हुई थाना क्षेत्र के एकसड़वा टोला सोनबरसा गांव में मंगलवार की रात हुई दो पक्षों में मारपीट मामले में पुलिस ने बुधवार को दोनों पक्षों के 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार दोनों पक्षों के सभी आरोपितों के विरुद्ध शांतिभंग की की कार्रवाई की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि एक प्रथम पक्ष के अर्जुन यादव की तहरीर पर 26 लोगों के विरुद्ध बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बुधवार को गांव में दोनों पक्ष के सात-सात लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपितों में एक पक्ष के राजाराम यादव, गंगाराम यादव, मिट्ठूलाल, संतलाल, विरेंद्र, अनिल और जितेंद्र, दूसरे पक्ष के समसुल होदा, गुफरान अली, इनमुल होदा, अजमेर अली, नदीम, आयुब और इम्तियाज का नाम शामिल है।

# छापेमारी में नष्ट किया गया आठ क्विंटल लहन



छापेमारी के दौरान उपस्थित एसडीएम रामसजीवन मौर्य, सीओ सूर्यबली मौर्य। ●जागरण

**जासं,निचलौल :** कोठीभार थाना क्षेत्र के खेसरारी गांव में उप जिलाधिकारी राम सजीवन मौर्य पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को भोर चार बजे करीब 33 घरों में लगातार छापेमारी की जिसमें घरों में रखे करीब आठ क्विंटल लहन बरामद कर उसे नष्ट किया। 22 लीटर कच्ची बरामद किया। धंधेबाज फरार हो गए। टीम ने कच्ची बनाने का उपकरण भी नष्ट किया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य व आबकारी इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव ने कहा कि लगातार छापेमारी कर कच्ची बनाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। कोठीभार थाना प्रभारी मनोज राय उपस्थित रहे।

**शराब बेचते एक धराया** : निचलौलः निचलौल कुंवारी सती में बुधवार को किराने की दुकान से शराब बेचते हुए आबकारी इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव ने दुकानदार दिनेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

## 75 शीशी नेपाली शराब के साथ युवक गिरफ्तार

नौतनवा : एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को भारत-नेपाल सीमा पर गश्त के दौरान पिपरहवा घाट से 75 शीशी नेपाली शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित विजय निवासी मुड़िला पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# मारपीट के मामले में दो पर मुकदमा

**जासं, महराजगंज** : दो दिन पूर्व सिंदुरिया चौराहे पर अधिवक्ता से हुई मारपीट के मामले में सिंदुरिया थाने की पुलिस ने दो नामजद समेत 12 अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सिंदुरिया निवासी पीड़ित अधिवक्ता अभय मौर्य ने बताया कि 26 फरवरी को वह भाई की दुकान पर बैठे हुए थे। उसी दौरान दो आकाश और विवेक ने साथियों के साथ पुरानी रंजिश को लेकर हमला कर मारपीट शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष नासिर हुसैन ने बताया कि अधिवक्ता की तहरीर पर दो नामजद आरोपितों विवेक और आकाश पता अज्ञात तथा 12 अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, पनियरा:** क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपित को पनियरा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवती ने आरोप लगाया था कि 24 फरवरी की शाम को वह सड़क पर टहल रही थी। उसी दौरान रितेश निवासी भटोलिया फर्टिलाइजर थाना चिलुआताल गोरखपुर बाइक से आया। अकेला देखकर बाइक रोक दिया और दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल की जा रही थी।

# दो पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**जासं, सिंदुरिया** : सिंदुरिया थाने की पुलिस ने बुधवार को रामपुरकला निवासी सूरज शर्मा व पुनीत के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध पहले भी मुकदमे दर्ज हैं।

## दुष्कर्म के आरोपी पर केस दर्ज

**पनियरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। मामला 24 फरवरी की शाम का है। यह जानकारी वरिष्ठ उप निरीक्षक रामचरन सरोज ने दी। संवाद

## हमले के आरोप में मुकदमा दर्ज

**मिठौरा।** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिंदुरिया निवासी अधिवक्ता अभय मौर्य ने गांव के कुछ लोगों पर हमला करने आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन ने बताया कि दो नामजद सहित 12 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# धारदार हथियार से दो युवकों पर जानलेवा हमला, तनाव

## सोनबरसा गांव में पुलिस फोर्स तैनात, 26 लोगों पर मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज/कोल्हुई। कोल्हुई थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में चुनावी रंजिश में मंगलवार रात को कुछ लोगों ने गोलबंद होकर दो युवकों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला बोल दिया। शोर-शराबा सुनकर लोग दौड़े तब तक हमलावर दोनों युवकों को लहूलुहान कर फरार हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायल युवकों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मीपुर में भर्ती कराया गया है।

मामला दो समुदायों के बीच में होने के कारण गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। बुधवार को पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 26 नामजद लोगों पर बलवा समेत सात गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के 14 लोगों का शांति भंग में चालान किया है।

एएसपी आतिश कुमार सिंह ने बताया कि गांव में प्रत्येक हलचल पर नजर रखी जा रही है। कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सोनबरसा निवासी अर्जुन यादव ने बताया कि उसके पिता राजाराम यादव एकसड़वा गांव के पूर्व ग्राम प्रधान हैं। आरोप लगाया कि चुनावी रंजिश को लेकर गांव के कुछ लोग उसे और परिवार के सदस्यों को जान से मारना चाहते हैं। 27 फरवरी को पट्टे की पोखरी पर भाई पप्पू को लेकर बांध बंधवा रहे थे।

इसी बीच विरोधियों ने पोखरी पर आकर बांध बांधने से रोकने लगे। विरोध करने पर आक्रोशित होकर हमला करने की तैयारी में जुट गए। 28 फरवरी को पड़ोसी हीरालाल जायसवाल के बेटे मनोज की शादी थी।

इसी बीच खलिहान के पास घात लगाकर बैठे आरोपियों ने उस पर और भाई तथा भांजे पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला बोल दिया।

कोल्हुई के थानाध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि मामले में पीड़ित अर्जुन यादव की तहरीर पर आरोपी जावेद, तौसिफ, आसिफ, आमिर, अजमेर अली, गुफरान, कमरुलहोदा, समसूलहोदा, नुरुलहोदा, आवेश, जुबेर, फैशल, सहबाज, नदीम, जावेद, वाजिद, मसहूर, सलाउद्दीन, इलमुलहोदा, शकील, वकील, नूरुद्दीन, आयूब, महफूज, इम्तियाज, इफ्तेखार सहित कुल 28 लोगों पर केस दर्ज जांच की जा रही है।



सोनबरसा गांव में तैनात पुलिस कर्मी। संवाद

### दोनों पक्षों के 14 लोगों का चालान

कोल्हुई। ग्राम एकसड़वा टोला सोनबरसा में पुरानी रंजिश में मंगलवार रात को दो पक्षों में मारपीट के बाद प्रथम पक्ष से राजाराम, संतलाल मिट्ठूलाल, गंगाराम सहित सात लोगों व दूसरे पक्ष से समसुलहोद, गुफरान, अजमेर, नदीम, इनामुलहोदा, नदीम, अयुब सहित दोनों पक्ष के 14 लोगों का शांति भंग में चालान किया गया है। यह जानकारी थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव ने दी। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-03-2023

# पति पर केस

**बभनान(एसएनबी)**। पैकोलिया थाना क्षेत्र के देवरिया निवासी विद्यावती पत्नी रामभवन ने एसपी को शिकायती पत्र देकर शराबी व जुआरी पति पर कार्रवाई की मांग किया था। आरोप लगाया था कि शराब के नशे में पति उसे मारता-पीटता है। इतना ही नही वह धोखे से उनकी जमीन भी बेंचवा दिया जिसका मुकदमा दीवानी न्यायालय में लंबित है। मुकदमा उठाने के लिए वह लगातार धमकी दे रहा है। वे अपने पति से अलग रह रही है। बची शेष भूमि को वह बेंचवाना चाहता है। पैकोलिया पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# छात्र की मौत पर परिजनों ने किया सड़क जाम

**बस्ती (एसएनबी)**। लालगंज थाना क्षेत्र केपाकरडाड़ मेंछात्र की मौत के बाद परिजनों ने सड़क मार्ग जाम किया और घंटो बवाल काटा। परिजनों ने आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार पाकरडाड़ के रहने वाले एक छात्र की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी थी। जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हुआ था और इलाज के दौरान उसके मौत की बात बतायी जा रही थी। मौत की सूचना क्षेत्र में आयी तो तमाम लोग सड़क पर आ गयेऔर बस्ती-महुली मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। मांग किया कि आरोपियों पर सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत किया जाय। सड़क जाम करने की सूचना पर क्षेत्राधिकारी रुधौली प्रीती खरवारव कईअन्य थानों की फोर्सभी पहुंची। वार्ताके बाद मामले को शान्त कराते हुए दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज करने पर सहमति बनी। तब जाकरग्रामीणोंने जाम हटाया और आवागमन बहाल हो सका।

# फरार चल रहा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**वाल्टरगंज (एसएनबी)**। मुकदमे में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त गबन का आरोपी था जो काफी समय से फरार चल रहा था। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष वाल्टरगंज नरायन लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना स्थानीय की पुलिस फोर्स द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 19/2023 धारा 409 भादवि में वांछित अभियुक्त राजन चौधरी पुत्र स्व. रामबचन चौधरी साकिन बडार मूड़घाट थाना कोतवाली जनपद बस्ती स्थायी निवास ग्राम रामपुर बुजुर्ग थाना हाटा जनपद कुशीनगर कोअभियुक्त को ब्लाक रोड मोड पर हार्ड वेयर की दुकान के पास से गिरफ्तार कर लिया है और विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय मे प्रस्तुत कर दिया है।

# पिलर्स के माध्यम से थानों का परिणाम किया गया तैयार

**बस्ती (एसएनबी)**। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम में प्रथम पांच रैक में आने वाले थानों को पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा क्राइम मीटिंग मेंप्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बाटम पांच में आने वाले थानो को चेतावनी दी गयी। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा (पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम) व्यवस्था के काफी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने पर पूर्व की भांति ही माह जनवरी, 2023 में पुलिस कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं का निस्तारण एवं जनता के प्रति व्यवहार पर जनता की सन्तुष्टि का 5 स्तम्भों/ पिलर्सके माध्यम से जनपद बस्ती के सभी थानो का परिणाम तैयार किया गया है। जिसमें थानाध्यक्ष कलवारी आलोक श्रीवास्तव को प्रथम स्थान, थानाध्यक्ष लालंज महेश सिंह को दूसरा स्थान, थानाधायक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय को तीसरा स्थान, जनवरी माह में थाना वाल्टरगंज के प्रभार पर रहे योगेश सिंह को चौथा स्थान तथा थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद का पांचवा स्थान मिला है तथा जनता के ज्यादा करीब रहने वाले दो पिलर्स को अलग से रेटिंग की गयी है। जिनमें प्रथम स्थान पर छावनी , दूसरे स्थान पर लालगंज, तीसरे स्थान पर नगर, चौथे स्थान पर मुण्डेरवा तथा पाचवे स्थान पर दुबौलिया को दिया गया है। क्राइम मीटिंग में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा तथा पाच स्तम्भो की रैंकिंग बाटम पांच में थाना रुधौली, गौर, कोतवाली, कप्तनगंज, पुरानी बस्ती व दो स्तम्भो में पांच में थाना रुधौली कप्तनगंज सोनहा, परसरामपुर व पुरानी बस्ती को प्राप्त हुआ। लागातार दो बार बाटम पांच पर आने वाले थानो को सख्त चेतावनी जारी की जा रही है तथा पहली बार बाटम पाच में आने वाले थानो को अपने थाने की रैंक में सुधार हेतु एडवाइजरी जारी की जा रही है तथा लगातार तीसरे बार बाटम पाट में आने वाले थाना प्रभारी जो बस्ती के मानक से कम वोट पाते है तो उन थाना प्रभारी को पद से प्रत्यावर्ती कर दिया जाएगा।

# बच्चों के विवाद में मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। सोनहा थाना क्षेत्र के परसा खुर्द बुजुर्ग दरियापुर जंगल के टोला तुलसीपुर में बच्चो-बच्चो के बीत हुए विवाद की बात को लेकर ऊषा देवी तथा उसकी बेटी पूजा गुप्ता को विपक्षियों ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में ऊषा देवी के पति मुनकन गुप्ता पुत्र बाबूराम गुप्ता निवासी परसा खुर्द बुजुर्ग दरियापुर जंगल टोला तुलसीपुर थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जोहरा, झिनका पुत्रीगण अकबर, कलीमुन्निशा पुत्री नबीजान, नवीजान की औरत निवासीगण परसा खुर्द बुजुर्ग दरियापुर जंगल टोला तुलसीपुर थाना सोनहा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# दस लोगों पर गुण्डा अधिनियम की कार्रवाई

**बस्ती (एसएनबी)**। क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जनपद की नगर पुलिस ने सात तथा लालगंज पुलिस ने तीन लोगो पर गुण्डा अधिनियम की कार्यवाही किया है। अभियुक्त राज बहादुर पुत्र आसमान सिंह, नन्दलाल विश्वकर्मा पुत्र गौरीशंकर निवासीगण हथिया उत्तमपुर थाना नगर, रामललित निषाद पुत्र रामनरेश निवासी पाल्हा थाना नगर, प्रदीप पुत्र रामविलास निवासी नरायनपुर थाना नगर, कमलेश पुत्र झिनकान, मिथिलेश पुत्र झिनकान निवासी नेवरीगाढ़ा कुसरौत थाना नगर, मुकेश पुत्र संतराम निवासी मरहा थाना नगर के विरुद्ध 3/4 गुण्डा अधिनियम की कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार से लालगंज पुलिस ने क्षेत्र से आशिफ पुत्र अजीजुल्लाह निवासी महसो थाना लालगंज, विजय सोनकर पुत्र सुरेश सोनकर निवासी पुरौवा कटरिया थाना दुबौलिया, वर्तमान पता केयर आफ दिलीप सोनकर निवासी पाकरडाड़ थाना लालगंज, संदीप पाण्डेय पुत्र सुभाष पाण्डेय निवासी पाकरडाड़ थाना लालगंज के विरुद्ध 3/4 गुण्डा अधिनियम की कार्यवाही की गयी है।

# शांतिभंग की आशंका में एक गिरफ्तार

घघौवा। छावनी पुलिस ने बुधवार को भूमि विवाद के मामले में मारपीट पर आमादा एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के तालागांव गांव में सूचना मिली कि गांव निवासी एकादशी जमीनी रंजिश को लेकर विवाद कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस बल ने समझाने-बुझाने का प्रयास किया लेकिन वह उग्र होकर मारपीट करने लगा। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# एएसपी ने रुधौली थाने का किया मुआयना

रुधौली। एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बुधवार शाम को रुधौली थाने का मुआयना किया। पुलिस कर्मियों से शस्त्रों के रखरखाव, उन्हें खोलने और बंद करने के बारे में जानकारी ली। अभिलेखों व माल खाने का निरीक्षण किया गया। थाने के सभी हल्का प्रभारी एवं समस्त बीट पुलिस अधिकारी के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साफ-सफाई बेहतर मिलने पर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की प्रशंसा की।

इस मौके पर बिशुनपुर के चौकी इंचार्ज रितेश कुमार सिंह, एसआई राजेंद्र यादव, एसआई श्रीराम सिंह, एसआई पंकज त्यागी, हेड मोहर्रिर चुन्नीलाल, मुंशी धनंजय यादव, हेकां. दिग्विजय सिंह, शैलेंद्र दुबे, कां. राजू यादव, मकां. प्रियांशी यादव, मीनाक्षी चौरसिया, प्रियंका विश्वकर्मा, गोल्डी मौर्या, रानी यादव आदि लोग मौजूद थीं।

# कलवारी व छावनी थाना जनता की नजर में अव्वल

## फीडबैक

बस्ती, निसं। जिले में कलवारी और छावनी थाना अलग-अलग रेटिंग सिस्टम में शीर्ष पर रहे। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम में प्रथम पांच रैंक हासिल करने वाले थानों को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने क्राइम मीटिंग में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही बॉटम पांच आए थानों के प्रभारियों को चेतावनी दी गई है।

जनवरी 2023 में पुलिस कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं के निस्तारण व जनता के प्रति व्यवहार पर डायरेक्ट पोल, ट्वीटर पोल के अलावा आईआरसीएस, एफआईआर व पासपोर्ट-चरित्र सत्यापन के माध्यम से जनपद बस्ती के सभी थानों का परिणाम तैयार किया गया। पुलिस कार्यालय के अनुसार थानाध्यक्ष कलवारी आलोक श्रीवास्तव को प्रथम स्थान मिला है। थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह को दूसरा स्थान, थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश कुमार पाण्डेय को तीसरा स्थान मिली है। थाना वाल्टरगंज के प्रभारी रहे योगेश सिंह को चौथा स्थान और थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद को पांचवा स्थान मिला। जनता के ज्यादा करीब रहने वाले दो पिलर्स एफआईआर व आईजीआरएस की रेटिंग में प्रथम स्थान पर छावनी, दूसरे स्थान पर लालगंज, तीसरे स्थान पर नगर, चौथे स्थान पर मुण्डेरवा और पांचवें स्थान पर दुबौलिया थाना रहा। क्राइम मिटिंग में एसपी स्तर से इन थानों के प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। बॉटम पांच में थाना रुधौली, गौर, कोतवाली, कप्तानगंज व पुरानी बस्ती थाना रहा।

# किशोर ने बालिका के साथ किया दुष्कर्म, मुकदमा




- जिले के मुंडेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की घटना
- पुलिस ने दर्ज किया केस, सीओ रुधौली को सौंपी गई जांच

बस्ती, निज संवाददाता। जिले के मुंडेरवा थाना क्षेत्र में एक नौ साल की बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। आरोप गांव के ही रहने वाले पंद्रह वर्षीय किशोर पर है। थाना प्रभारी अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि तहरीर के आधार पर रेप, पॉक्सो व एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर लिया गया है। मुकदमे की विवेचना सीओ रुधौली प्रीति खरवार को सौंपी गई है।

इसी थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि उनकी नौ साल की बेटी मंगलवार को दिन में खेत की तरफ अकेले गई थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के रहने वाले पंद्रह वर्षीय किशोर ने उसका हाथ पकड़ लिया और उसे गन्ने के खेत की तरफ ले गया। उसके साथ गलत काम किया।

पीड़ित बालिका ने आपबीती अपनी मां को बताई। इसके बाद परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

थोड़ी देर में थाना प्रभारी टीम के साथ गांव में पहुंच गए और घटनाक्रम की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया। घटना की विवेचना सीओ रुधौली स्तर से की जा रही है।

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

परसरामपुर। पुलिस ने बुधवार को दिन में थाना क्षेत्र के हड़ही गांव के पास से एक व्यक्ति को 480 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। एसएचओ परशुरामपुर रामेश्वर ने बताया कि पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान हड़ही के पास एक संदिग्ध व्यक्ति मिला। तलाशी में 480 ग्राम गांजा मिला। पकड़े गये व्यक्ति की पहचान अमर उर्फ पुजारी निवासी सिरसहवा थाना परसरामपुर के रूप में हुई।

## डीएम के आदेश पर एडीओ पंचायत ने वाल्टरगंज थाने में दर्ज कराया था मुकदमा

# 12 लाख के गबन में वीडीओ गिरफ्तार

**कलंक के खिलाफ**

बस्ती/ वाल्टरगंज, हिन्दुस्तान टीम। रामनगर ब्लॉक में तैनात ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) राजन चौधरी को बुधवार को वाल्टरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उस पर सल्टौआ ब्लॉक का वीडीओ रहने के दौरान पोखरभिटवा गांव में बगैर काम कराए 12 लाख रुपये गबन करने का आरोप है। डीएम के आदेश पर तत्कालीन एडीओ पंचायत ने वीडीओ समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमे में वांछित चल रहे राजन चौधरी को शहर कोतवाली के ब्लॉक रोड से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। आरोपी मूल रूप से कुशीनगर जिले का रहने वाला है।



- सल्टौआ ब्लॉक में तैनाती के दौरान काम कराए बिना धन के गबन का है आरोप
- आरोपों की पुष्टि होने के बाद डीएम ने सरकारी धन की वसूली का आदेश दिया था
- आरोपी मूल रूप से कुशीनगर जिले का रहने वाला है

पुलिस की गिरफ्त में सरकारी धन के गबन का आरोपी ग्राम विकास अधिकारी।

सरकारी धन के दुरुपयोग के इस मामले में गांव के अजीत प्रताप सिंह ने जिला प्रशासन से शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि नाली, खड़ंजा की मरम्मत समेत कई कार्य कराए बगैर वीडीओ/सचिव ने 12 लाख रुपये का गोलमाल किया है। जिला स्तरीय संयुक्त टीम ने मामले की जांच की थी। आरोपों की पुष्टि करते हुए आख्या डीएम प्रियंका निरंजन को सौंपी गई थी। आरोपों की पुष्टि होने के बाद डीएम ने सरकारी धन की वसूली का आदेश किया था।

जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेश पर तत्कलीन एडीओ पंचायत शिवकुमार लाल ने तहरीर देकर वाल्टरगंज थाने में 19 जनवरी को पूर्व प्रधान विजय लक्ष्मी चौधरी, तत्कालीन सचिव राजन चौधरी, रमाकांत वर्मा, अफरोज, तकनीकी सहायक मनरेगा अशोक कुमार चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बीडीओ सल्टौआ सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि वीडीओ पर 12 लाख रुपये सरकारी धन के गबन का आरोप है। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि सरकारी धन के गबन के मुकदमे में वांछित राजन चौधरी निवासी बड़ार मूड़घाट थाना कोतवाली बस्ती स्थायी निवासी रामपुर बुजुर्ग थाना हाटा जनपद कुशीनगर को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष के साथ एसआई अनिल कुमार यादव, कांस्टेबल रविशंकर गौड़ और अनिल कुमार विश्वकर्मा शामिल रहे। वहीं बीडीओ रामनगर रामनगर रामदत्त मिश्रा ने कहा कि अधिकारियों के आदेश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



परसा उदय गांव में बिजली चोरी के मामले में पूछताछ करती विजिलेंस टीम।

# बिजली चोरी में मुर्गी फॉर्म संचालक पर मुकदमा दर्ज

## कार्रवाई

**बस्ती।** विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत परसा उदय गांव में बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने बिजली चोरी का मामला पकड़ा है। टीम ने इस मामले में एक मुर्गी फार्म संचालक के खिलाफ बिजली थाना गिदही में मुकदमा दर्ज कराया है। जांच में पाया गया कि फार्म में कनेक्शन लिए बिना सात किलोवॉट से ज्यादा भार की बिजली चोरी की जा रही थी।

विद्युत प्रवर्तन दल के प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि विभाग को शिकायत मिली थी कि परसा उदय गांव में राम कुमार पटेल अपने मुर्गी फार्म में बिना वैध कनेक्शन बिजली का उपयोग कर रहे हैं। जांच करने पहुंची टीम को शिकायत सही मिली। बताया कि अवैध कनेक्शन पर बिजली के भार का आंकलन किया गया तो सात किलो वाट से अधिक भार मिला। स्थलीय साक्ष्यों को इकट्ठा कर संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

अवर अभियंता कायम सिंह, अवर अभियंता बृज किशोर राम, एसआई मीनामणि त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल अविनाश कुमार सिंह, कृष्ण कांत वर्मा आदि विजिलेंस टीम में मौजूद रहे।

# पति संग भानपुर आई महिला लापता

**जागरण संवाददाता, सोन्हा, बस्ती:** सिद्धार्थनगर जनपद के भवानीगंज थाना क्षेत्र के अहिराडीहा गांव निवासी सिराजुल ने पुलिस को दिए तहरीर देकर बताया कि सोमवार को दोपहर 12.30 बजे वह अपनी पत्नी हबीबुननिशा के साथ भानपुर में मोटर साइकिल की सर्विस कराने आए था।

वह पूछताछ के लिए मोटरसाइकिल एजेंसी के अंदर चला गया। कुछ देर बाद वापस आया तो पत्नी नहीं मिली। उसने उसी समय इस बात की सूचना अपने ससुराल वालों को दी। थाना क्षेत्र के कलंदर नगर निवासी लड़की के पिता मोहम्मद उमर ने बताया कि उसने अपनी लड़की की शादी पांच नवंबर 2022 को मुस्लिम रीति रिवाज से सिराजुल के साथ किया था। शादी में ही लड़की की विदाई भी कर दिया था।

24 फ़रवरी को वह मायके से ससुराल गई थी। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# गोष्ठी में साइबर क्राइम पर किया गया जागरूक

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** महिला पीजी कालेज में बुधवार को साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने के विभिन्न उपाय सुझाए।

कहाकि साइबर अपराधी विभिन्न प्रकार से प्रलोभन देकर ओटीपी, पासवर्ड की जानकारी कर लेते हैं जिससे सेकंड भर में जमा धन गायब हो जाता है। इसलिए बिना सोचे समझे अनजान व्यक्ति को अपनी महत्वपूर्ण जानकारी साझा नहीं करें। कभी कोई घटना ऐसी होती हैं तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डा. रघुवर पांडेय ने कहाकि सजगता व जागरूकता से साइबर क्राइम से बचा जा सकता है। डा. स्मिता सिंह, डा.नूतन यादव, डा.बीना सिंह, डा.सन्तोष यदुवंशी, मंजरी सिंह, गिरिजानंद राव, अरुण मणि त्रिपाठी, प्रियंका सिंह, नेहा परवीन, सूर्या उपाध्याय सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# पति पर पत्नी ने दर्ज कराया मुकदमा

**गोटवा, बस्ती:** नगर पुलिस ने विवाहिता के तहरीर पर उसके पति के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने व प्रताड़ित करने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। नगर थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरिया श्रीनेत गांव निवासी ज्ञानमती पत्नी गंगाराम ने आरोप लगाया है कि उनके पति गंगाराम यादव आए दिन उन्हे व बच्चों को अपशब्द कहते हुए मारते पीटते हैं। पैकोलिया थाना क्षेत्र के देवरिया गांव की विद्यावती ने पति रामभवन पर मारने पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाने का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण



रुधौली थाने का निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी ●जागरण

**जासं, रुधौली, बस्ती:** रुधौली थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र चौधरी द्वारा बुधवार को किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने शस्त्रों का मिलान कराया गया एवं उनके रखरखाव पर जोर दिया। शस्त्रों को खोलने व जोड़ने का अभ्यास कराया।

इसके बाद थाना समस्त अभिलेखों व माल खाने का निरीक्षण किया। अभिलेखों में आवश्यक प्रविष्टियों को समय से अंकित करने के लिए निर्देशित किया। थाने पर साफ सफाई व्यवस्था बेहतर देख अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की पीठ थपथपाई। बाद में थाने पर ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक की। कहा कि सभी हलका प्रभारी, बीट पुलिस अधिकारी, ग्राम प्रहरी को अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने के लिए निर्देशित किया। त्योहारों के मद्देनजर सतर्क रहने के लिए कहा। इस दौरान उप निरीक्षक अजय सिंह, राजेंद्र यादव, पंकज त्यागी आदि मौजूद रहे।

# गांव में संदिग्ध लोगों पर नजर रखें चौकीदार

**हर्रैया बस्ती :** होली के त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए बुधवार को हर्रैया थाने पर चौकीदारों की बैठक आयोजित की गई। प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह ने कहा कि सही सूचना देकर प्रशासनिक तंत्र को मजबूत करना चौकीदारों का नैतिक धर्म है। अपने दायित्व के धर्म से पीछे नहीं हटना चाहिए। होली को लेकर गंभीर रहें और छोटी-छोटी सूचनाओं को भी प्रशासन तक पहुंचाएं। इस दौरान साधू शरण यादव, राम्मसकल यादव, दुर्गेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में किशोर पर मुकदमा

**जासं, बस्ती** : मुंडेरवा थाना क्षेत्र में नौ साल की बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक किशोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित की उम्र 15 वर्ष बताई गई है जो गांव का ही रहने वाला है।

मुंडेरवा थानाक्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनकी नौ साल की बेटी मंगलवार को दिन में खेत की तरफ अकेले गई थी। आरोप लगाया कि इसी दौरान गांव के रहने वाले 15 वर्षीय किशोर ने उसका हाथ पकड़ लिया और उसे गन्ने के खेत की तरफ खींच ले गया। उसके साथ गलत काम किया।

पीड़िता ने घर पहुंचकर आपबीती अपनी मां को सुनाई। इसके बाद परिवारीजन ने घटना की सूचना मुंडेरवा पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार शाही अपनी टीम के साथ पीड़िता के गांव पहुंच गए। पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेने के बाद आरोपित के परिवारीजन से भी पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर दुष्कर्म, पाक्सो व एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुकदमे की विवेचना सीओ रुधौली को सौंपी गई है।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत चार नामजद

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में हर्रैया पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

वर्तमान में दुबौलिया थाना क्षेत्र स्थित अपने मायके में रह रही उर्मिला देवी की शादी हर्रैया के लबदहिया गांव निवासी शशि कपूर उर्फ शिव प्रकाश के साथ हुई है। उनका आरोप है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित किया गया।

मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई और जेवर भी रख लिया। पुलिस ने पति के अलावा ससुर नंदलाल, सास भानमती समेत चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## भतीजे की शादी में जाते समय की मारपीट

**बस्ती:** जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि हर्रैया प्रथम सुरेश चौधरी ने परशुरामपुर थाने पर तहरीर देकर बताया है कि 27 फरवरी को वह गांव निवासी मंजेश के भतीजे की शादी में जा रहे थे। परशुरामपुर थाने के निन्दौर माफी गांव के पास पहले घात लगाकर बैठे विपक्षियों ने बिना किसी बात के उन्हें रोक कर अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने पिंकू सिंह, सोनू सिंह व तीन-चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# गबन में वीडीओ गिरफ्तार

## विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता का आरोप, मुकदमा दर्ज


- वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पोखरभिटवा ग्राम पंचायत का मामला
- पांच लोगों के विरुद्ध एडीओ ने दर्ज कराया था मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** वाल्टरगंज पुलिस ने गबन के मामले में आरोपित एक ग्राम विकास अधिकारी को गिरफ्तार किया है। मामले में 19 जनवरी को गबन का मुकदमा दर्ज कराया था।

थानाध्यक्ष वाल्टरगंज नरायन लाल श्रीवास्तव ने बताया कि गबन के मुकदमे में वांछित आरोपित ग्राम विकास अधिकारी राजन चौधरी निवासी रामपुर बुजुर्ग थाना हाटा जनपद कुशीनगर को बुधवार को दिन में 11.30 बजे ब्लाक रोड के मोड़ से गिरफ्तार किया गया। उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया गया।

आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव, आरक्षी रविशंकर गौड़ व अनिल कुमार विश्वकर्मा शामिल रहे।

**अन्य आरोपितों की हो रही तलाश :** जिस मुकदमे में ग्राम विकास अधिकारी की गिरफ्तारी हुई है उसमें कुल पांच लोगों को नामजद किया गया है।



वाल्टरगंज थाने में गिरफ्तार ग्राम विकास अधिकारी व पुलिस टीम ● सौ. पुलिस विभाग

एडीओ पंचायत सल्टौआ शिव कुमार लाल ने 19 जनवरी को वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि ब्लाक के ग्राम पंचायत पोखरभिटवा में कराए गए विकास कार्यों में पूर्व प्रधान विजय लक्ष्मी, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी राजन चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी निशात अफरोज, तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी रमाकांत वर्मा व तत्कालीन तकनीकी सहायक अशोक कुमार चौधरी द्वारा 5,50,098 व 4,97,466 रुपये का गबन किया गया है।

मामले में पुलिस ने सभी के विरुद्ध गबन का मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में वांछित राजन चौधरी को गिरफ्तार कर अन्य आरोपितों की तलाश हो रही है।जल्द सफलता मिलने की संभावना है।

# भ्रष्टाचार के आरोप में ग्राम विकास अधिकारी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

सल्टौआ। रामनगर ब्लॉक में तैनात ग्राम विकास अधिकारी राजन चौधरी को वाल्टरगंज पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। डीएम के आदेश पर उसके खिलाफ तत्कालीन एडीओ पंचायत ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि राजन चौधरी ने पूर्व में सल्टौआ ब्लॉक में ग्राम पंचायत पोखरभिटवा में तैनाती के बिना काम कराए सरकारी धन का भुगतान करा लिया था।

**विकास कार्यों के लिए भेजे गए सरकारी धन के गबन का आरोप**

इसकी शिकायत गांव के अजीत प्रताप सिंह ने शिकायत की थी, जिसके आधार पर जिला स्तरीय संयुक्त टीम ने जांच की थी, जिसमें आरोपों की पुष्टि करते हुए जांच आख्या डीएम को सौंपी गई। जांच आख्या में आरोपों की पुष्टि होने के बाद डीएम ने सरकारी धन की वसूली का आदेश किया था।



पुलिस गिरफ्त में ग्राम विकास अधिकारी। संवाद

जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेश पर तत्कलीन एडीओ पंचायत शिवकुमार लाल ने तहरीर देकर वाल्टरगंज थाने में 19 जनवरी को पूर्व प्रधान विजय लक्ष्मी चौधरी, तत्कालीन सचिव राजन चौधरी, रमाकांत वर्मा, निशात अफरोज, तकनीकी सहायक मनरेगा अशोक कुमार चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के मुकदमे में वांछित राजन चौधरी को कोतवाली क्षेत्र के ब्लॉक रोड से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# एएसपी ने रुधौली थाने का किया निरीक्षण



**बस्ती।** अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी ने थाना रुधौली का बुधवार को अर्ध वार्षिक निरीक्षण किया। उन्हें सलामी देने के पश्चात सभी शस्त्रों का मिलान किया गया। एएसपी ने शस्त्रों को खोलने जोड़ने का अभ्यास कराया। उसके बाद थाना रुधौली के समस्त अभिलेखों व माल खाने का निरीक्षण किया गया। अभिलेखों में आवश्यक प्रविष्टियों को समय से अंकित करने के लिए निर्देशित किया। थाना रुधौली की साफ सफाई की व्यवस्था की प्रशंसा की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, अपराध निरीक्षक मनोहर लाल आदि मौजूद रहे। संवाद

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत चार नामजद

**बस्ती।** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में हर्रैया पुलिस ने केस दर्ज किया है। वर्तमान में दुबौलिया क्षेत्र स्थित मायके में रह रही उर्मिला देवी की शादी हर्रैया के लबदहिया निवासी शशि कपूर उर्फ शिव प्रकाश से हुई है। उनका आरोप है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई और जेवरात भी रख लिए। पुलिस ने पति के अलावा ससुर नंदलाल, सास भानमती और ननद रीना देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में पांच गिरफ्तार

**मुंडेरवा/विक्रमजोत।** छावनी पुलिस ने बुधवार को भूमि विवाद के मामले में मारपीट पर आमादा एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर शांतिभंग के मामले में कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के तालागांव गांव में सूचना मिली कि गांव निवासी एकादशी पुराने भूमि विवाद को लेकर विवाद कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस बल ने समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वह उग्र होकर मारपीट करने लगा। उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय रवाना किया गया। उधर मुंडेरवा पुलिस ने थाना क्षेत्र के उदयपुर बिगहिया गांव के मो. अली, मजीबुल्लाह, संतराम गुप्ता व सोमई को शांतिभंग की आशंका के तहत गिरफ्तार किया है। संवाद

# पति पर दर्ज कराया मुकदमा

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर पुलिस ने विवाहिता के तहरीर पर उसके पति के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने व प्रताड़ित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। नगर थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरिया श्रीनेत निवासी ज्ञानमती पत्नी गंगाराम ने नगर पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि पति गंगाराम यादव आए दिन हमें व बच्चों को अपशब्द कहते हुए मारते पीटते हैं। प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने ज्ञानमती की तहरीर पर उसके पति के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-03-2023

# धूमधाम से मना एसएसबी 43वीं वाहिनी का स्थापना दिवस

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी)43 वी वाहिनी का ग्यारहवां स्थापना दिवस सिद्धार्थनगर के

**स्थापना दिवस के अवसर पर वाहिनी के कार्मिकों द्वारा आयोजित किया वालीबाल प्रतियोगिता**

मुख्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। वाहिनी के कमान्डेंट राम ष्ण डोगरा ने बताया कि इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि राजीव राणा उप महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय गोरखपुर के साथ - साथ जिलाधिकारी संजीव रंजन,मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार,पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, 50 वी वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी विकाशदीप सिंह, आरटीओ अरुण प्रकाश चौबे,मेडिकल कालेज के प्राचार्य ड एके झा सिद्धार्थनगर, श्री कृष्णा प्रसाद, स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर वाहिनी के कार्मिकों के द्वारा शानदार वली बल मैच का आयोजन किया गया। तत्पश्चात, मुख्य अतिथि द्वारा केक काटकर भिन्न भिन्न सांस्तिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया ।जिसमे अलग अलग प्रदेशों की संस्ति को रंगमंच के माध्यम से दिखाया गया । तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित प्रशानिक आला अधिकारियों और समाजसेवियों को स्मृति चि भेंट किया गया।



पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिन्ह भेंट करते एसएसबी के डीआईजी। फोटो : एसएनबी

# पुलिस की तीसरी आंख से नहीं बचेगा अपराधी

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। अगर कोई भी व्यक्ति आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस की नजरों से बचना चाहता है,तो

**पुलिस अधीक्षक ने जनपद के सभी ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर ग्राम पंचायत के चिह्नित प्रवेश व निकास द्वार पर सीसीटीवी लगवाने के किया अपील**

वह उसकी सबसे बड़ी भूल होगी,अपराधी चाहे जितना भी बड़ा शातिर क्यो न हो,वह पुलिस की तीसरी आँख से बचकर कही नही जा पायेगा,वह जहां कहीं भी रहेगा पुलिस उसे अपने त्रिनेत्र के माध्यम से ढूढ निकालेगी।

जी हाँ!सिद्धार्थ नगर पुलिस ने जिले के प्रवेश द्वार से लेकर हर कस्बा, मोड़,गांव, व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अपरेशन त्रिनेत्र के माध्यम से जनपद के हर गांव,कस्बों व सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी लगाने की तैयारी बना रखी है।बुधवार को लोहिया कला भवन में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने जिले भर के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक करके हर ग्राम पंचायत के आने जाने वाले मार्ग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी लगवाने के अपील किया।कहा कि हर गांव से लेकर कस्बों तक हर चिन्हित स्थल तक सीसीटीवी लग जाने से शहर व गाँव में आने-जाने वाले हर व्यक्ति पर अब पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी,इससे आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

शहर में प्रवेश करने वाले हर मार्ग पर पुलिस ने आधुनिक सुविधाओं से लैस सीसीटीवी लगा दिया गया है,इस सीसीटीवी के माध्यम से पुलिस के 10 अधिकारी अपने मोबाइल से भी कनेक्ट कर शहर के हर गतिविधियों को कही से भी बैठ कर देख सकते है। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि सीसीटीवी के माध्यम से आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने व घटनाओं का त्वरित ख़ुलासा करने में काफी मदद मिलेगी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इसके अलावा नगरीय क्षेत्रों में सभी पेट्रोल पंपो, सभी शराब की दुकानो,कोटेदारो के यहाँ, सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों,अपिग् मल व स्वर्ण व्यवसायी,सभ्रांत नागरिको सहित शहर में आने जाने वाले हर इंट्रेस व सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी लगाया जाएगा,पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह प्रयास है कि जनपद का हर गांव,शहर कस्बा पूरी तरह से तीसरी आँख की जद में हो,इन सभी स्थानों पर सीसीटीवी के लग जाने से लोगों के आपराधिक घटनाओं व आये दिन हो रहे विवादों को रोकने में काफी मदद मिलेगी।इस कैमरे में 45 दिन तक के हर प्रकार की गितिविधिया सुरक्षित रहेगी,जिले भर के लोकेशन के हर पल की गतिविधियों को पुलिस कंट्रोल रूम के अलावा अपने मोबाइल से कनेक्ट करके कही से भी देखा जा सकता है। सीसीटीवी लग जाने से कौन व्यक्ति आ रहा है ,जा रहा है।हर व्यक्ति की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो जाएगी,प्रयास यही है कि कोई भी लोकेशन छूटने न पाए।



जिले भर से आये हुए ग्राम प्रधानों से सीसीटीवी लगवाने की अपील करते एसपी,उपस्थित ग्राम प्रधान । फोटो : एसएनबी

# फ्लैग मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

उसका बाजार(एसएनबी)। कस्बा में मुकामी पुलिस ने फ्लैगमार्च कर सुरक्षा का दिलाया भरोसा बुधवार को देर शाम को सार्वजनिक स्थानों एवं भीड़ भाड़ जगहों पर पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया साथ में दुकानदारों से भी वार्तालाब कर कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अस्वस्थ भी कराया है। थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर फ्लैग मार्च किया गया है।

# दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे लड़का गिरफ्तार

**बर्डपुर(एसएनबी)।** सिद्धार्थ नगर थानांतर्गत मुस्लिम हायर सेकेंडरी स्कूल महदेईया में कक्षा 10 के अंग्रेजी विषय की परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे एक लड़के को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुस्लिम हायर सेकेंडरी स्कूल महदेईया में कक्षा10 के अंग्रेजी विषय की परीक्षा में दूसरे के स्थान पर सुफियान अहमद पुत्र अब्दुल कलाम निवासी बर्डपुर नंबर 6 गुलाबगढ़ थाना कपिलवस्तु को गिरफ्तार कर लिए है।सुफियान अबुवफा पुत्र अबूसमा के स्थान पर परीक्षा दे रहा था केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाध्यापक काजी मोहम्मद तारीक द्वारा सूचना दी गई जिसके आधार पर थाना पर मुकदमा अपराध संख्या 60/23 धारा 419,420 भारतीय दंड विधान एवं 9 सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम पंजीत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।अभियुक्त सुफियान अहमद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# सफाईकर्मी की मार्ग दुर्घटना में मौत

**भवानीगंज(एसएनबी)।** नगर पंचायत बढ़नी चाफा में सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत भवानीगंज थाना क्षेत्र के भड़रिया गांव निवासी परशुराम पुत्र छेदी की बीते मंगलवार की शाम मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई,आपको बताते चलें कि परशुराम निमंत्रण में राम नगर शामिल होने जा रहे थे अभी वह बेंवा पहुंचने ही वाले थे कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्रली की चपेट में आ गये जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई,घटना देख स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई और मामले की जानकारी डुमरियागंज पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर डुमरियागंज पुलिस पहुंच गई और मामले में पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी जिससे परिजन भी मौके पर पहुंच गय।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और ट्रैक्टर ट्रली को अपने कब्जे में लिया था।

# साइबर अपराध का जागरूकता अभियान

**भनवापुर(एसएनबी)।** थाना त्रिलोकपुर क्षेत्र के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज राणा महेंद्र प्रताप सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व मे पुलिस चौकी बिस्कोहर के प्रभारी राकेश त्रिपाठी के द्वारा चलाए जा साइबर अपराध के विरुद्ध अभियान श्री राम प्रसाद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल बिस्कोहर के छात्र या छात्राओ को साइबर अपराध के संबध में जागरूक किया गया। साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930के बारे मे बताया गया। सभी बच्चों को व अन्य हेल्प लाईन नम्बर के बारे मे जैसे 112,1090,181,1098,1076,108, के संबध में विस्तृत जानकारी दी गयी। जागरुकता अभियान में बिस्कोहर पुलिस चौकी प्रभारी राकेश त्रिपाठी ने कहा कि समय-समय पर छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है इस कार्य में अभिभावकों का सहयोग काफी महत्वपूर्ण है।

# विवादित मामले की जमीनी हकीकत जानने पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक

**बीते दिनों चौकनिया गोव में मारपीट के मामले को जानने पहुंचे एडिशनल एसपी**

बेवां (एसएनबी)। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के चौकनिया गावँ में बीते दिनों शादी समारोह में मारपीट व उत्पात करने का आरोप लगाया गया है।जिसमे मंगलवार को डुमरियागंज थाने पर भगवानदीन ने लिखित तहरीर देकर मार पीट का आरोप लगाया साथ ही सजा देने की बात लिखी।तहरीर में भगवानदीन ने लिखा है कि सोमवार को हमारे गांव चौकनिया में हमारे पाटीदार के यहाँ लड़की की शादी थी।जिसमे हमारे साथ अमर सिंह,राम सुमेरन सहित हम लोंग विवाह में मौजूद थे।विवाह में डीजे बज रहा था।विवाह में मेहमान व महिलाएं भी मौजूद थी। विवाह में गांव के अब्दुल्लाह, अखलाक,पुत्र कलाम व अन्य लोग आकर डीजे पर नाचने लगे।मना करने मारपीट पर आमादा हो गए। जिसमे घर के लोंगो को काफी चोट आई।



लोगों से मामले की जानकारी लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर। फोटो : एसएनबी

# साइबर अपराध के बारे में किया गया जागरूक

बिस्कोह। बिस्कोहर के राम प्रसाद मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल में बुधवार को त्रिलोकपुर पुलिस की ओर से स्कूली बच्चों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया गया। बच्चों को डिजिटल अपराधों से बचने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

चौकी प्रभारी बिस्कोहर राकेश त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को साइबर अपराध से सतर्क रहने की जरूरत है। उनके मां बाप को भी बच्चों पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। कहा कि मोबाइल के जरिए तमाम तरह के साइबर अपराध हो रहे है। भोले भाले लोगों को झांसे में लेकर साइबर अपराधी बैंक खातें से रुपए निकाल लेते है। इस दौरान साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 के साथ 112, 1090, 181, 1098, 1076, 108 के बारे में भी जानकारी दी गई।



बढ़नी पुलिस चौकी पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में सीओ शोहरतगढ़ व नायब तहसीलदार

# शांति व सौहार्द संग मनाएं पर्व

**बढ़नी,हिन्दुस्तान संवाद।** होली व शब-ए-बरात, श्री श्याम फाल्गुनोत्सव आदि त्योहारों के मद्देनजर बढ़नी पुलिस चौकी पर शोहरतगढ़ सीओ जयराम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें लोगों से पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। सीओ ने कहा कि त्योहार पर कोई नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी। नायब तहसीलदार महबूब आलम ने नगर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। एसओ ढेबरुआ छत्रपाल सिंह ने कहा त्योहार खुशियां लेकर आता है, इसकी मर्यादा बनाये रखना हम सब की जिम्मेदारी है। चौकी प्रभारी बृजेश सिंह ने होली का उत्सव के दौरान किसी भी तरह का उपद्रव आदि न करने आदि की अपील की। इस अवसर पर एसएसबी के मदन लाल, एसके ओली, राजू शाही, प्रदीप कमलापुरी, ऋषभ मोदनवाल, मनोज पांडेय, पंकज आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र में चौराहों व कस्बों में लगवाएं सीसीटीवी

## अपील

- लोहिया कला भवन में आयोजित गोष्ठी में एसपी ने दिए निर्देश
- सीसीटीवी कैमरे लगने से अपराधिक घटनाओं पर लगेगा अंकुश

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** आपरेशन त्रिनेत्र के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के महत्वपूर्ण स्थानों पर ग्राम प्रधानों के सहयोग से सीसीटीवी कैमरा लगवाने को लेकर बुधवार को एसपी अमित कुमार आनन्द की अध्यक्षता में लोहिया कला भवन में गोष्ठी का आयोजन किया गया। एसपी ने मातहतों को निर्देशित किया किया कि ग्रामीण क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर ग्राम प्रधानों के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगवाएं।





एसपी अमित कुमार आनन्द ने बुधवार को लोहिया कला भवन में सीसीटीवी लगवाने को लेकर आयोजित गोष्ठी को संबोधित किया (बाएं)। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव के प्रधान मौजूद रहे। ● हिन्दुस्तान

एसपी ने ग्राम प्रधानों, सीसीटीवी के वेंडर्स व पुलिस कर्मियों के साथ गोष्ठी में ग्रामीण क्षेत्रों के महत्वपूर्ण तिराहों, चौराहों, कस्बों, बाजारों को चिन्हित कर ग्राम प्रधान के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगवाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरों को महत्वपूर्ण स्थानों पर लगवाएं। ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों में सीसीटीवी कैमरों के लगने से अपराधिक घटनाओं पर अकुंश लगेगा। साथ ही घटना के अनावरण में सहूलियत होगी। इस दौरान एएसपी सिद्धार्थ, सीओ अखिलेश वर्मा, एसओ सतीश सिंह, जीवन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# रिटायर्ड होमगार्ड को दी गई विदाई

**इटवा।** इटवा थाना परिसर में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। रिटायर्ड हुए होमगार्ड ब्लाक आर्गनाइजर कृष्णा राम व जगदंबा प्रसाद मिश्र को अंगवस्त्र भेंटकर भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर संतोष पाण्डेय, सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय, राधेश्याम उपाध्याय, चिनगुद, घनश्याम यादव, रामकुमार मिश्र, गोपाल मिश्र, जगदंबा भट्ट, राम मूरत मिश्र आदि मौजूद रहे।




एसएसबी 43वीं वाहिनी में बुधवार को स्थापना दिवस पर कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। ● हिन्दुस्तान

# हर्षोल्लास के साथ मना स्थापना दिवस

सिद्धार्थनगर। एसएसबी 43वीं वाहिनी में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। वाहिनी के कार्मिकों की ओर से वॉलीबॉल मैच व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय गोरखपुर राजीव राणा, कार्यवाहक कमांडेंट राम कृष्ण डोगरा, डीएम संजीव रंजन, एसपी अमित कुमार आनंद, सीडीओ जयेंद्र कुमार, एसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी विकासदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# दो शातिरों पर गुण्डा एक्ट की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर। कपिलवस्तु व चिल्हिया पुलिस ने चोरी, लूट, मारपीट आदि में संलिप्त एक-एक शातिर पर बुधवार को गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गई है। कपिलवस्तु पुलिस ने क्षेत्र के हाजीजोत गांव निवासी अबु तालिब पुत्र अमीरूल्लाह व चिल्हिया पुलिस ने बस्ठा गांव निवासी अख्तर पुत्र शमी मोहम्मद पर धारा (3)3 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 की कार्रवाई की है।

# बिजली विभाग ने छापेमारी की

जोगिया। जोगिया कोतवाली क्षेत्र के नगरा उपकेन्द्र व विजलेंस टीम ने दुमदुमवा गांव में मार्निंग रेड की। उपखंड अधिकारी गौरव शुक्ल, सहायक अभियंता सुभाष गुप्ता और बिजलेंस विभाग के महेंद्र कुमार, निशा ने बताया कि मुस्तफा, शाहजहां,अब्दुल्ला, इश्तियाक अली के खिलाफ 135 बी विद्युत चोरी का केस दर्ज कराया गया है। 15 बकाएदारों से एक लाख से ज्यादा की वसूली की गई है।

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। जोगिया कोतवाली पुलिस ने जांच के दौरान शिवरतन उर्फ गुल्ले पुत्र प्यारे निवासी ककरही की तलाशी ली तो उसके पास से नौ सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। जोगिया कोतवाली प्रभारी अभिमन्यु सिंह ने बताया कि आरोपी को धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया गया है।

# फ्लैग मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास

उस्का बाजार। कस्बे में पुलिस ने फ्लैगमार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया। बुधवार को सार्वजनिक स्थानों एवं भीड़ भाड़ जगहों पर पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया।

वहा मौजूद लोगों और दुकानदारों को पर्व पर मिलकर मनाने की अपील की। साथ ही अराजक तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहें। ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो सकते।

साथ में दुकानदारों से बातचीत कर कानून व्यवस्था बनाए रखने को कहा। थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर फ्लैग मार्च किया गया है। इस दौरान पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में चार लोगों की हुई गिरफ्तारी

**जागरण संवाददाता, भारतभारी, डुमरियागंज** : नवसृजित नगर पंचायत के चौकनियां में वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान हुई मारपीट के मामले में डुमरियागंज पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए चार लोगों को बुधवार गिरफ्तार किया है। मंगलवार देर शाम पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने भी मौके पर पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात कर कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

चौकनिया निवासी भगवानदीन ने मंगलवार को स्थानीय थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि सोमवार की रात उनके पट्टीदार के यहां पुत्री का विवाह था। कार्यक्रम के दौरान डीजे बज रहा था। मौके पर घर की महिलाएं और बाराती मौजूद थे। इसी बीच गांव निवासी मिसबाहुल के भांजे अब्दुल्लाह, अखलाक, रहमान, अरबाज, परसाहे, कैफ तथा गांजे डीजे पर डांस करने लगे। मना करने पर जाति सूचक गाली दी और कहा कि तुम लोग शादी विवाह में डीजे नहीं बजा सकते। बेल्ट, ईंट, पत्थर से हमला बोल दिया जिसमें बारातियों तथा अछैवर को काफी चोट आई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने तहरीर के अधार पर देर रात आरोपितों के खिलाफ सात लोगों पर एससी एसटी एक्ट के अलावा अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष बिंदेश्वरी मणि ने बताया कि अरबाज, फैज, इरशाद, अब्दुल्ला को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की गिरफ्तारी भी शीघ्र कर ली जाएगी।

- **सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में दर्ज है मुकदमा**
- **मंगलवार की देर शाम एसपी ने की थी पीड़ितों से मुलाकात**

## सेक्टर मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण

**डुमरियागंज** : हाईस्कूल की चल रही बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण बुधवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट डुमरियागंज बीडीओ अमित सिंह ने खैर टेक्निकल इंटर कालेज में निरीक्षण किया। सभी कक्षाओं में सीसी कैमरे से निगरानी हो रही है। केंद्र पर कुल 351 विद्यार्थी परीक्षा के लिए नामित हैं, जिसमें से 23 विद्यार्थी अनुपस्थित मिले।

# दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा युवक धराया

## मुस्लिम इंटर कालेज महदेईया में पकड़ा गया आरोपित, सुबह की पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी की दे रहा था परीक्षा

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा में बुधवार की पहली पाली में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा एक युवक पकड़ा गया है। सदर थाना के मुस्लिम इंटर कालेज महदेईया में केंद्र व्यवस्थापक ने संदेह के आधार पर पुलिस के समक्ष उससे पूछताछ की। इसके बाद उसने पूरी बात कबूल की। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। उसका नाम कपिलवस्तु थाना के गुलाबगढ़ बर्डपुर नंबर छह निवासी सुफियान अहमद है। वह बर्डपुर स्थित एक कालेज में बीफार्मा का छात्र है।

केंद्र व्यवस्थापक काजी मोहम्मद तारिक ने कक्ष निरीक्षण के दौरान आरोपित के परिचयपत्र में छेड़छाड़ देख संदेह व्यक्त किया। अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक बाल गोविंद मौर्या व परिसर के बाहर ड्यूटी पर मौजूद पुरानी नौगढ़ पुलिस चौकी के प्रभारी अनूप मिश्रा को बुलाकर पूछताछ शुरू की। आरोपित ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई अबू वफा मुसलमान के स्थान पर परीक्षा देने के लिए आया था। इसके पहले हुई परीक्षा में अबू वफा मुसलमान ने परीक्षा दी थी। अंग्रेजी विषय में कमजोर होने के कारण वह फेल होने की आशंका व्यक्त कर रहा था। उसकी मदद करने की नीयत से परीक्षा देने के लिए आया और पकड़ा गया। चौकी प्रभारी पुरानी नौगढ़ ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लेने का प्रयास किया जाएगा। पूछताछ में अभी कई बिंदुओं का उत्तर नहीं मिला है।

**छात्रा समेत दो नकलची भी पकड़ाए:** मुस्लिम इंटर कालेज महदेईया में हाईस्कूल परीक्षा के दौरान दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे युवक के पकड़े जाने के बाद कालेज प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी। इसके बाद इसी केंद्र पर नकल करते हुए एक छात्रा समेत दो परीक्षार्थी पकड़े गए। इनका नाम रुखसार व राहुल कुमार है। केंद्र व्यवस्थापक ने इन दोनों के खिलाफ लिखापढ़ी कर परीक्षा से वंचित किया।



पुलिस की गिरफ्त में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने का आरोपित ● जागरण

**मुस्लिम इंटर कालेज में एक दिन नहीं पहुंचा उड़ाका दल :** नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने पांच उड़ाका दल का गठन किया है। प्रत्येक में एक अधिकारी समेत चार कर्मचारियों को नामित किया गया है। हैरानी की बात यह है कि अभी तक हुई परीक्षा के दौरान एक भी दिन कोई उड़ाका दल इस परीक्षा केंद्र पर नहीं पहुंचा, जबकि कई महत्वपूर्ण विषयों की परीक्षा संपन्न हो चुकी है।

> सुबह की पाली में मुस्लिम इंटर कालेज महदेईया में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा एक युवक पकड़ा गया है। दो नकलची भी धराए हैं। यहां के अलावा जनपद के शेष केंद्रों परीक्षा शांतिपूर्ण व नकलविहीन संपन्न हुई।
>
> **अवधेश नारायण मौर्या**, जिला विद्यालय निरीक्षक

### 2846 ने छोड़ी अंग्रेजी की परीक्षा



बाल शिक्षा सदन कन्या इंटर कालेज में हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा देकर निकलते छात्र व छात्राएं ● जागरण

**सिद्धार्थनगर :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में बुधवार की पहली पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा हुई। इसमें 2846 छात्र अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में हुई इंटर भौतिक विज्ञान की परीक्षा में 1130 और अर्थशास्त्र में 111 छात्र नहीं आए।

116 केंद्र पर हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा संपन्न हुई। इसमें कुल 36660 छात्र ने पंजीकरण कराया था। कुल 33814 छात्रों ने परीक्षा दी। इंटर भौतिक विज्ञान में 15178 छात्र पंजीकृत रहे। इसके सापेक्ष 12693 ने परीक्षा दी। इंटर अर्थशास्त्र में 1909 छात्र के सापेक्ष 1798 परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हो रही हैं।

# सामाजिक कार्यों में एसएसबी का योगदान महत्वपूर्ण

## एसएसबी के उप महानिरीक्षक राजीव ने जवानों को किया संबोधित, वालीबाल मैच का भी हुआ आयोजन

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** 43वीं वाहिनी एसएसबी का स्थापना दिवस बुधवार को जनपद स्थित मुख्यालय परिसर में बनाया गया। मुख्य अतिथि एसएसबी उप महानिरीक्षक क्षेत्र मुख्यालय गोरखपुर राजीव राणा ने कहा कि 2001 से भारत-नेपाल एवं 2004 से भारत-भूटान सीमा पर तैनाती के बाद एसएसबी ने कम समय में ही उपयोगित साबित करते हुए सुरक्षा की है। जवान प्रभावी ढंग जिम्मेदारी निभा रहे हैं। हम बार्डर पर सुरक्षा के साथ सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुती की। वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।



एसएसबी के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी ● जागरण

डीएम संजीव रंजन ने कहा कि जनपद स्थित नेपाल बार्डर की 68 किमी लंबी सीमा खुली हुई है। जवान हर पाल बार्डर की सुरक्षा के लिए मेहनत कर रहे हैं। सीडीओ जयेंद्र कुमार ने कहा कि एसएसबी बेहतर कार्य कर रही है। इसके मनोबल को बनाए रखने के लिए सभी को इसका सहयोग करना चाहिए। कार्यवाहक कमांडेंट रामकृष्ण डोगरा ने कहा कि जवान बार्डर क्षेत्र में पुलिस के साथ मिलकर समाज के हित में भी कार्य कर रहे हैं। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि खुली सीमा पर जवान हर पल सक्रिय रहते हैं। इनके साथ स्थानीय पुलिस मिलकर अपराधों को रोक रही है। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी 50वीं वाहिनी एसएसबी बलरामपुर विकाशदीप सिंह, आरटीओ अरुण प्रकाश चौबे, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा.एके झा, क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक राहुल रंजन, मुख्य शाखा प्रबंधक एसबीआई राजेश कुमार, उप कमान्डेंट शक्ति सिंह, यशवंत कुमार, राजपाल, जसवंत कुमार, हुकुम सिंह आदि मौजूद रहे। एसएसबी की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित ● जागरण

# 900 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**जासं, जोगिया** : जोगिया थाना पुलिस बुधवार को 900 ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित शिवरतन उर्फ गुल्ले जोगिया थाने के ककरही कस्बे का रहने वाला है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

जोगिया थानाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह को सूचना मिली कि ककरही में शिवरतन किसी को गांजा बेचने वाला है। उन्होंने हमराहियों के साथ मौके पर दबिश देकर शिवरतन को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। शिवरतन को गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह यादव, आरक्षी अभय प्रताप शामिल रहे। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# सिंगारजोत गांव में बाइक चोरी

**जासं, बिजौरा, सिद्धार्थनगर:** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगारजोत गांव से मंगलवार की रात एक बाइक चोरी हो गई। घटना से संबंधित तहरीर पुलिस चौकी पर दी गई। सिंगारजोत निवासी रमेश गुप्ता पुत्र श्रीचन्द गुप्ता के यहां बड़े भाई के बेटी का विवाह था। घर के सभी लोग वैवाहिक कार्यक्रम में व्यस्त थे। वहीं पर उन्होंने बाइक खड़ी कर दी। चोरों ने रात करीब नौ बजे घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने बताया कि वैवाहिक कार्यक्रम के चलते बहुत सारी गाड़ियां खड़ी थी, इसलिए दिमाग में आया कि उनकी बाइक उसी में कहीं खड़ी होगी। जब रात में बाइक नहीं मिली तो लगा कि शायद किसी की बाइक बदल गई हो, पर सुबह होने तक न तो वहां कोई अन्य मोटर साइकिल दिखाई दी और न उनकी बाइक मिली। काफी खोजबीन के बाद जब कुछ पता नहीं चला तो फिर पीड़ित ने घटना से संबंधित तहरीर पुलिस को दी। बिजौरा चौकी प्रभारी पप्पू कुमार कहा कि बाइक चोरी से संबंधित तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।



# गांजा बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** जोगिया कोतवाली की पुलिस ने मंगलवार देर तनजावा गांव के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को दबोचा। उसके कब्जे से 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। केस दर्ज करके उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसओ जोगिया अभिमन्यु सिंह ने बताया कि मंगलवार देर शाम पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला गांजा लेकर क्षेत्र के तनजवा गांव के पास आने वाला है। सूचना को संज्ञान में लेते हुए टीम के पास बताए हुए स्थान पर पहुंच गए। इस दौरान एक व्यक्ति आता हुआ दिखा। पुलिस ने रोका तो वह हड़बड़ा गया। इसके बाद उसके झोले की तलाशी ली गई तो उसमें 900 ग्राम गांजा बरामद किया गया। प

पूछताछ में उसने अपनी पहचान शिवरतन उर्फ गुल्ले निवासी ककरही थाना कोतवाली जोगिया उदयपुर बताया है। संवाद

# बिजली चोरी में चार पर मुकदमा 16 घरों का कटा कनेक्शन

**जासं, जोगिया :** बिजली विभाग की ओर से बुधवार को कनेक्शनों की जांच की गयी। दुमदुमवा गांव में 16 बकायेदारों का कनेक्शन काटा गया। चोरी से बिजली जला रहे मुस्तफा, शाहजहां, अब्दुल्ला, इम्तियाज अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। एक लाख रुपये का बकाया बिल वसूला गया। उप खण्ड अधिकारी गौरव शुक्ला ने बताया कि बिल न जमा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान जेई सुभाष गुप्ता, बिजलेंस प्रभारी निशा, महेंद्र कुमार,भारद्वाज मुनि,पिन्टू पासवान,रुदल यादव, कन्हैया लाल,महबूब आलम आदि मौजूद रहे।



# सभी प्रधान गांवों में लगवाएं सीसी कैमरा






लोहिया कला भवन में आपरेशन त्रिनेत्र के तहत ग्राम प्रधानों को सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी देते एसपी अमित कुमार आनंद ● जागरण

- लोहियाकला भवन में आयोजित किया गया कार्यक्रम
- कैमरा लगने से आपराधिक घटनाओं पर लगेगी रोक

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** लोहियाकला भवन में बुधवार को आपरेशन त्रिनेत्र को बढ़ावा देने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने मौजूद ग्राम प्रधानों से अपील किया कि ग्राम प्रधान सीसी कैमरा लगवाने में सहयोग करें। सभी स्थानों पर कैमरा लग जाने पर आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि पुलिस ने संवेदनशील स्थलों को चिह्नित किया गया है। जनता के सहयोग से तमाम स्थानों पर कैमरे लगाए जा चुके हैं। पुलिस की मंशा है कि सीसी कैमरे सभी गांवों में लगे। ऐसा होने पर छोटी-मोटी घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि गांवों में प्रवेश व निकासी मार्ग पर हर हाल में कैमरे लगाए जाएं। इसमें लगने वाले मेमोरी की क्षमता एक माह की हो ताकि सभी घटनाओं की जानकारी पुलिस को मिले में आसानी होगी। एएसपी सिद्धार्थ ने कहा कि कैमरा पुलिस की मददगार बन रही है। कई बड़े मामले का पर्दाफाश कैमरे की मदद से किया जा चुका है। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सभी का सहयोग होना चाहिए। ग्राम प्रधानों ने भी पुलिस अधिकारियों से संवाद करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा, सीओ प्रशिक्षु गर्वित सिंह, राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ताकीब रिजवी, जिलाध्यक्ष डा. पवन कुमार मिश्रा, व्यास जी पांडेय, सुधीर सिंह, अरविंद मणि त्रिपाठी, अशोक चौरसिया, सुभाष यादव, करम हुसैन, पंकज वर्मा, राजीव दुबे आदि मौजूद रहे।

## प्रधानों ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के दौरान एसपी से शिकायत की कि उन्हें रंजिशन मुकदमों में फंसाया जा रहा है। बगैर जांच के ग्राम प्रधानों के खिलाफ मुकदमा न दर्ज कराया जाए। एसपी ने सभी को आश्वासन दिया कि उनकी बातों का ख्याल रखा जाएगा। किसी भी प्रधान का उत्पीड़न नहीं होने पाएगा।

# साइबर अपराध से बचाव के बारे में बताया

**इटवा।** साइबर जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को पुलिस विभाग की ओर से प्राथमिक विद्यालय हिंगुआ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षकों व बच्चों को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गई।



**बच्चों को साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी।**

इटवा थाने में तैनात आरक्षी रुद्र प्रताप यादव ने फर्जी वेबसाइट, सोशल मीडिया, एटीएम फ्राड, ओटीपी से होने वाली ठगी के साथ एनी डेस्क, टीम व्यूअर व क्विक सपोर्ट जैसे एप के माध्यम से होने वाले अपराध की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले में तुरंत स्थानीय थाने पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क अथवा हेल्प लाइन नंबर 1930 पर जानकारी दें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। संवाद

# साइबर अपराध के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

बिस्कोहर। नगर पंचायत बिस्कोहर स्थित राम प्रसाद शिक्षण संस्थान में बुधवार को साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई। बिस्कोहर चौकी प्रभारी राकेश त्रिपाठी ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि मोबाइल फोन और ईमेल सहित सभी पासवर्ड हमेशा याद रखें। पासवर्ड स्ट्रांग होना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें। यदि उनके रास्ते में कोई शरारती तत्व गतिरोध करने का प्रयास करता है तो उसका डटकर मुकाबला करें। ऑनलाइन फ्रॉड के संबंध में बताते हुए कहा कि फर्जी फोन कॉल से बचें एवं मोबाइलों में आने वाले फेक मेसेज पर ध्यान न दें। संवाद

# चचेरे भाई की जगह परीक्षा दे रहा था युवक, जेल भेजा गया

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** यूपी बोर्ड परीक्षा में बुधवार को सदर थाना क्षेत्र के मुस्लिम इंटर कॉलेज महदेइया में चचेरे भाई की जगह हाईस्कूल अंग्रेजी विषय की परीक्षा दे रहा युवक पकड़ा गया। युवक के बयान के अनुसार असली परीक्षार्थी कतर या मुंबई में कमाने गया है। सदर पुलिस ने धोखाधड़ी और नकल अधिनियम के तहत केस दर्ज करके आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसी केंद्र में अंग्रेजी की परीक्षा में ओएमआर शीट में हेराफेरी कर रहे एक छात्र और छात्रा को पकड़ा गया।

जिले में 116 केंद्रों में बुधवार सुबह 8 बजे अंग्रेजी विषय की परीक्षा शुरू हुई। मुस्लिम इंटर कॉलेज के स्टेटिक मजिस्ट्रेट संजय सिंह कमरे में निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने परीक्षार्थियों से प्रवेश पत्र बाहर रखने के लिए कहा। एक परीक्षार्थी ने प्रवेश पत्र नहीं निकाला और उनके पहुंचते ही हड़बड़ा गया। प्रवेश पत्र संदिग्ध प्रतीत हुआ। आधार कार्ड मांगने पर बाइक की डिकी में होने की बात कहने लगा।

बाइक की डिकी में रखे मोबाइल फोन से घरवालों से संपर्क करके उन्हें बुलाया गया, लेकिन वे परीक्षा केंद्र पर नहीं आए।

पूछताछ में युवक ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई अबुलफा के स्थान पर परीक्षा देने आया था। उसका नाम सुफियान है और कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के गुलाबगढ़ का निवासी है। मूल परीक्षार्थी के बारे में जानकारी ली गई तो वह कभी उसको कतर तो कभी मुंबई होने की बात कहता रहा। उसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया गया।

केंद्र व्यवस्थापक व प्रधानाचार्य काजी मोहम्मद तारिक की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी और नकल अधिनियम के तहत केस दर्ज किया।

पुराना नौगढ़ चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि मौके से गिरफ्तार युवक को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले की जांच जारी है।



**सिद्धार्थनगर पुलिस के गिरफ्त में नकल का आरोपी।** संवाद

*मुस्लिम इंटर कॉलेज महईया में नकल करते हुए एक छात्र और छात्रा को पकड़ा गया, जिन्हें रस्टीकेट कर दिया गया। जबकि एक युवक दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया है। उसके खिलाफ केंद्र व्यवस्थापक ने सदर थाने में तहरीर दी है। इसकी जांच कराई जाएगी कि छात्र कब से परीक्षा दे रहा था।*

***-अवधेश नारायण मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक सिद्धार्थनगर***

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-03-2023

# साइबर सेल कर्मियों को एसपी ने किया पुरस्कृत

संतकबीरनगर/बखिरा/बेलहर(एसएनबी)। जनपदीय साइबर सेल में नियुक्त मुख्य आरक्षी पुष्पेन्द्र कुमार गौतम, आरक्षी राम प्रवेश मद्धेशिया तथा कोतवाली खलीलाबाद साइबर हेल्प डेस्क में नियुक्त आरक्षी ज्ञान प्रकाश सिंह को साइबर संबंधित प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ताओं के 3,08,588₹ उनके बैंक खातों में वापस कराये जाने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, लगन, सूझ बूझ एंव कार्य के प्रति प्रतिबद्धता से किये जाने पर बुधवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के द्वारा कर्मियों को प्रशस्ति पत्र और ₹ नगद राशि से पुरस्कृत करके उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**थाना दुधारा, बेलहर कला, बखिरा व यातायात पुलिस के द्वारा स्कूलों में आयोजित गोष्ठी में दी गई जानकारी**

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के द्वारा विभिन्न स्कूलों में गोष्टी करके छात्र/छात्राओं व आमजन को साइबर अपराध के बारे में जागरुक किया गया। इसके साथ ही ऑनलाइन ऐप के माध्यम से सामान खरीदने व बेचने से संबंधित फ्राड तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों व उनसे बचाव हेतु साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन के क्रम में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु थाना दुधारा, थाना बेलहरकला, थाना बखिरा एवं यातायात पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत क्रमशः मदरसा इस्लामिया लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक इंटर कालेज, जूनियर हाईस्कूल नंदौर, भारतीय स्टेट बैंक औद्योगिक क्षेत्र में छात्र/छात्राओं व आम जनता को साइबर से संबंधित होने वाले क्राइम पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्य योजना तैयार करते हुए इन्टरनेट बैंकिंग, ओलेक्स फ्राड, वालेट, यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, वाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के संबंध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट्स के माध्यम से होने वाले हनी ट्रैप एवं सिम कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, एटीएम कार्ड बदलकर होने वाले फ्राड, डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, बायोमैट्रिक फ्राड, यूपीआई संबंधी फ्रॉड, फोन काल के माध्यम से होने वाले फ्राड, पॉलिसी, चिटफण्ड, लाटरी का लालच देकर होने वाले फ्रॉड, ऑनलाइन ऐप के माध्यम से सामान खरीदने व बेचने से संबंधित फ्रॉड तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों व उनसे बचाव हेतु साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारे विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। साइबर जागरूकता संबंधित पम्पलेट भी वितरित किया गया। साइबर जागरूकता के दौरान थाना दुधारा के व.उ.नि. लालबिहारी निषाद, हे.कां. इन्द्रजीत यादव, कां. नितीश कुमार, थाना बेलहरकला के उ.नि. राम प्रताप यादव, अजीत सिंह यादव, म.आ. सुमन यादव, व.उ.नि. थाना बखिरा प्रमोद यादव मय हमराह, यातायात प्रभारी परमहंस, हे.कां. रामकरण गुप्ता, कां. मयंक कुमार पाठक सहित क्षेत्र के आमजन उपस्थित रहे।



पुष्पेन्द्र कुमार गौतम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते एसपी।



महुली थाने में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते उपजिलाधिकारी घनघटा डा. रविन्द्र कुमार। फोटो : एसएनबी

# पीस कमेटी की बैठक

नाथनगर (एसएनबी)। उपजिलाधिकारी डा. रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में महुली थाने पर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में होली के दिन होने वाले संभावित विवादों पर चर्चा की गई और क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्तियों से शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासन का सहयोग करने की अपेक्षा की गई।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि होली का त्योहार मेलमिलाप और आपसी भाईचारे का त्योहार है। ऐसे में रंग के नाम पर किसी प्रकार की अराजकता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया। सीओ धनघटा दीपांशी राठौर ने कहा कि प्रशासन और क्षेत्र के संभ्रान्त लोग एकजुट होकर होली पर्व को सकुशल और शांतिपूर्वक संपन्न कराना होगा। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने होली के दिन आने वाली समस्याओं और विवादों के बारे में जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बैठक में मौजूद चौकी इंचार्जों व बीट प्रभारियों से उनके क्षेत्र के बारे में जानकारी भी प्राप्त किया। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार, चौकी प्रभारी रमेश यादव, विरेन्द्र कुमार मिश्र, अरूण कुमार पांडेय, हरिकेश भारती, उपनिरीक्षक परगेश कुमार मिश्र, बलजीत यादव, अवधेश शर्मा, जयप्रकाश मिश्र के अलावा प्रधान कृष्णबहादुर पाल, दीप नरायन पाल, रामउग्रह, अनिल पाल, विन्देश्वरी कन्नौजिया, महेश यादव, रामचन्द्र चौहान, फिरोज उर्फ चुन्नू खान, संजय कुमार, अलीमुल कदर सहित सभी पुलिसकर्मी व क्षेत्र के तमाम अन्य प्रधानगण और थानान्तर्गत डीजे मालिक भी मौजूद रहे।

# धनउगाही को लेकर कई गांवों में प्रधान व सचिव आमने-सामने

धनघटा (एसएनबी)। हैंसर ब्लाक क्षेत्र में गरीबों के लिए संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना लाभार्थियों से धनउगाही का जरिया बन गयी है। ब्लाक के अधिकारियों के संरक्षण में सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में प्रधान और पंचायत सचिव समेत कुछ दलालों के बीच लाभार्थियों ने धनउगाही करने की होड़ मच गयी है। लाभार्थियों से धनउगाही को लेकर कई गांवों में प्रधान और पंचायत सचिव आमने-सामने दिख रहे है और दोनों के बीच तीखी तनातनी भी चल रही है। अभी एक दिन पूर्व ही ब्लाक क्षेत्र के उमरिया ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि और गांव के पंचायत सचिव मेघनाथ यादव के बीच सरेआम ब्लाक कार्यालय परिसर में पीएम आवास के लाभार्थी से बीस-बीस हजार की धनउगाही करने को लेकर तीखी नोंक-झोक हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अगर आसपास मौजूद लोग समय से बीचबचाव न कराते तो प्रधान प्रतिनिधि और पंचायत सचिव के बीच मारामारी भी हो सकती थी। नोंक-झोक के दौरान प्रधान प्रतिनिधि पंचायत सचिव मेघनाथ यादव के उपर पीएम आवास के लाभार्थियों से बीस-बीस हजार की धनउगाही करने का सरेआम आरोप लगा रहे थे। वैसे विवाद के दौरान धनउगाही करने को लेकर पंचायत सचिव लगातार इनकार करते रहे। इससे पूर्व पीएम आवास में लाभार्थियों से धनउगाही किए जाने का मामला ब्लाक क्षेत्र के अशरफपुर गांव से भी सामने आया था जहां आवासीय योजना में वसूली करने को लेकर लाभार्थी महिलाओं ने गांव के ही एक चर्चित छुटभैया नेता को बुरी तरह से अधिकारियों के समक्ष ही पीट दिया था। इसी प्रकार ब्लाक क्षेत्र के भरवलपर्वता, सेमरी, खाजो, बारीडीहा, बभनौली, औराडाड़ आदि कई ग्राम पंचायतों से आवासीय योजना में प्रधान और पंचायत सचिव समेत कुछ दलालों द्वारा लाभार्थियों से धनउगाही करने की चर्चाएं पूरे ब्लाक क्षेत्र में परवान चढ़ रही है। आश्चर्य की बात यह है कि आवास के लाभार्थियों ने धनउगाही करने में जुटे प्रधान और पंचायत सचिव ब्लाक के अधिकारियों के नाम पर लाभार्थियों से धनउगाही कर रहे है। दूसरी तरफ जिन गांवों में लाभार्थियों से धनउगाही किए जाने को लेकर प्रधान और पंचायत सचिव के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है उन गांवों के प्रधान और पंचायत सचिव को सामने बैठाकर ब्लाक के अधिकारी सुलह-समझौता कराने में आए दिन जुटे हुए हैं। स्थानीय निवासी प्रदीप अग्रहरि, अखिलेश पाठक, विरेन्द्र जायसवाल, मनोज कुमार मिश्र, दिनेश कसौधन, अरविन्द सिंह समेत अन्य लोगों का कहना है कि गरीबों को पक्का छत मुहैया कराने के लिए सरकार पीएम आवासीय योजना के तहत मकान बनाने के लिए लाभार्थियों को धनराशि मुहैया करा रही है तो वहीं आवास देने के नाम पर प्रधान और पंचायत सचिव खुलेआम लाभार्थियों ने वसूली कर खुद के साथ ब्लाक के अधिकारियों को भी मालामाल कर रहे है जिसका नतीजा है कि वसूली के इस खेल में प्रधान और सचिव समेत चहेते चुनिन्दा दलालों को ब्लाक के अधिकारी खुला संरक्षण भी देने में जुटे हुए है। इस बारे में खण्ड विकास अधिकारी हैंसर महावीर सिंह का कहना है कि पीएम आवासीय योजना में लाभार्थियों से धनउगाही किए जाने का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने कहा कि आवासीय योजना जैसी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**लाभार्थियों से धनउगाही करने में प्रधान और पंचायत सचिव के बीच मची है होड़**

**एक दिन पूर्व ही उमरिया गांव के प्रधान और पंचायत सचिव के बीच ब्लाक परिसर में लाभार्थी से वसूली को लेकर हुई है तीखी तकरार**

**प्रधान और पंचायत सचिव के बीच तनातनी को खत्म कराने के लिए आए दिन सुलह-समझौता कराने में जुटे हैं ब्लाक के अधिकारी**

# व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर होगी कार्रवाई

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** आगामी पर्व होली व शबे बारात के दृष्टिगत थाना कोतवाली खलीलाबाद में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अभिनव रंजन श्रीवास्तव तथा अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र उपस्थित रहे। बैठक में थाना क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकगण, सभासदगण, डीजे मालिक व अन्य काफ़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। एडीएम ने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्वक तरीके से मनाएं। यदि कहीं किसी प्रकार का व्यवधान किसी के द्वारा उत्पन्न करने का प्रयास किया गया तो निश्चित तौर पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए लोगों से शांति व भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने त्यौहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने सख्त चेतावनी दी। उपस्थित लोगों को भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने तथा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने का आह्वान किया। इस दौरान थाना कोतवाली-खलीलाबाद के इंस्पेक्टर सर्वेश राय, व्यापारी नेता अमित जैन, मगहर के पूर्व डिप्टी चेयरमैन अवधेश सिंह सहित अन्य संभ्रांत नागरिकगण उपस्थित रहे।



# डीएम-एसपी ने कच्ची के ठिकानों पर की छापेमारी

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थानान्तर्गत कच्ची के कई नामचीन ठिकानों पर बुधवार को पुलिसबल के साथ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान कारोबारी टीम के हाथ नहीं लगे लेकिन मौके पर भारी मात्रा में अर्द्धनिर्मित शराब, शराब बनाने के उपकरण, शराब बनाने में उपयोग होने वाला कच्चा माल बरामद हुआ है।

विदित हो कि धनघटा थाना क्षेत्र में सरयू की तलहटी में जगह-जगह कच्ची शराब तैयार कर उसकी डिलेवरी थाना क्षेत्र के तमाम गांवों में रोज पहुंचाई जाती है। इसी प्रकार थाना क्षेत्र का घोरांग गांव भी कच्ची शराब के उत्पादन के लिए नामचीन गांवों में शुमार है। जिलाधिकारी संदीप कुमार और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता बुधवार को अपरान्ह सर्वप्रथम घोरांग गांव पहुंचे जहां पूरी तरह घेराबंदी कर कारोबारियों के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। छापेमारी टीम ने मौके पर सैकड़ों कुन्तल अर्द्धनिर्मित कच्ची शराब बरामद हुई साथ ही शराब बनाने के तमाम उपकरण भी टीम ने बरामद किया। उसके बाद दोनों आलाधिकारी

**भारी मात्रा में अर्द्धनिर्मित कच्ची और उपकरण बरामद, दो ट्रैक्टर सीज, कई भट्ठियों को तोड़ा**

सरयू के विड़हरघाट पहुंचे जहां से नाव पर सवार होकर पुलिसबल के साथ दोनों आलाधिकारी तुर्कवलिया और चपरापूर्वी गांव के समीप सरयू की दो धाराओं के बीच चल रहे कच्ची कारोबार के ठिकानों पर पुहंचे तो उन्हें देख कारोबारी नदी की धारा में कूदकर मौके से ही फरार हो गए। उसके बाद लगातार कई घंटे तक चले तलाशी अभियान के दौरान जगह-जगह रेत के नीचे प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी पन्नियों में भरकर छिपाई कई क़रीब 25 सौ कुन्तल अद्धनिर्मित शराब बरामद कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया। भारी मात्रा में टीम से तैयार कच्ची शराब भी मौके पर रेत के नीचे छिपाकर रखी हुई बरामद किया है। मौके पर धधक रहीह कई भट्ठियों को भी तोड़-फोड़कर नष्ट कर दिया। मौके पर भारी मात्रा में शराब बनाने में उपयोग होने वाले उपकरणों सहित कच्चा माल जैसे गुड़; नौसादर आदि सामान भी छापेमारी टीम- ने बरामद किया है। छापेमारी के दौरान डीएम-एसपी के साथ एसडीएम धनघटा डा. रविन्द्र कुमार, सीओ धनघटा दीपांशी राठौर, प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह, चौकी प्रभारी विड़हरघाट धर्मेग्न्द्र यादव; उपनिरीक्षक अनुज यादव समेतं तमाम अन्य पुलिसकर्मी और क्षेत्र में कार्यरत लेखपाल मौजूद रहे।



सरयू की तलहटी में कच्ची के ठिकानों पर डीएम-एसपी की देखरेख में तलाशी अभियान चलाते पुलिसकर्मी।

# साइबर अपराध से बचने का दिया मंत्र

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने बुधवार को साइबर अपराध से बचाव का जागरूकरता अभियान चलाया। विभिन्न स्कूलों में पहुंच कर छात्रों को साइबर अपराध से बचने का मंत्र दिया। थाना दुधारा, बेलहरकला, बखिरा व यातायात पुलिस ने मदरसा इस्लामिया, श्री लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक इंटर कालेज, जूनियर हाईस्कूल नंदौर, भारतीय स्टेट बैंक औद्योगिक क्षेत्र में छात्र–छात्राओं व आम जनता को साइबर से सम्बन्धित होने वाले अपराध पर विस्तृत जानकारी दी।

# अराजक तत्वों से सख्ती से निपटेगी पुलिस

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। होली और शब-ए-बरात पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बुधवार को महुली थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य एवं सम्भ्रांत लोगों ने हिस्सा लिया। लोगों को मदिरा पान, नशाखोरी नही करने की शपथ दिलाई गई। आपसी भाईचारा सौहार्द पूर्वक पर्व मनाने की अपील की गई।

बैठक में बोलते हुए एसडीएम धनघटा डॉ. रविन्द्र सिंह ने कहा कि रंगों का पर्व होली आपसी भाईचारा के बीच मनाए। होली के साथ शब-ए-बरात त्योहार है। इसलिए इसे विशेष सतर्कता के साथ मनाएं। सीओ दीपांशी राठौर ने कहा कि शांति व्यवस्था को लेकर जगह जगह पुलिस प्रशासन चौकस रहेगा। फिर भी इसमें लोगो के सहयोग की जरूरत है। होलिका दहन जहां पूर्व में होता रहा है उसी स्थान पर होलिका दहन करें। कोई समस्या है तो पुलिस को तत्काल जानकारी दें। नई परम्परा नहीं होने पाएगी। इंस्पेक्टर सन्तोष मिश्र ने कहा कि अफवाह पर ध्यान न दें। अफवाहबाजों, अराजक तत्वों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। किसी को भी माहौल बिगाड़ने की इजाजत नहीं होगी। एसएसआई शैलेन्द्र कुमार, एसआई रमेश यादव, हरिकेश भारती, प्रधान महेश आदि रहे।



बुधवार को महुली थाने में शांति कमेटी की बैठक करते एसडीएम व सीओ।

# साइबर टीम को एसपी ने किया पुरस्कृत

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बेहतर कार्य करने वाली साइबर सेल में नियुक्त मुख्य आरक्षी पुष्पेन्द्र गौतम, आरक्षी रामप्रवेश मद्धेशिया तथा कोतवाली खलीलाबाद साइबर हेल्प डेस्क में नियुक्त आरक्षी ज्ञानप्रकाश सिंह को साइबर सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतकार्ताओं के 3 लाख 08 हजार 588 रूपए बैंक खातो में वापस कराये जाने के चलते सम्मानित किया गया। एसपी ने प्रशस्ति पत्र व 500-500 रूपए नगद के पुरस्कार दिया

# मानवता का धर्म अपना मनाएं पर्व

मेंहदावल। मेंहदावल थाना परिसर में बुधवार को होली त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। पुलिस ने जहां अपनी बात रखी वहीं सभी ने पुलिस प्रशासन से कड़ी सुरक्षा की अपील करते हुए अपनी बात रखी।

पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि होली का त्योहार एक बड़ा त्योहार है। किसी भी समुदाय की भावनाओं को आहत करने जैसा कोई कार्य न करें। कहा कि हमें कस्बे व आस-पास के क्षेत्र में भय मुक्त माहौल बनाना है, जिससे कि सभी लोग अपने अपने त्योहारों को खुशी से मना सकें। अरविन्द पाण्डेय, अब्दुल कलाम, संजय, अखिलेश, देवेन्द्र आदि रहे।



खलीलाबाद कोतवाली में आयोजित शांति कमेटी की बैठक में उपस्थित लोग।

# त्योहारों पर नहीं शुरू होगी कोई नई परम्परा

- कोतवाली खलीलाबाद में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक
- एडीएम व एएसपी ने शांति व सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील की

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद कोतवाली में बुधवार को पीस कमेटी का बैठक आयोजित हुई। एडीएम अभिनव रंजन व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने आगामी त्योहार पर किसी भी तरह की नई परंपरा को कायम न करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपस्थित लोगों से शांति व सौहार्द पूवर्क त्यौहार मनाने की अपील किया।

होली व शबेबरात त्योहार को देखते हुए कोतवाली खलीलाबाद में एडीएम व एएसपी के देखरेख में शांति कमेटी की बैठक हुई। बैठक में थाना क्षेत्र के गणमान्य व सम्भ्रान्त लोगों ने प्रतिभाग किया। एएसपी संतोष कुमार सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस टीम क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही है। किसी को भी मनमानी करने की छूट नही दिया जाएगा। किसी भी तरह की नई परंपरा को नहीं बनाया जाएगा। पहले जिस तरह से त्यौहार मनाए जाते रहे हैं उसी के अनुरूप सभी लोग अपना-अपना त्योहार मनाएंगे। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि जन सामान्य एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस हर वक्त सभी की सुरक्षा के लिए तत्पर है। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की आपराधिक व अवांछित गतिविधियों के दिखाई देने पर उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। सभी लोग जनपद में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर एसडीएम खलीलाबाद रमेश चंद्र, सीओ अंशुमान मिश्र, कोतवाल सर्वेश कुमार राय, व्यापारी नेता अमित जैन, श्रवण कुमार अग्रहरि के साथ ही खलीलाबाद शहर व थाना क्षेत्र के अन्य तमाम लोग उपस्थित रहे।

# एससीएसटी मामले में दर्ज किया मुकदमा

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के भदाह गांव निवासी शिवा ने अपने शिकायत में बताया कि दिनांक 26 फरवरी को शाम चार बजे छोटी सी बात को लेकर चिलौना निवासी शिवपाल यादव अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर गाली देते हुए उसे लात घूंसा और लाठी डंडा से, मारते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके अलावा उक्त लोगों ने जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग किया। कोतवाल नें बताया कि पीड़ित के शिकायत पर मामले में उक्त आरोपितों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृतकर मारपीट की घटना में घायल को पुलिस निगरानी में मेडिकल परीक्षण एवं उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

# पिता, बेटे-बेटियों पर केस

**बखिरा**। थाना क्षेत्र के पिपरा में जमीनी विवाद में महिला व उसके बेटे की घर में घुसकर पिटाई करने का मामला संज्ञान मे आया है। महिला की शिकायत पर पिता व उसके बेटों व बेटी पर कार्रवाई हुई है। इन्द्रमती मिश्रा पत्नी स्व. विरेन्द्र मिश्र का आरोप है कि वह 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर मन्दिर से जल चढ़ाकर घर आई थी। तभी राजेन्द्र मिश्रा अपने दो बेटों व एक बेटी के साथ उसके घर में घुसकर अपशब्द कहते हुए लाठी-डंडे से मारने-पीटने लगे।

# अलग-अलग मामले में तीन आरोपितों को दबोचा

संतकबीरनगर। थाना धर्मसिंहवा पुलिस ने एक आरोपित को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालान किया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों पर जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की। थाना धनघटा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त विनोद निवासी भीटी हरदो थाना महुली व थाना महुली पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त आदित्य निवासी शनिचरा पूर्वी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# डीएम-एसपी के छापे में 2500 लीटर लहन बरामद

**कार्रवाई**

संतकबीरनगर, कार्यालय संवाददाता। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने होली त्योहार के दौरान जनपद में शांति, सुरक्षा कायम रखने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया। बिड़हर घाट एवं आस-पास के इलाके में हुई छापे की कार्रवाई में 2500 लीटर लहन, 100 लीटर सीजर व 18 भट्ठियों को बरामद कर नष्ट किया गया। मौके से मिले दो ट्रैक्टर सीज कर दिए गए। डीएम ने निरीक्षण व छापेमारी अभियान निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए हैं।



माझा क्षेत्र में बरामद शराब भट्ठी का निरीक्षण करते डीएम एसपी। • हिन्दुस्तान

बिड़हर घाट एवं आस-पास अवैध शराब बनाए जाने वाले संवेदनशील इलाकों में जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने उप जिलाधिकारी डा. रविन्द्र कुमार, थाना प्रभारी धनघटा एवं पुलिस टीम के साथ कार्रवाई की। इस दौरान अवैध शराब बनाने वाले ठिकानों से कच्चा माल एवं लहन सहित अन्य समानों को जब्त करते हुए प्रयुक्त भट्टियों को नष्ट किया गया। मौके पर कच्ची शराब बनाने में प्रयोग किए जाने वाले कच्चा माल लगभग 100 लीटर सीजर, 2500 लीटर लहन जब्त करते हुए 18 भट्ठियों को नष्ट किया गया। मौके पर 02 ट्रैक्टर खड़े पाए गए जिसे सीज कर दिया गया।

अधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को ऐसे संवेदनशील इलाकों में आकस्मिक निरीक्षण एवं छापेमारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध शराब बनाने वाले संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रखी जाए। साथ ही साथ आम जनमानस को कच्ची शराब का सेवक न करने हेतु जागरूक भी किया जाए। इस अवसर पर ओएसडी बलदाऊ शर्मा, आबकारी निरीक्षक भवानी प्रताप सिंह, आलोक सिंह, सहित आबकारी टीम व पुलिस टीम आदि उपस्थित रहे।

# 61 वाहन चालकों से 54,500 रुपये समन शुल्क की वसूली

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने बुधवार को यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान मांगने पर वाहन चलाने का लाइसेंस सहित अन्य कागजात न दिखा सकने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 61 वाहन चालकों से 54,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। (जासं)

# डीएम व एसपी ने कच्ची को लेकर मारा छापा

- कच्ची बनाने की भट्ठियों, काफी मात्रा में मिले लहन व उपकरण नष्ट
- ढाई हजार लीटर कच्ची बरामद कार्रवाई से धंधेबाजों में मची खलबली

जासं, संतकबीर नगर : होली पर्व को देखते हुए प्रशासनिक व पुलिस विभाग अलर्ट हो गया है। इस पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए हर बिंदुओं पर ध्यान दे रहा है। मंडलायुक्त के निर्देश का असर दिख रहा है। डीएम व एसपी बुधवार की शाम को पुलिस कर्मियों के साथ धनघटा थाना के बिड़हरघाट में अचानक छापा डाले। इस दौरान अवैध कच्ची बनाने की भट्ठियों, काफी मात्रा में लहन व प्रयोग में आने वाले उपकरण को नष्ट किया गया। लगभग ढाई हजार लीटर कच्ची बरामद किया गया। इस कार्रवाई से धंधेबाजों में खलबली मची रही।

होली पर्व के मद्देनजर डीएम संदीप कुमार, एसपी सत्यजीत गुप्ता बुधवार को धनघटा तहसील के एसडीएम रवींद्र कुमार, सीओ दीपांशी राठौर, थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह के साथ अचानक बिड़हरघाट में छापा डाला। अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी देखकर धंधेबाज फरार हो गए। लोग जब



सरयू नदी के विड़हरघाट के रेता में कच्ची के विरुद्ध छापेमारी करते डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता ● जागरण

वहां पहुंचे तो कच्ची का कारोबार देखकर दंग रह गए। सरयू नदी के रेता में कच्ची की 15 भट्ठियां धधक रही थीं। कच्ची को कुछ लोगों ने कुटीर उद्योग बना लिया है।

काफी संख्या में पुलिस कर्मियों के साथ हुई छापेमारी में सरयू नदी के पास से अवैध कच्ची बनाने की भट्ठियों, काफी मात्रा में लहन व प्रयोग में आने वाले उपकरण को नष्ट किया गया। डीएम व एसपी ने नाव से एक छोर से दूसरे छोर पर पहुंचे।

प्रशासनिक व पुलिस विभाग की सख्ती को देखकर कच्ची के धंधेबाजों, खरीदारों में खलबली मची रही। डीएम व एसपी ने कहा कि अवैध कच्ची बनाने व बेचने वालों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# होली में हुड़दंग से बचें, लगाएं प्यार का रंग : एएसपी

- अधिकारी मिलजुलकर लोगों से त्योहार मनाने की कर रहे अपील
- विवाद पैदा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की दे रहे हिदायत

जागरण टीम, संतकबीर नगर: होली का त्योहार आपस में मिलजुल कर मनाने की अपील की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारी थानों पर पहुंचकर लोगों से होली के हुड़दंग से बचने की सीख दे रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संतोष कुमार सिंह बुधवार को जनपद के तीन थानों पर पहुंचे और लोगों से त्योहार को आपसी भाईचारा बनाकर मनाने की अपील की। उन्होंने हिदायत दी कि यदि त्योहार में खलल डालने की कोशिश हुई तो आरोपित बख्शे नहीं जाएंगे।

जनपद के सभी आठ थानों पर पीस कमेटी की बैठक हुई। लोगों से प्रेम व भाईचारा के साथ होली मनाने की अपील की गई। उपद्रव करने वाले लोगों पर सख्ती बरतने



दुधारा थाने पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, एसडीएम रमेश चंद्र और सीओ अंशुमान मिश्र ● जागरण

की बात भी कही गई।

दुधारा थाने पर एएसपी ने कहा कि होली प्रेम और भाईचारा का त्योहार है। एक-दूसरे को मोहब्बत का रंग लगाएं, हुड़दंग करने से बचें। किसी प्रकार का उपद्रव व हुड़दंग करने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की हिदायत दी। इस दौरान एसडीएम रमेश चंद्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र भी लोगों को संबोधित किया। इसी क्रम में मेंहदावल थाने पर प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने लोगों से तय गाइडलाइन का पालन करते हुए त्योहार मनाने की अपील की।

धर्मसिंहवा थाने पर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने को कहा। बेलहर के पिपरा प्रथम चौकी पर भी पीस कमेटी की बैठक हुई।

इसी क्रम में महुली थाना में उप जिलाधिकारी रविंद्र कुमार व सीओ दिपांशी राठौर ने शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील की।

# शांतिभंग की आशंका में पुलिस ने एक को गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जनपद की धर्मसिंहवा पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में बुधवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसे थाने पर लेकर आई। यह व्यक्ति भूमि विवाद को लेकर मारपीट करने पर उतारू था। सूचना मिलने पर पुलिस इनके गांव में पहुंची। (जासं)

# दो वारंटी भेजे गए जेल

संतकबीर नगर : जनपद की पुलिस ने बुधवार को फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इसमें भीटी हरदो गांव निवासी विनोद और शनिचरा पूर्वी गांव के आदित्य आदि दो आरोपित शामिल हैं। (जासं)

# प्रधान, वीडीओ समेत तीन पर केस का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

### मेड़बंदी के नाम पर फर्जीवाड़ा करके सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप

संतकबीरनगर। सीजेएम हरिकेश कुमार ने बेलहर क्षेत्र के कटया के प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी और तकनीकी सहायक के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश बेलहर कला पुलिस को दिया है।

आरोप है कि लोगों ने मिलीभगत करके मेड़बंदी के नाम पर फर्जीवाड़ा करके सरकारी धन का दुरुपयोग कर लिया है। अधिवक्ता चतुर शुक्ल ने बताया कि बेलहर कला क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटया निवासी विनोद कुमार पांडेय पुत्र बाल गोविंद पांडेय ने कोर्ट में तहरीर दी। जिसमें कहा कि ग्राम पंचायत कटया के प्रधान ने फर्जीवाड़ा किया है।

अवैध ढंग से सरकारी धन का गबन बगैर कोई कार्य कराए ही कर लिया है। जिसके संबंध में शिकायत करने पर समुचित जांच व कार्रवाई न होने पर शिकायत लोकपाल मनरेगा से की गई। उपायुक्त मनरेगा की जांच में तीनों दोषी पाए गए। डीसी मनरेगा ने 15 जुलाई 2022 को सीडीओ को रिपोर्ट प्रेषित की। जिसमें स्पष्ट लिखा गया कि माह फरवरी में फर्जी ढंग से दिखाए गए मेड़बंदी के कार्य और उस पर लिए गए भुगतान से प्रथम दृष्टया ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी दोषी पाए गए।

इसमें संबंधित तकनीकी सहायक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई व वसूली के लिए उपायुक्त मनरेगा ने आदेशित किया, लेकिन प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, संबंधित तकनीकी सहायक के विरुद्ध आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

कार्रवाई न होने से उनका मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे लोग शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने थानाध्यक्ष बेलहर कला को सूचना दी, लेकिन उपरोक्त के विरुद्ध कोई कार्रवाई न होने पर घटना की शिकायत जरिये रजिस्ट्री एसपी को दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पीड़ित ने मजबूरी में कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने इस मामले में प्रधान कटया, ग्राम विकास अधिकारी, संबंधित तकनीकी सहायक के खिलाफ केस करने का आदेश दिया।

# साइबर क्राइम के बारे में छात्रों को जागरूक किया

मेंहदावल। पूर्व माध्यमिक विद्यालय नंदौर में बुधवार को पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने छात्रों को जागरूक किया। बखिरा थाने पर तैनात उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि आज के इस डिजिटल दौर में साइबर ठगी का खतरा बढ़ गया है। बचाव के लिए सभी को इसके बारे में जागरूक होना जरूरी है।

उन्होंने कहा किसी कंप्यूटर का आपराधिक स्थान पर मिलना, उससे कोई अपराध करना साइबर अपराध कहलाता है। किसी अन्य के मोबाइल व कंप्यूटर में सेंध लगाकर किसी दूसरे को जानकारी देना या कंप्यूटर के भागों की चोरी या नष्ट करना भी साइबर अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि अपना एटीएम, मोबाइल में चलने वाले एप का प्रयोग गोपनीय ढंग से सावधानी पूर्वक करें। सोशल मीडिया का प्रोफाइल लॉक रखें। परिचित व्यक्ति का ही फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करें।

उन्होंने साइबर क्राइम से सुरक्षा के लिए छात्रों को जरूरी टिप्स भी दिए। इस अवसर पर शिक्षक सफीउल्लाह सिद्दीकी और हेमंत पाठक समेत कई लोग मौजूद थे। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-03-2023

# शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों की जब्त होगी बाइक : सीओ

- करनैलगंज में पीस कमेटी की बैठक
- सभी धर्म और समुदाय के लोगों ने लिया हिस्सा

करनैलगंज, संवाददाता । होली के पर्व को शांति और सौहार्द से मनाने के लिए बुधवार को कोतवाली करनैलगंज में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सभी धर्म और समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया।

एसडीएम हीरालाल ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है। इससे लोगों को सीख लेनी चहिए। रंग-गुलाल उड़ाते समय बवाल न करें ताकि होली का पर्व सुखमय तरीके से मनाया जा सके। सीओ नवीना शुक्ला ने कहा कि होली पर्व को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। होली में शराब पीकर हुड़दंग करने वालों की बाइक जब्त कर ली जाएगी। जिन गांवों या मोहल्लों में होलिका दहन का स्थान चिन्हित है, वहां लोग उसी स्थान पर होलिका दहन करें। कहीं भी शराब पीकर बवाल न हो इसके लिए पुलिस नजर रख रही है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने भी पीस कमेटी में मौजूद लोगों से होली त्यौहार को शांतिपूर्ण व सौहार्द वातावरण में संपन्न कराने की अपील की। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन रामजीलाल शमीम अहमद अच्छन मौजूद थे।

# साइबर जागरूकता दिवस मनाया गया

गोण्डा। इंटरनेट मीडिया के दौर में साइबर अपराध के संबंध में जागरूक करने के लिए पुलिस ने जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में साइबर पाठशाला लगाई। इस दौरान साइबर अपराध जैसे इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, कामर्शियल वेबसाइट फ्राड, वालेट, यूपीआइ संबंधित जानकारी दी गई।

# लापता बाइक को बरामद कर सुपुर्द किया

बभनान। थाना छपिया अंतर्गत ग्राम बभनान जमुनहा निवासी लालचंद गुप्ता की बाइक अज्ञात व्यक्ति दरवाजे से उठा ले गया था। इसकी सूचना उसने पुलिस चौकी बभनान पर दी थी। गायब बाइक को ग्राम सदकरपुर के समय माता मंदिर के पास झाड़ी से बरामद किया गया है। चौकी प्रभारी राकेश कुमार ओझा ने बुधवार को गायब गाड़ी मालिक को सौंप दी।

# शांतिभंग में 33 लोगों का चालान

**गोण्डा।** जिले की पुलिस लगातार शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी कार्रवाई कर रही है। विभिन्न थानों की पुलिस ने बुधवार को शांतिभंग की आशंका में 33 लोगों का चालान किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को भारी मुचलके पर पाबंद किया गया है।

# दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**गोण्डा।** धानेपुर पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गूदरपुरवा निवासी राम मोहन पाण्डेय पुत्र राम निहाल को कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# तीन दिवसीय रामलीला मंचन का शुभारंभ

**गोण्डा।** गांधी पार्क स्थित टाउनहाल में तीन दिवसीय रामलीला मंचन का शुभारंभ डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार ने किया है। यह मंचन लगातार तीन दिन चलेगा। मंचन देखने के लिए दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। बताया गया है कि रामलीला के कलाकार जिले के अलावा अन्य जगहों से भी बुलाए गए हैं। मंचन के बाद इन कलाकारों का स्वागत समारोह भी किया जाएगा।

# डीएम ने बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का हाल जाना

**गोण्डा।** जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने बुधवार को कई परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। डीएम ने राजकुमार सीताराम इंटर कालेज बमडेरा बालपुर व श्रीराम सिंह कन्या इंटर कालेज गद्दौपुर चौरी, शिक्षक बंधु इंटर कालेज बालपुर का निरीक्षण कर बोर्ड परीक्षा की व्यवस्था देखी। उन्होंने बोर्ड परीक्षा को पारदर्शी तरीके से कराने का भी निर्देश दिया है।

# वाहन की टक्कर से घायल की मौत

**बहराइच।** हुजूरपुर-पयागपुर मार्ग के कंदरा गांव से मंगलवार देर रात किसी तेज रफ्तार वाहन ने पैदल आ रहे युवक को टक्कर मार दी। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को चिरैयाटांड़ सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर लाश परिजनों को सौंप दिया गया। हुजूरपुर थाने के कंदरा गांव निवासी 25 वर्षीय राजू पुत्र रामफेरे मंगलवार रात लगभग 11:30 बजे पड़ोस के बाजार से पैदल ही घर आ रहा था।

# युवती अपहरण मामले में दो के विरुद्ध केस

परसपुर। मंगलवार को कोचिंग करके साईकिल से घर वापस जाते समय पसका मोड़ पर दो युवकों द्वारा एक 18 वर्षीय युवती को अगवा कर लेने के मामले में पुलिस ने दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने युवती को महिला आरक्षी की सुपुर्दगी में डाक्टरी परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। अपहृत युवती के भाई की ओर से थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि मंगलवार को उसकी अठ्ठारह वर्षीय बहन गांव से कोचिंग करने परसपुर आई थी। साईकिल से वापस घर आते समय जब वह पसका मोड़ पहुंची तो एक युवक ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर उसका अपहरण कर लिया। प्रभारी इंस्पेक्टर रमाशंकर राय ने बताया कि ग्राम पसका भया पुरवा निवासी आलोक सिंह एवं इसी ग्राम के कौलरिहन पुरवा निवासी पिंटू यादव के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस अब डाक्टरी परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद आग्रिम कार्रवाई की बात कही है।

# एएसपी ने की बैठक, दिए निर्देश

## समीक्षा बैठक



चौकी प्रभारियों के साथ बैठक करते एएसपी।

गोण्डा। एएसपी शिवराज ने बुधवार को पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ आगामी त्यौहार, पास्को एक्ट व महिला सम्बन्धित अपराध को लेकर एक बैठक की। बैठक में एएसपी ने होलिका दहन स्थल का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए।

एएसपी ने कहा कि आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। उन्होंने पास्को एक्ट व महिला सम्बन्धित लम्बित समस्त विवेचनाओं की समीक्षा की। विवेचक से विवेचना के इतनी लंबी अवधि तक लंबित रखने का कारण जाना। महिला संबंधी अपराधों व अपहृत बालिकाओ के मुकदमो में टीम बनाकर अतिशीघ्र उनकी बरामदगी करने का निर्देश दिया। बैठक में क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा, समस्त चौकी प्रभारी रहे।

# प्रशासन ने खंगाली खलील टायर की संपत्ति

## जमीन खरीद-फरोख्त का मास्टरमाइंड, तहसीलदार ने तिरंगा मार्केट की जांच की, खलील है इसका मालिक

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। शहर की जमीनों के खरीद- फरोख्त का खेल कर करोड़ों की संपत्ति तैयार करने वाले खलील टायर की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। पुलिस महानिरीक्षक की संस्तुति के बाद शुरू हुई जांच का दायरा अब बढ़ता जा रहा है। शहर के पांडेय तालाब की जमीन पर कब्जा कर बनाए गए तिरंगा मार्केट पर प्रशासन की निगाह टिक गई है।

तहसीलदार सदर अखिलेश कुमार के नेतृत्व में राजस्व टीम ने तिरंगा मार्केट की पैमाइश की। नगर कोतवाली के बगल बना तिरंगा मार्केट निर्माण के समय से ही विवादों के केंद्र में रहा है। आरोप है कि खलील टायर ने नजूल व तालाब की जमीन पर कब्जा कर कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया है।

कॉम्पलेक्स की बाउंड्रीवाल तालाब की जमीन पर कब्जा कर बनाई गई है। प्रशासन से इसकी शिकायत भी हुई लेकिन खलील के रसूख के सामने प्रशासन के अधिकारी इस पर कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा सके। अधिवक्ता रविप्रकाश पांडेय की शिकायत पर शासन स्तर से खलील टायर के संपत्तियों की जांच कराई जा रही है। प्रशासन खलील से जुड़ी संपत्तियों के दस्तावेज खंगालने जा रहे हैं। बीते मंगलवार को तहसीलदार सदर के नेतृत्व में सात सदस्यीय राजस्व टीम ने पटेल नगर स्थित तिरंगा कॉम्पलेक्स की पैमाइश की और तालाब पर कब्जा कर बनाई बाउंड्रीवाल की भी नापजोख की। तहसीलदार ने कॉम्पलेक्स में बनी दुकानों की पड़ताल की। इससे जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल के लिए नगर पालिका दफ्तर को खंगालने की तैयारी है।



गोंडा में तिरंगा मार्केट की जांच करते तहसीलदार। संवाद

### जांच कर रिपोर्ट भेजी जाएगी

" तालाब की जमीन पर कब्जा कर कॉप्लेक्स का निर्माण कराए जाने की शिकायत पर तिरंगा कॉप्लेक्स की पैमाइश की गई है। अब इससे जुड़े अभिलेखों की पड़ताल के लिए नगर पालिका दफ्तर में जाने की तैयारी है। अभिलेखों के जांच कर रिपोर्ट भेजी जाएगी। - **अखिलेश कुमार**, तहसीलदार सदर

**बिना अंडरग्राउंड पार्किंग के बना दिया कॉम्पलेक्स...** तिरंगा कॉप्लेक्स में अंडरग्राउंड दुकानें तो बनाई गई हैं लेकिन पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई है। कई बार कॉप्लेक्स के मालिक खलील को नोटिस दी जा चुकी है।

## अपहरण का मुकदमा

**वजीरगंज :** एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने बेटी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में कहा कि नाबालिग बेटी घर से निकली थी जिसका अपहरण कर लिया गया था। उसकी बरामदगी कर ली गई है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि मुकदमा करके विधिक कार्रवाई की जा रही है। (संसू)

## गांजा के साथ गिरफ्तार

**गोंडा : अनुसूचित तरबगंज पुलिस ने किंधौरा तिवारी पुरवा निवासी मालिक चंद तिवारी को एक किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक विजय बहादुर सिंह ने कहा कि आरोपित पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा किया गया है।कारावास की सजा सुनाई है।(संसू)**

# कर्नलगंज व कटरा बाजार पुलिस ने 115 लोगों को किया पाबंद



बालपुर में गोंडा लखनऊ मार्ग पर पैदल गश्त करते कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ● जागरण

**संसू, हलधरमऊ (गोंडा)** : होली में हुड़दंग रोकने के लिए पुलिस ने पैदल गश्त कर शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाए जाने की अपील की। साथ ही 115 लोगों को पाबंद किया गया है। इसमें कर्नलगंज कोतवाली ने 65 व कटरा बाजार पुलिस ने 50 लोगों को पाबंद किया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह की अगुवाई में बुधवार को बालपुर बाजार, हरसिंहपुर, रेरुवा, परसा गोंडरी, गुरुपुरवा, मैजापुर मोड़ बटौरा बख्तावर, चौरी चौराहा, गोनवा,गुरसड़ा सहित कई स्थानों पर पैदल गश्त की। इस दौरान लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से होली का त्योहार मनाए जाने की अपील की।

कटरा बाजार थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि वाहनों की जांच की जा रही है। हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। इस दौरान विनय कुमार पांडेय, अंबुज शर्मा मौजूद थे।

# ट्रैक्टर एजेंसी मालिक के खिलाफ गैरजमानती वारंट

गोंडा। जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम के आदेश के बावजूद 11 साल तक उपभोक्ता को एक लाख रुपये अदा न करने पर फोरम ने ट्रैक्टर एजेंसी मालिक के विरुद्ध गैरजमानतीय वारंट जारी किया है। फोरम के अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक गोंडा को संबंधित थाने के माध्यम से गिरफ्तारी और फोरम के समक्ष गुरुवार को प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

जिले के ग्राम बाबामठ पोस्ट बरौली निवासी दिनेश प्रताप सिंह ने 25 अगस्त 2010 को फोरम में परिवाद प्रस्तुत कर कहा कि दो मार्च व पांच मार्च 2010 को ट्रैक्टर क्रय करने के लिए तरबगंज बाजार स्थित शिवम ट्रैक्टर्स एजेंसी को चेक के जरिए 50-50 हजार रुपये भुगतान किया था। एजेंसी मालिक ने बैंक से धनराशि प्राप्त कर ली, लेकिन उसे ट्रैक्टर नहीं दिया। ट्रैक्टर न मिलने से कृषि कार्य ठीक से नहीं कर सका, उसे दो लाख रुपये की क्षति हुई थी। संवाद

# समूह के उत्पाद से होली मनाएंगे अफसर



गोंडा के विकास भवन में समूह के स्टाल पर खरीदारी करतीं सीडीओ। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। विकास भवन में स्वयं सहायता समूह की ओर से होली स्टॉल लगाया गया है। बुधवार को सीडीओ एम. अरुन्मोली ने स्टाल का शुभारंभ किया। उन्होंने रासायनिक रंगों से लोगों को बचने की सलाह दी। हर्बल अबीर और गुलाल पर जोर दिया। श्रीराधे स्वयं सहायता समूह पूरे तिवारी के समूह की ओर से स्टाल पर घर के बने चिप्स, पापड़, नमकीन के साथ ही अबीर और गुलाल की बिक्री के लिए उपलब्ध कराया है। सीडीओ ने कहा कि विकास भवन के अधिकारी और कर्मचारी समूह के स्टाल से ही होली की सामग्री ले जाएं। जिससे रोजगार के लिए पहल कर रहीं महिलाओं को लाभ मिले। समूह की अध्यक्ष किरन मिश्रा ने सीडीओ का स्वागत किया। स्टाल शुभारंभ के समय जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, आजीविका मिशन के अंबिका, नीलांबुज रहे।

## होलिका दहन स्थल पर जाकर निपटाएं विवाद: एएसपी

गोंडा। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने कहा कि आने वाली होली की तैयारी अभी से कर लें। पिछली होली में अगर कहीं विवाद हुआ हो तो उसमें कार्रवाई खंगाल लें। होलिका दहन स्थल पर पहुंचकर विवाद हो तो उसे लोगों से बातचीत करके निपटा लें। होलिका कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से बातचीत कर उपद्रव करने वालों को भी चिह्नित करके निरोधात्मक कार्रवाई करें। अपर पुलिस अधीक्षक बुधवार को पुलिस कार्यालय सभागार में चौकी प्रभारियों के संग बैठक कर रहे थे। उन्होंने चौकी प्रभारियों से उनके क्षेत्र में होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने लंबित विवेचनाओं की जानकारी ली। विवेचनाओं को लंबित रखने का कारण पूछा और समय से निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा, चौकी प्रभारी व विवेचक मौजूद रहे। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-03-2023




प्रधान पद के उप चुनाव को लेकर रवाना होती पोलिंग पार्टी।

# प्रधान पद के उप चुनाव के लिए पोलिंग पार्टी रवाना

महराजगंज तराई। तुलसीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सुदर्शनजोत में प्रधान पद के उपचुनाव के लिए ब्लॉक से पोलिंग पार्टी रवाना की गई। ग्राम प्रधान पद के उप चुनाव में दो प्रत्याशियों को 1991 मतदाता मतदान करेंगे। बुधवार को तुलसीपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत सुदर्शनजोत में उपचुनाव के लिए ब्लॉक से पोलिंग पार्टी रवाना की गई। एआरओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उपचुनाव में तीन बूथ के लिए तीन पार्टियां रवाना की गई हैं। उपचुनाव के आरओ तुलसीपुर खंड शिक्षाधिकारी रमेश कुमार को नियुक्त किया गया है।

# चोरी के सामान के साथ दो लोग गिरफ्तार

**उतरौला :** पुलिस ने चोरी के साम्मान के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे ने बताया कि गांधीनगर निवासी रेहान व गुरदयालडीह निवासी तनुज कुमार गुप्त को ग्राम्म तेंदुआ तकिया पुल के पास से चोरी के इलेक्ट्रानिक उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया है। (संसू)

# दो वारंटियों को भेजा जेल

**हरैया सतघरवा** : पुलिस ने दो वारंटियों को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष हरैया अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि होमपुर निवासी विजय व ननकू को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।(संसू)

# पुलिस ने डीजे संचालकों पर कसा शिकंजा, 27 को नोटिस

**संसू, सादुल्लाहनगर :** होली को लेकर पुलिस ने डीजे संचालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बुधवार को पुलिस ने 27 डीजे संचालकों को नोटिस करते हुए पाबंद किया है। साथ ही निर्धारित मानक से अधिक आवाज में डीजे न बजाने की हिदायत दी है। अश्लील व भड़काऊ गाना बजाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीएम संतोष कुमार ओझा ने कहा कि होली में रंग-गुलाल उसी पर डालें जो इच्छुक हो। किसी भी व्यक्ति पर अनावश्यक रूप से रंग न डालें। सीओ उतरौला उदय राज सिंह ने कहा कि यदि कोई भी अराजक तत्व त्योहार में खलल डालेगा तो स्थानीय पुलिस व डायल 112 पर सूचना दें। प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने कहा कि यदि कोई तेज ध्वनि में डीजे बजाते मिलेगा तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर दीपचंद्र जायसवाल, शेर खान, पंकज तिवारी, अली अहमद, विपिन सिंह, अब्दुल गनी, विष्णु व रमेश तिवारी मौजूद रहे। पचपेड़वा में एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने शांति समिति की बैठक की।

# एएसपी करेंगी डूडा की अधिकारी पर लगे आरोपों की जांच

**बलरामपुर।** डूडा की परियोजना अधिकारी पर लगे गंभीर आरोपों की जांच एसपी केशव कुमार ने एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव को सौंपी है। वहीं, डूडा की अधिकारी ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह ने पिछले दिनों एसपी को शिकायती पत्र दिया था। इसमें आरोप लगाया कि डूडा से आवास आवंटन की किस्त के नाम पर पैसे की मांग की जा रही है। कर्मचारी अधिकारियों का हस्ताक्षर बनाते हैं। इसके साथ ही एक वाट्सएप चैट की स्क्रीन शॉट भी एसपी को दी गई। जिसमें पैसे के लेनदेन की बात होने का दावा किया जा रहा है। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसपी को जांच करके कार्रवाई करने को कहा है। वहीं, पीओ डूडा विजया तिवारी का कहना है कि सभी आरोप बेबुनियाद हैं। अपात्र लोगों व वसूली करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के कारण इस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। जांच में सब सामने आ जाएगा। (संवाद)

# अलग-अलग मामलों में पांच गिरफ्तार

**उतरौला।** पुलिस ने बुधवार को तेंदुआ तकिया पुल के पास से गांधीनगर के रेहान व गुरुदयाल डीह के तनुज कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया है। कोतवाल संजय दूबे ने बताया कि रेहान व तनुज के पास से चोरी का मिक्सर ग्राइन्डर व वाटर हीटर रॉड के साथ ही 23 हजार रुपये की नकदी बरामद हुई है। वहीं, हरैया पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर विजय व ननकू निवासी होमपुर को गिरफ्तार किया है। पचपेड़वा पुलिस ने अपहरण में वांछित एहसान निवासी बिजुआ कला को गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# होली पर अश्लील गाने बजाए तो खैर नहीं

## तीन थानों में पीस कमेटी की बैठक में शांति से त्योहार मनाने की अपील

संवाद न्यूज एजेंसी

सादुल्लाहनगर (बलरामपुर)। होली को लेकर पुलिस ने इस बार डीजे संचालकों पर शिकंजा कसा है। बुधवार को पुलिस ने 27 डीजे संचालकों को नोटिस जारी करने के साथ ही पाबंद किया है। इन्हें निर्धारित मानक से अधिक आवाज में डीजे नहीं बजाने को कहा गया है। अगर किसी डीजे पर अश्लील गाना बजाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीएम संतोष कुमार ओझा ने कहा कि होली में किसी पर जबर्दस्ती रंग व गुलाल न डालें। सीओ उतरौला उदयराज सिंह ने कहा कि यदि कोई भी अराजक तत्व त्योहार में खलल डाले तो तत्काल स्थानीय पुलिस व यूपी 112 पर सूचना दें।

प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने कहा कि यदि कोई तेज ध्वनि में डीजे बजाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



सादुल्लाहनगर थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग। संवाद

### 27 डीजे संचालक पाबंद, अराजक तत्वों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

इस अवसर पर दीपचंद्र जायसवाल, शेर खान, पंकज तिवारी, अली अहमद, विपिन कुमार सिंह, अब्दुल गनी, विष्णु, रमेश कुमार तिवारी, संजय, राजेश, सुनील आदि मौजूद रहे।

पचपेड़वा थाने में एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने शांति समिति की बैठक की। इसमें मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील की गई। रेहरा बाजार थाने में भी शांति समिति की बैठक हुई। इसमें क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने हिस्सा लिया। सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। कहा किया कि होली पर हुड़दंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 02-03-2023

# बूथों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां, मतदान आज होगा

## 24 प्रत्याशी के भाग्य का फैसला करेंगे 8783 वोटर, चार पंचायतों में प्रधान व दो में सदस्य का होगा उपचुनाव

**उप चुनाव**

बहराइच, संवाददाता। जिले में पांच ब्लॉकों में गुरुवार को होने वाले उपचुनाव के लिए ब्लॉक मुख्यालयों से पोलिंग पार्टियां बूथों पर बुधवार को शाम पहुंच गईं। पांच प्रधान व दो सदस्य ग्राम पंचायत पद के लिए हो रहे उपचुनाव में 8783 मतदाता चुनाव लड़ रहे 24 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। सुबह आठ बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी, जो शाम पांच बजे तक चलेगी। शांतिपूर्ण उपचुनाव को लेकर मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

जिले में पांच ब्लॉकों में पांच ग्राम प्रधान व 34 सदस्य ग्राम पंचायत के पद रिक्त हो गए थे। इन पदों पर उपचुनाव की घोषणा की गई थी। ग्राम पंचायत प्रधान पद पर एक पंचायत में एक ही प्रत्याशी का नामांकन होने पर निर्विरोध हो गया, जबकि चार पर उपचुनाव के लिए दोपहर ब्लॉक मुख्यालयों से पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। इसके अलावा सदस्य ग्राम पंचायत के 30 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होने से सिर्फ दो पदों पर उपचुनाव हो रहा है। त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के लिए मिहींपुरवा, चित्तौरा, कैसरगंज, जरवल व शिवपुर ब्लॉक मुख्यालय पर दोपहर से पोलिंग पार्टियों के रवानगी की प्रक्रिया शुरू हुई। शाम पांच बजे तक सभी पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंच गईं। केंद्रों पर पहुंच कर मतदान को लेकर सभी औपचारिकताएं पूरी की गईं। चार प्रधान व दो ग्राम पंचायत सदस्य के लिए होने वाले उपचुनाव में कुल 8783 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें सर्वाधिक मतदाता 3674 मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत रायबोझा के ग्राम प्रधान पद पर वोट करेंगे, जबकि सबसे कम 200 मतदाता शिवपुर ब्लॉक के लौकिहा में सदस्य ग्राम पंचायत के पद पर हो रहे उपचुनाव में वोट डालेंगे। शुचितापूर्ण मतदान के लिए हर केंद्र पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। मतदान केंद्र से 100 मीटर के दायरे से लोगों को दूर रखा जाएगा।



मिहींपुरवा ब्लॉक से रवाना होती पोलिंग पार्टियां।

### प्रत्याशी व मतदाता पर एक नजर

| ब्लॉक | पंचायत | पद | मतदाता | प्रत्याशी |
|---|---|---|---|---|
| जरवल | हडवटाढ | प्रधान | 1521 | 03 |
| कैसरगंज | देवलखा | प्रधान | 1494 | 05 |
| चित्तौरा | बनियाठारी | प्रधान | 1250 | 05 |
| मिहींपुरवा | रायबोझा | प्रधान | 3674 | 06 |
| मिहींपुरवा | खड़ला | सदस्य | 644 | 02 |
| शिवपुर | लौकिहा | सदस्य | 200 | 03 |

### ब्लॉक मुख्यालयों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम

मतदान के बाद मत पेटिकाओं को ब्लॉक मुख्यालयों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए पुलिस कर्मी मुस्तैद रहेंगे, सीसी कैमरे से भी निगहबानी होगी।

### उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान करें: एसडीएम

कैसरगंज। कैसरगंज के ग्राम पंचायत देवलखा में दो मार्च को होने वाले उपचुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए एसडीएम महेश कुमार कैथल व पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ गांव का भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करके आगामी पर्व को शांति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। प्राथमिक विद्यालय देव लखा में आयोजित बैठक में एसडीएम ने कहा कि दो मार्च को ग्राम प्रधान पद के लिए होने वाले उप चुनाव में सभी ग्रामीण शत-प्रतिशत मतदान करें, किसी अफवाह पर ध्यान न दें। शासन की ओर से जारी गाइड लाइन का पालन करें। सीओ कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि अराजक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।

# शेयर न करें ओटीपी व आधार और पैन नंबर

संवाद न्यूज एजेंसी

## एसपी के अलावा रुपईडीहा व पयागपुर पुलिस ने किया जागरूक


पयागपुर में लोगों को जागरूक करती पुलिस।

**बहराइच।** साइबर अपराध को लेकर जागरूक करने के लिए बुधवार को एसपी फेसबुक पर लाइव आए। वहीं, पयागपुर व रुपईडीहा में भी पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। एसपी प्रशांत वर्मा ने कहा कि किसी से भी ओटीपी शेयर न करें।

इसी तरह आधार व पैन नंबर भी किसी से शेयर न करें। इसके जरिए बैंक खाते से रकम उड़ाई जा सकती है। इसी तरह मोबाइल पर कोई ओटीपी भेजें और फॉलो करने को कहे तो ऐसा बिल्कुल न करें। आपके साथ साइबर ठगी हो सकती है। वहीं, प्रभारी निरीक्षक, रुपईडीहा श्रीधर पाठक ने भी फेसबुक पर लाइव आकर बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर 1930 पर कॉल करें। पयागपुर के रायडीह स्थित गांव के एक निजी विद्यालय में भी साइबर अपराध से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने लोगों को साइबर खतरों के बारे में बताया।

# पांच ग्राम पंचायतों में 8,783 मतदाता आज करेंगे मतदान



मिहींपुरवा ब्लाक मुख्यालय से रवाना होतीं पोलिंग पार्टी • जागरण

**जासं, बहराइच :** उपचुनाव के लिए गुरुवार को पांच ग्राम पंचायतों में मतदान होगा। 8,783 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। गहमागहमी के बीच बुधवार को पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया।

ब्लाक जरवल के हरवाटांड में प्रधान पद के तीन, कैसरगंज के देवलखा में पांच, चित्तौरा के बनियाहारी में पांच, मिहींपुरवा के रायबोझा में छह प्रधान पद के प्रत्याशी मैदान में हैं। मिहींपुरवा के चहलवा में दो और शिवपुर के लौकिहा में ग्राम पंचायत सदस्य के दो-दो प्रत्याशी भी चुनाव लड़ रहे हैं। मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र ने बताया कि सात मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को बुधवार को भेज दिया गया है। गुरुवार को सुबह सात से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

• **गहमागहमी के बीच उपचुनाव को पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना**

# रामगांव थानाध्यक्ष बने अमितेंद्र

## 18 दारोगा को नई तैनाती

**जासं, बहराइच :** एसपी प्रशांत वर्मा ने कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के एक बार फिर फेरबदल किया है। टिकोरामोड़ चौकी प्रभारी अमितेंद्र सिंह को रामगांव का नया थानाध्यक्ष बनाया है।

लंबे समय से रामगांव थानाध्यक्ष रहे एसआइ संजय कुमार सिंह को पुलिस लाइन भेजा है। थाना सुजौली में तैनात एसआइ दिलीप कुमार उपाध्याय को पयागपुर थाना क्षेत्र के खुटेहना चौकी का प्रभारी बनाया है। दारोगा हरीश सिंह को खुटेहना चौकी से अमृतपुर पुरैना चौकी का प्रभारी बनाया है। जिला अस्पताल चौकी के प्रभारी राजनारायण त्रिपाठी को थाना फखरपुर, पुलिस लाइन से विनय कुमार मिश्र को जिला अस्पताल चौकी का प्रभारी बनाया है। पुलिस लाइन से महेंद्र यादव को कोतवाली नगर, ओंकार यादव को थाना विशेश्वरगंज, संजय कुमार यादव को नवाबगंज, अनिल यादव को बौंडी, रामकेश को थाना हुजूरपुर, सुनील वर्मा को कोतवाली देहात, बृजेंद्र सिंह को थाना हुजूरपुर, दिग्विजयनाथ दुबे को थाना हरदी, राधेश्याम यादव को यातायात शाखा,वीके गुप्त, दिवाकर तिवारी, वेदप्रकाश कनौजिया को दरगाह शरीफ भेजा है।

# शांति समिति की बैठक

**मोतीगंज/पयागपुर** : डीएम डा . दिनेश चंद्र एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने थाना मोतीपुर में शांति समिति की बैठक में आगामी त्योहार शब-ए-बारात एवं होली के संबंध में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। प्रभावशाली व्यक्तियों एवं धर्म गुरुओं को बुलाकर शासन एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों से अवगत कराया गया।उन्होंने त्योहारों को शांतिपूर्ण, सकुशल तथा भाईचारे के साथ सद्भावना पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।(संसू)

# साइबर क्राइम के प्रति पुलिस ने फैलाई जागरूकता



हुजूरपुर के ज्ञानविद्या मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को जागरूक करते पुलिसकर्मी ● जागरण

**संसू, बहराइच** : पुलिस ने साइबर अपराध के प्रति जागरूकता की मुहिम जारी रखी। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने फेसबुक पेज पर जागरूकता के लिए लोगों के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान साढ़े चार हजार लोगों ने देखा और 11 सौ लोगों ने लाइक किया।

उन्होंने कहा वर्तमान समय में साइबर क्राइम के मामले बड़ी तादाद में आ रहे हैं। इससे बचने के लिए जागरूकता जरूरी है। बैंक खातों के फ्राड, लाटरी व लक्की ड्रा जैसी बातें कहकर बैंक अकाउंट से रुपये निकाल लेने वाले मामले अधिक हो रहे हैं। ऐसी समस्या आने पर तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 पर संपर्क करें।

**पयागपुर** : सिटी पब्लिक स्कूल रायडीह में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे ने बच्चों को सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान यज्ञराम सिंह, दिलीप सिंह सहित विद्यालय कर्मचारी और अभिभावक गण मौजूद रहे।

**हुजूरपुर** : ज्ञान विद्यामंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साइबर जागरूकता अभियान के क्रम में बरती जाने वाली सावधानियों व हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-03-2023

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक पकड़ा गया

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह की ओर से जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सिरसिया योगेन्द्र कुमार राय मय हमराह क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे। सूचना पर एक व्यक्ति को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ जुड़पनिया मोड़ पर पकड़ा।

# पुलिस ने बैंकों की चेकिंग कर जांची सुरक्षा

श्रावस्ती। पुलिस विभाग की ओर से बुधवार को बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिले की पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित बैंक, ग्रहक सेवा केंद्र व एटीएम के सुरक्षा का जायजा लिया। बैंकों में सुरक्षा के दृष्टि गत लगे सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यन्त्र, आपातकाल में बैंक से निकलने के लिए पर्याप्त मार्ग आदि का गहन निरीक्षण किया।

# पुलिस ने गश्त कर लिया सुरक्षा का जायजा

श्रावस्ती। अपराध व अराजकों से निपटने के लिए पुलिस लगातर रूटीन गश्त कर सुरक्षा का जायजा ले रही है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी क्षेत्राधिकारी, थाना व चौकी प्रभारियों ने क्षेत्र में पैदल गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस ने सुरक्षा का जायजा लिया।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों को दी गई विदाई

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को फूल माला, स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। एसपी ने सभी कर्मियों के दीर्घायु की कामना की।

पुलिस विभाग में तैनात उप निरीक्षक उमाकांत शर्मा, उप निरीक्षक इंदल प्रसाद, उपनिरीक्षक योगेन्द्र आजाद सेवानिवृत्त हो गए। इस पर एसपी की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे की ओर से सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके साथ ही प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक, प्रधान लिपिक, प्रभारी आंकिक शाखा, पेशकार पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से सेवा निवृत्त पुलिस कर्मचारियों का माल्यार्पण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी सेवानिवृत्त कर्मी मेहनती रहे हैं। इनकी सेवाएं और उपलब्धियां प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए दीर्घायु होने की कामना की।



सेवानिवृत्त कर्मियों का फूल माला से स्वागत करतीं एसपी प्राची सिंह

## पुलिस लाइन में हुआ परेड का आयोजन

श्रावस्ती। पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में परेड का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव की ओर से परेड का किया गया निरीक्षण किया गया। साथ ही शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेडों को दौड़ लगवाई गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, सीपीसी कैंटीन, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, डीसीआर मालखाना स्टोर का निरीक्षण किया।

# बिना अनुमति नहीं निकलेगा जुलूस

**श्रावस्ती।** होली व शबे-ए-बरात को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्रीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि त्योहार पर बिना अनुमति कोई भी जुलूस नही निकलेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि होलिका दहन स्थलों की जांच की जाए जिससे कोई विवाद न हो। उन्होंने त्योहार पर निर्बाध रूप जलापूर्ति के निर्देश भी दिए। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि डीजे पर अश्लील गीत प्रतिबंधित रहेंगे। इस दौरान एडीएम डीपी सिंह, एएसपी प्रवीण कुमार यादव आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# कच्ची शराब के साथ दबोचा

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने मंगलवार रात जुड़ पनिया मोड़ के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर बीस लीटर कच्ची शराब बरामद की। उसकी पहचान ग्राम गुलरा फटवा निवासी राजकुमार वर्मा के रूप में हुई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत उस पर कार्रवाई की है। (संवाद)

# शांतिभंग के आरोप में सात गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने मंगलवार रात अभियान चलाकर सात लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया। (संवाद)

# कोई नई परम्परा न कायम करें: डीएम

**श्रावस्ती, संवाददाता।** रंगों का त्योहार होली एवं शब ए-बरात त्योहार को शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराये जाने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में केन्द्रीय शान्ति समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मौजूद सभी नागरिकों से अपील की कि शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं। कोई नई परम्परा कायम न करें।

जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कहा कि त्योहार पर साफ सफाई, विद्युत एवं पानी आदि के बन्दोबस्त कराये जायेंगे। वहीं अमन-चैन से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी लोगों से अपेक्षा किया है कि त्योहार के अवसर पर कोई ऐसा कार्य न करे जिससे किसी दूसरे व्यक्ति की भावनाएं आहत हो। जिले में बिना अनुमति के कोई भी जुलूस नही निकलेगा, , शराब का सेवन आदि पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। यदि कोई भी व्यक्ति जो बिना अनुमति के जुलुस निकालते या सार्वजनिक स्थलों पर मदिरा पान करते पाया गया तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नियम उल्लंघन पर वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग चेकपोस्टों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया। इस दौरान पुलिस ने वाहन के पेपर, हेलमेट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान सात वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले 35 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया गया।